दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 22 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

अब मारा तो मारा अब मार के देख कहने वाले पाकिस्तान को भारत जब मारेगा तब मारेगा फिलहाल तो पाकिस्तान डर से थर-थर कांप रहा है। इसे ही कहते हैं मारना कम और घसीटना ज्यादा। पाकिस्तानी सेना ने संभावित जंग से निपटने की तैयारी में करोड़ों फूंक कर गरीबी में गीला आटा वाली कहावत चरितार्थ कर डाली है। कहीं ऐसा न हो की जंग शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान कंगाल हो जाये। पाकिस्तान का मौजूदा सूरत-ए-हाल यह है कि हुक्मरान रातभर जाग रहे हैं और उनके परिजन देश छोड़कर भाग रहे हैं। ये डर अच्छा है।

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, गिरे पेड़, होर्डिंग्स

- 50-60 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवा
- 5 संभाग में यलो अलर्ट
- 4 मई तक आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। देर शाम राजधानी रायपुर, दुर्ग भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा, महासमुंद, कोरबा सहित प्रदेश के कई जिलों में देर शाम होते ही अचानक तेज धूल भरी आंधी चली। वहीं राजधानी रायपुर में करीब 50-60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चली जिससे कई क्षेत्रों में पेड़ और होर्डिंग्स गिर गए जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

तेज आंधी तूफान के बाद हल्की मध्यम बारिश भी हुई। आंधी-बारिश के कारण प्रदेश में दिन का तापमान 5 से 10 डिग्री तक गिरा है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के 5 संभागों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है वहीं आने वाले कुछ दिनों में तेज बारिश, अंधड़ और ओले गिरने की भी संभावना जताई जा रही है।

बुधवार को कबीरधाम जिले में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आने और पश्चिम विक्षोभ, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी

नौसेना ने अरब सागर में तेज किया अभ्यास

नई दिल्ली(ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के लिए भारत ने तैयारी तेज कर दी है। आतंक के पनाहगार पाकिस्तान की हरकतों को रोकने और आतंक को नेस्तनाबूद करने के लिए तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। भारतीय नौसेना अरब सागर में अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अभ्यास तेज कर दिया है। रक्षा विभाग की मानें तो नौसेना ने अपने युद्धपोतों को सतर्क रखा है। हाल के दिनों में अरब सागर में कई जहाज-रोधी और विमान-रोधी फायरिंग की गई है। भारतीय तटरक्षक जहाज भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम क्षेत्रों में तैनात हैं। गुजरात तट से सटी समुद्री सीमा पर कड़ी निगरानी हो रही है। भारतीय नौसेना पूरे क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। पूरा देश इस इंतजार में है कि कब और कैसे भारत आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को करारा जवाब देगा। इस बीच भारत की तीनों सेनाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि वह किसी भी परिस्थिति में और किसी भी दुश्मन को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। कई दिनों से सेनाएं अपना शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएनएस विक्रांत अरब सागर में तैनात

भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात किया था। यह भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है। तैनाती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी।इससे पहले भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था। इसमें लिखा गया, एकता में शक्ति, उद्देश्यपूर्ण उपस्थिति। नौसेना ने पोस्ट के साथ कई हैशटैग भी लगाए थे।

सैनिकों का मनोबल मत तोड़ो : सुको

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमला मामले की सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। पहलगाम हमले की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग की स्थापना की मांग की गई। इसके अलावा, केंद्र, जम्मू-कश्मीर, सीआरपीएफ एनआईए को जम्मू-कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश देने को भी कहा गया। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी याचिका पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने किया वेव्स का उद्घाटन

- भारत में और दुनिया के लिए सृजन का सही समय

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स का उद्घाट्न किया। उन्होंने समिट में जुटे एक हजार से अधिक क्रिएटर्स का उत्साह बढ़ाया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो हर कलाकार, हर क्रिएटर का

उन्होंने कहा, वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने बुलाई बैठक, जातीय जनगणना पर बनेगी रणनीति

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को बैठक होने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बैठक में सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले पर चर्चा होगी। बुधवार को ही केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना कराने का एलान किया है। जातीय जनगणना, जनसंख्या जनगणना के साथ ही होगी। देश की आजादी के बाद पहली बार देश में जातीय जनगणना होगी।

मनी लॉड्रिंग मामलों में कोई कोताही नहीं बरत रही ईडी

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में निदेशक राहुल नवीन ने कहा कि ईडी मामलों में दोषसिद्धि की दर 93.6 प्रतिशत है। अब तक अदालतों द्वारा तय किए गए 47 मामलों में से केवल तीन मामलों में ही आरोपियों को बरी किया गया है। मनी लॉड्रिंग के मामलों में कार्रवाई करने में ईडी कोई कोताही नहीं बरत रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने कहा कि ईडी 1700 से अधिक मनी लॉड्रिंग मामलों की जांच कर रही है। ये सभी मामले मौजूदा समय में सुनवाई की प्रक्रिया में हैं। इनकी सुनवाई में हो रही न्यायिक प्रक्रिया के तहत सामान्य है।

भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को मिली राहत

नई दिल्ली (ए.)। भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने ऐसे लोगों को अगले आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय के इस आदेश में पिछले निर्देश को संशोधित किया गया है। उसमें 30 अप्रैल तक की समयसीमा तय की गई थी। नवीनतम आदेश में कहा गया, आदेश की समीक्षा की गई और आंशिक संशोधन के साथ अब यह आदेश दिया जाता है कि पाकिस्तानी नागरिकों को उचित मंजूरी के साथ अगले आदेश तक अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी से भारत से पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जा सकती है।

कार्नी और जेलेंस्की जी7 शिखर सम्मेलन में करेंगे मुलाकात

ओटावा (वार्ता)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने बुधवार को जून में कनाडा के कनानसकीस, अल्बर्टा में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में एक-दूसरे से मुलाकात करने पर सहमति जताई।

बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने सरकार प्रतिबद्ध : साय

बीजापुर / नव प्रदेश। प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें सुकमा, बीजापुर, कांकेर समेत बस्तर संभाग के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ित शामिल थे, ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुँचाने की अपील की गई। पीड़ितों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आतंकवाद का खात्मा जरुरी : ओवैसी

हैदराबाद(ए.)। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे । अगर आप (केंद्र सरकार) इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहे हैं, तो घर में घुस कर बैठ जाना। जैसा कि पत्रकार कह रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना चौकी छोड़कर या खाली कर के भाग गई है तो हमें वहां बैठ जाना चाहिए। भारतीय संसद का संकल्प है कि पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल सरकार से कह रहे हैं कि आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। ओवैसी ने कहा, जाति जनगणना होनी चाहिए, ताकि पता चल सके कि कौन सी जाति विकसित है और कौन सी जाति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टूटा रिकॉर्ड : अप्रैल में अब तक 2.37 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

- 2017 के बाद से पहली बार जीएसटी कलेक्शन में आई उछाल

नई दिल्ली(ए.)। नए महीने की शुरुआत के साथ ही देश के लिए अच्छी खबर आई है। अप्रैल महीने के दौरान जीएसटी कलेक्शन में शानदार बढ़ोतरी हुई है. इस बढ़ोतरी के साथ जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर कलेक्शन साल-दर-साल 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया।

इससे पहले सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2024 में हुआ था, जो 2.10 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि अब ये रिकॉर्ड भी टूट चुका है. मार्च 2025 में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये था. घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया है।

जनवरी से मार्च तक इतना रहा जीएसटी कलेक्शन

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में यह कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ प्रतिशत की ग्रोथ है। फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 9.1प्रतिशत की ग्रोथ रही. वहीं जनवरी में भी 1.96 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन रहा, जो 12.3त की ग्रोथ को दिखाता है। जीएसटी कलेक्शन में हर महीने बढ़ोतरी की बड़ी वजह देश में घरेलू मांग की बढ़ोतरी रही है।

गरमा-गरम

पर्यटन पर मार... गुलमर्ग में सन्नाटे पर बोले कश्मीरी, घाटी से लौटे हजारों पर्यटक

पहलगाम हमले ने सीधे हमारे पेट पर छुरी चलाई...

श्रीनगर/ए.। कश्मीर पर्यटन का केंद्र कहे जाने वाले गुलमर्ग में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पहलगाम में हुए आतंकी हमले की खबर सामने आई। आमतौर पर पर्यटकों से खचाखच भरा रहने वाला गुलमर्ग अचानक वीरान हो गया। जैसे ही हमले की सूचना फैली, हजारों पर्यटकों ने अपनी यात्रा रद्द कर घाटी से लौटने का फैसला किया।

दुनियाभर में मशहूर गुलमर्ग गोंडोला, जो पर्यटकों को अफरवाट की ऊंचाई तक ले जाती है, पूरी तरह सूनी पड़ी है। यही गोंडोला, जहां सुबह 3 बजे से टिकट के लिए लंबी कतारें लगा करती थीं, अब खाली नजर आ रही है। हालांकि, कुछ पर्यटक अब भी सुरक्षा व्यवस्थाओं और स्थानीय लोगों की मेहमाननवाज़ी पर भरोसा जताते हुए गुलमर्ग में रुके हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश में भी पड़ा पर्यटन पर असर : सिर्फकश्मीर ही नहीं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से हिमाचल प्रदेश में ट्रैवल एजेंटों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है। शिमला में एंटेलोप टूर्स एंड ट्रैवल्स में काम करने वाले ऋषभ ठाकुर बताते हैं, 'पहलगाम में हुए हमले से हिमाचल प्रदेश में भी कारोबार प्रभावित हुआ है। कश्मीर के लिए तो 80-90 प्रतिशत बुकिंग रद्द हो गई हैं।' उन्होंने न्यूज एजेंसी को बताया, 'पिछले दो साल में कश्मीर में पर्यटन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पर्यटन के लिए सबसे बुरा वक्त

गुलमर्ग पर्यटन के 45 साल पुराने अनुभवी गाइड और पोनीवाला इरशाद खटाना ने आजतक से बात करते हुए कहा, 'हमने अच्छा वक्त भी देखा, बुरा वक्त भी देखा लेकिन इस हमले ने सीधी छुरी हमारे पेट पर चलाई है।' पिछले कुछ दिनों में केंद्र शासित प्रदेश के लिए 80-90 प्रतिशत बुकिंग रद्द हो गई हैं।

योग गुरु रामदेव को दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली/ए.। रूह अफ्ज़ा और हमदर्द के खिलाफ फिर से बयान देने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव को फटकार लगाई। इसके साथ ही कोर्ट ने विवादित बयान वाले वीडियो के हिस्से को 24 घंटे में सभी सोशल और मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, हमदर्द के रूह अफ्ज़ा के खिलाफअपने विवादास्पद शरबत जिहाद वाले बयान को दोहराते हुए एक नया वीडियो जारी किया, जबकि पहले ही कोर्ट ने ऐसे बयानों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे।

कोर्ट ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। कोर्ट उन्हें प्रथम दृष्टया अपने पिछले आदेश की अवमानना ??करते हुए पाया। रामदेव के वकील ने कहा कि बाबा रामदेव ने अदालत के निर्देशानुसार 24 घंटे के भीतर सोशल मीडिया सहित सभी सार्वजनिक प्लेटफर्मों से वीडियो के विवादास्पद हिस्से को हटाने पर सहमति जताई है।

यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले पहले सीएम बने धामी, तीर्थपुरोहित उत्साहित...ऐसा रहा है इतिहास

बड़कोट(उत्तरकाशी)। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले मुख्यमंत्री हैं जो यमुनोत्री धाम पहुंचे हैं। इससे पूर्व अविभाजित उत्तर प्रदेश के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह यमुनोत्री धाम आए थे। मुख्यमंत्री के पहली बार धाम पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने कहा कि अब उनके आने से स्थितियों में सुधार आएगा।

यमुनोत्री धाम की विषम भौगोलिक परिस्थिति और कई बार सुरक्षा कारणों की वजह से अब तक कोई भी मुख्यमंत्री धाम नहीं पहुंच पाए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी पहले मुख्यमंत्री हैं जो मां यमुना मंदिर के कपाट खुलने के समय पर धाम पहुंचे हैं। सीएम के पहली बार धाम में पहुंचने पर तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने खुशी व्यक्त की। पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने बताया कि इससे पहले अविभाजित उत्तर प्रदेश 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह तब हनुमान चट्टी से यमुनोत्री धाम विषम परिस्थितियों में 13 किमी पैदल मार्ग से पहुंचे थे। वह उस समय चकबंदी के प्रेरणास्रोत और भाजपा के जनपद में संस्थापक सदस्य स्व. राजेंद्र रावत ने पांच माह से चल रहे आठ सूत्री मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन को समाप्त करवाने पहुंचे थे।

अक्षय तृतीया के अवसर पर गंगोत्री में मां गंगा और यमुनोत्री धाम में मां यमुना के मंदिर के कपाट खुलते ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा और यमुना के दर्शन किए। वहीं दोनों धामों के कपाटोद्घाटन पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली पूजा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर की। मां गंगा की भोग मूर्ति विग्रह डोली में बीते मंगलवार दोपहर को गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई थी। रात्रि विश्राम भैरो घाटी में करने के बाद मां गंगा की डोली बुधवार सुबह अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम पहुंची। उसके बाद विधिविधान से पंचांग के अनुसार पूर्व निर्धारित समय शुभ बेला में सुबह 10.30 बजे श्रद्धालुओं के लिए मां गंगा के मंदिर के कपाट खोल दिए गए। अब छह माह तक मां गंगा के दर्शन गंगोत्री धाम में ही होंगे।

वहीं इस मौके पर पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में पीएम नरेंद्र मोदी के नाम की पहली पूजा की। वहीं दूसरी ओर खरसाली से मां यमुना की डोली सुबह 8.30 बजे यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुई। धाम में मां यमुना के मंदिर के कपाट पूर्वाह्न 11.55 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। दोनों धाम मां गंगा और यमुना के जयकारों से गूंज उठे।

चहुंमुखी विकास की उम्मीद

सीएम का हेलिकॉप्टर यमुनोत्री में गरूड़गंगा के समीप बने हेलिपैड पर उतरा। उसके बाद वे वहां से 500 मीटर पैदल मंदिर तक पहुंचे। पूर्व विधायक केदार सिंह रावत का कहना है कि सीएम धाम की स्थितियों को स्वयं देख के गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि यमुनोत्री धाम की सुरक्षा के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। इससे धाम का चहुंमुखी विकास की उम्मीद है।

अभिव्यक्ति अगर पराकाष्ठा पर चली जाए तो अधिकार विकार बन जाता है : उप राष्ट्रपति

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गुरुवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम जानकीपुरम स्थित एकेटीयू में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र समेत कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। स्वामी चिदानंद सरस्वती भी साथ में रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बक्शी का तालाब स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी रहीं। कार्यक्रम में पहुंचकर उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पुस्तक का विमोचन किया।

राज्यपाल इतनी सरल नहीं हैं... जितनी दिखती हैं

इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आनंदी बेन पटेल नाम ही काफी है। जिस प्रदेश में वह शिक्षक रहीं, मंत्री रहीं और मुख्यमंत्री रहीं। आज उस प्रदेश का स्थापना दिवस है। आज श्रमिक दिवस भी है। इस दिन को उनके जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन रखा गया। यह कितना सोच समझकर किया गया होगा। आनंदी बेन इतनी सरल नहीं हैं, जितनी दिखती हैं। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश है। सीएम योगी को युवा कहा जा सकता है। आज युवा की परिभाषा समझ नहीं आती है। यूपी आठ साल बेमिसाल के लायक है। यहां महाकुंभ सबसे बड़ा आयोजन हुआ। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा लोगों का आना और सफलतम आयोजन होना, सदियों तक याद रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति व वाद-विवाद जरूरी है। अभिव्यक्ति का कोई कोई अर्थ नहीं है। यदि उसमें वाद विवाद नहीं है। लेकिन, यहां भी एक ईको सिस्टम होना चाहिए। क्योंकि अभिव्यक्ति अगर पराकाष्ठा पर चली जाए तो अधिकार विकार बन जाता है। अहम और अहंकार व्यक्ति और संस्था दोनों के लिए घातक है। हमारी सांस्कृतिक विरासत बेमिसाल है। कोई भी चुनौती दे उसे स्वीकार करना चाहिए। हम चुनौतियों से मुंह नहीं मोड़ सकते हैं। उप राष्ट्रपति ने बोलते हुए आगे कहा कि सीएम हो, सांसद या अन्य जनप्रतिनिधि हो। सभी की शपथ संविधान के प्रति होती है। जबकि राज्यपाल, राष्ट्रपति की शपथ इनसे अलग होती है। इस तरह के गरिमापूर्ण पदों पर टिप्पणी करना चिंतनीय है।

भारत के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे यूपी में

सीएम उत्तम प्रदेश के सारथी हैं। आपका भी आकलन आसान नहीं है। आठ साल में यूपी को बिना टैक्स के ही 12 लाख करोड़ से 30 लाख करोड़ तक ले गए। यह हर अर्थशास्त्री के लिए अचंभा है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। भारत के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे यहां है। आपके यहां छह शहरों में मेट्रो है।

कानून व्यवस्था के लिए सीएम योगी ने बहुत काम किया : अनार पटेल

इस मौके पर राज्यपाल की बेटी अनार बेन पटेल ने कहा कि कार्यक्रम के तय होते की उप राष्ट्रपति का नाम आया। मां ने हमेशा आपको एक भाई की तरह देखा है। उप राष्ट्रपति भवन में परिवार की तरह प्यार मिला। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बहुत काम किया है। पहले शाम 7 बजे के बाद निकल नहीं सकते थे। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के सपने को आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही चिदानंद सरस्वती भी आशीर्वाद देने यहां आए हैं। सतीश महाना ने विधान सभा में काफी बदलाव किया है।

अपनों से मिली चुनौती सबसे खतरनाक होती है

उन्होंने पहलगाम की घटना को भी एक चुनौती बताया। कहा कि पीएम के नेतृत्व में हम सुरक्षित हैं। हम एक देश के रूप में उनके साथ खड़े हैं। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है। इससे दूर नहीं रह सकते। यही कारण है कि दुनिया आज हमारी तरफदेख रही है। चुनौतियों को अवसर में बदलने की हमारे पास क्षमता है। सबसे खतरनाक चुनौती वह है जो अपनों से मिलती है। किंतु हम उसकी चर्चा भी नहीं कर सकते हैं।

मतदाता सूची को सटीक और वोटिंग प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके। बता दें कि ये फैसले मार्च 2025 में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में लिए गए, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी मौजूद थे। चुनाव आयोग की ओर से किए गए तीन अहम एलान में सबसे पहली घोषणा मृत्यु पंजीकरण का डेटा से संबंधित मामले में किया गया है। इसके तहत अब चुनाव आयोग को पंजीयक जनरल ऑफ इंडिया से मृत लोगों का रिकॉर्ड सीधे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मृतकों के नाम समय पर मतदाता सूची से हटाए जाएं। इसके बाद बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) फील्ड में जाकर जानकारी की दोबारा जांच कर सकेंगे, बिना किसी औपचारिक शिकायत के। वहीं बात अब अगर दूसरे एलान की करें तो अब मतदाता स्लिप को और मतदाता के अनुकूल बनाया जाएगा। वोटर की सीरियल नंबर और पार्ट नंबर अब बड़े फॉन्ट में दिखेगा, जिससे मतदाताओं को अपना पोलिंग स्टेशन पहचानना आसान होगा और चुनाव अधिकारी भी जल्दी से नाम ढूंढ़ सकेंगे।

विशाखापत्तनम में 28 वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस का होगा आयोजन

नई दिल्ली। देश की 28वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) अब 9 और 10 जून को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगी। पहले इसे गलती से 9-10 मई बताया गया था, लेकिन अब सरकार ने तारीख साफ कर दी है। दो दिन चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस का थीम – 'विकसित भारतः सिविल सेवा और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' होगा। इसमें कुल छह मुख्य सत्र और छह छोटे समूह सत्र होंगे। यह आयोजन केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की तरफ से आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मकसद नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाना है ताकि वे मिलकर चर्चा कर सकें और ऐसे सुझाव दे सकें, जिनसे सरकार की सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। केंद्र सरकार का लक्ष्य है 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और यह सम्मेलन उसी दिशा में एक और कदम माना जा रहा है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स (एनएईजी) 2025 भी वितरित किए जाएंगे। इन पुरस्कारों को केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू करेंगे। वे एक सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे।

न्यूज गैलरी

अजमेर के होटल में लगी आग में 4 की मौत

अजमेर। अजमेर के डिग्गी बाजार इलाके में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां स्थित नाज होटल में सुबह करीब 8 बजे भीषण आग लग गई। होटल में ठहरे जायरीन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक लपटें पूरी इमारत को निगल चुकी थीं। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। चीख-पुकार, जान बचाने की जद्दोजहद और हर तरफ मची अफरा-तफरी में लोगों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदने की कोशिशें भी कीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एसी फटने के बाद लगी आग थोड़ी ही देर में ऊपर की मंजिलों तक जा पहुंची। इसी बीच आग में फंसी एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं दिखने पर अपने डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया। हालांकि नीचे खड़े लोगों ने किसी तरह बच्चे को पकड़ लिया, जिससे उसकी जान बच गई लेकिन वह मामूली तौर पर झुलस गया। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। घायलों को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। तंग गलियों में स्थित इस पांच मंजिला होटल तक दमकल की गाड़ियां भी समय पर नहीं पहुंच पाई और आधे घंटे की देरी से पहुंचीं। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी भी धुएं और गर्मी की वजह से बेहोश हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। इस हादसे ने एक बार फिर होटल सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि नाज होटल में न तो पर्याप्त अग्निशमन यंत्र थे, न ही कोई इमरजेंसी प्लान।

धूप-गर्मी के साथ आएगी आंधी-बारिश

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी और तेज धूप का दौर जारी हैं। कई जगह लू की स्थिति देखने को भी मिल रही है, लेकिन अब लोगों को इससे थोड़ी राहत मिलने जा रही है। मौसम में बदलाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे लोगों को गर्मी और लू से राहत मिलेगी। हालांकि, इस दौरान भीषण गर्मी भी लोगों को परेशान करेगी। मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों ने मई के पहले सप्ताह में पूरे देश में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने की संभावना व्यक्त की है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में आंधी और बारिश का अनुमान जताया गया है, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों में प्री मानसून के प्रभाव से अगले एक महीने तक हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। दूसरी तरफ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि मई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। हालांकि, बीच-बीच में आंधी-तूफान, बारिश आने से गर्मी पिछले साल के भीषण स्तर तक नहीं पहुंचेगी। इस दौरान देश के कुछ राज्यों में हीटवेव चलेगी तो दूसरे राज्यों में तेज बारिश होगी। मार्च से मई के बीच होने वाली प्री-मानसून बारिश का सीधा असर जून में आने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून पर पड़ता है। अगर पहले भारी या जल्दी बारिश हो जाए तो यह मिट्टी की नमी बढ़ाती है और बाद में मानसून की बारिश को और मजबूत बनाती है।

'मजबूत महाराष्ट्र की ओर बढ़ते कदम', राज्यपाल ने प्रगतिशील राज्य बनाने पर दिया जोर

मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 65वें महाराष्ट्र दिवस के मौके पर प्रगतिशील महाराष्ट्र बनाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक समावेशी, प्रगतिशील और विकसित महाराष्ट्र बनाने के लिए सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। बता दें कि राज्यपाल राधाकृष्णन मुंबई में महाराष्ट्र दिवस पर आयोजित एक समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इस समारोह की शुरुआत की और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी मौजूद थे।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य के सभी वर्गों को लेकर एक आधुनिक, मजबूत और आगे बढ़ता हुआ महाराष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं सभी से अपील करता हूं कि हम सब मिलकर इस लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मुंबई में 'महाराष्ट्र राज्य सांस्कृतिक भवन' और एक म्यूजियम बनाने जा रही है। साथ ही, महाराष्ट्र के समुद्री किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

पानीपत में बनाया जाएगा 'मराठा शौर्य स्मारक'

राज्यपाल ने आगे कहा कि हरियाणा के पानीपत में 'मराठा शौर्य स्मारक' बनाया जाएगा और आगरा में भी एक स्मारक बनेगा जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को एक समय नजरबंद किया गया था। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर रही है।

नैनीताल में अचानक सांप्रदायिक तनाव

नैनीताल। सामान्य तौर पर शांत रहने वाले नैनीताल शहर में बुधवार को अचानक सांप्रदायिक तनाव हो गया। रात करीब साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक सड़कों पर तांडव होता रहा। उस्मान नाम के बुजुर्ग ठेकेदार पर एक बालिका से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया तो सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। लोगों की भीड़ मल्लीताल की सड़कों पर इकट्ठी हो गई। इसके बाद हिंदू संगठनों ने मुस्लिम समाज के लोगों की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। शहर का माहौल खराब होने पर पूरा बाजार बंद हो गया। सांप्रदायिक तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

27 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई में आगे आए पिछड़ा : अखिलेश पटेल

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हाल ही में अपना दल (एस) द्वारा प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को फिर से दोहराया गया। बैठक में उपस्थित अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव (युवा मंच) डॉ. अखिलेश पटेल ने प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि ओबीसी के हक को अनदेखा करना सामाजिक समरसता के लिए ठीक नहीं होगा। डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि अपना दल (एस) इस मुद्दे को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में तब तक उठता रहेगा जब तक इस मांग को पूरा नहीं किया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में अपना दल (एस) के माध्यम से ओबीसी समुदाय अपने अधिकारों की लड़ाई में अब और मजबूती से सामने आ रहा है। डॉ. पटेल ने ओबीसी वर्ग के हक को अनसुना किए जाने को चिंता व चिंतन का विषय बताते हुए प्रदेश की उन तमाम सरकारों पर सवाल उठाए, जिन्होंने पिछले 70 वर्षों में ओबीसी आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि ÷एमपी के गठन के बाद से विभिन्न सरकारें सत्ता में आईं, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण का यह महत्वपूर्ण मुद्दा हमेशा हाशिए पर रहा।÷ डॉ. पटेल ने जोर देकर कहा कि यह न केवल चिंता का विषय है, बल्कि गहन चिंतन की भी आवश्यकता है।

सामाजिक जिम्मेदारी ...

उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों में अवसरों का लाभ उठाने लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाने की कवायद

कश्मीर सहित देश के 19 राज्यों में 75 एकलव्य मॉडल स्कूलों में बीपीसीएल खोलेगा अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं...

जनजातीय कार्य मंत्रालय और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड इसरो के तकनीकी मार्गदर्शन में ईएमआर स्कूलों में 75 अंतरिक्ष प्रयोगशालाएँ स्थापित करेंगे

नई दिल्ली। भारत सरकार का जनजातीय कार्य मंत्रालय एसटी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए ईएमआरएस की स्थापना करता है, जिससे उन्हें उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों में अवसरों का लाभ उठाने और विभिन्न क्षेत्रों में लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। ईएमआरएस उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के अलावा उनके पोषण और समग्र स्वास्थ्य और विकास का भी ध्यान रखता है। आज की तारीख में देश भर में 470 ईएमआरएस कार्यरत हैं। बीपीसीएल ने घोषणा की है कि वह अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय को उसकी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत सहायता प्रदान करेगा तथा इसके लिए लगभग 12 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस पहल के माध्यम से, मंत्रालय अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में आदिवासी युवाओं के लिए शैक्षिक अंतराल को पाटने और नए रास्ते खोलने का प्रयास करता है। कम उम्र में अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान करके, मंत्रालय का उद्देश्य आदिवासी समुदायों से भविष्य के वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों को तैयार करने की नींव रखना है। यह परियोजना आदिवासी छात्रों को भारत की वैज्ञानिक उन्नति में मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समाज के सभी वर्गों के लिए समान और समावेशी शैक्षिक अवसर बनाने के लिए एनईपी 2 020 ढांचे के तहत सरकार के व्यापक प्रयासों को दर्शाता है।

ये प्रयोगशालाएं भारत के 19 राज्यों के ईएमआरएस में स्थापित की जानी हैं जिनमें ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात महाराष्ट्र, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर आदि शामिल हैं।

इस पहल को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरिक्ष ट्यूटर एजेंसियों द्वारा तकनीकी रूप से समर्थन दिया जाएगा। ऐसी प्रत्येक प्रयोगशाला में निम्नलिखित घटकों सहित उन्नत वैज्ञानिक उपकरण होंगे:

- **एलवीएम3 लॉन्च व्हीकल और ईओ सैटेलाइट डेमो मॉडल, डब सिस्टम की सभी जानकारियों के साथ**
- **स्टैटिक मॉडल लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी, एचआरएलवी, आईआरएनएसएस, जीसैट)**
- **सौर मंडल, चंद्र ग्रहण, चंद्रमा के चरण, दिन और रात, 4 मौसम, ग्लोब और समय संकेतक के टेबल टॉप डेमो मॉडल**
- **स्टार ट्रैकर टेलीस्कोप 150/750 मिमी और कैनसैट वर्किंग मॉडल**
- **अंतरिक्ष, विज्ञान और गणित शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) किट**
- **इसरो अंतरिक्ष पुस्तक और समयरेखा प्रदर्शनी**

आईटीएमएस में नए साफ्टवेयर अपलोड, चालान की सभी प्रक्रियाएं हुई ऑनलाइन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर चालान शुल्क जमा की प्रक्रिया हुई और सरल

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कर कड़ी, सघन एवं कठोर तरीके से कार्यवाही की जा रही है साथ ही आम नागरिकों को वाहन चालन के दौरान किसी भी तरीके का यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने हेतु सख्त हिदायत दिए जाने के साथ साथ अपील भी की जा रही है।



शहर के प्रमुख चौक चौराहे और मार्गो में लगे इंटीग्रेटेड ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम (आई टी एम एस) के तहत लगभग 550 से अधिक कैमरों के द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऑनलाइन तरीके से मॉनिटरिंग की जा रही है जिसके द्वारा उल्लंघन कर्ताओं को ट्रैकिंग करते हुए ऑनलाइन चालान को एसएमएस के माध्यम से वाहन चालन उल्लंघन कर्ताओं के मोबाइल में सेंड किया जाता है। त्वरित शाफ्ट कॉपी की चालान को पोस्ट ऑफिस डिपार्टमेंट में आई टी एम एस के माध्यम से ऑटोमेटिक भेज दी जाती है जहां से उल्लंघन कर्ता के मुख्य पते पर हार्ड कॉपी के रूप में चालान उसके घर भेज दी जाती है। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत सात दिवस के अंदर उक्त चालान की राशि ऑनलाइन माध्यम से जमा नहीं किए जाने पर उक्त चालान की कॉपी निर्धारित समयावधि में माननीय न्यायालय स्वत ऑनलाइन माध्यम से चली जाती है इसके पश्चात माननीय न्यायालय के द्वारा समन जारी करते हुए संबंधित वाहन चालक का माननीय न्यायालय में उक्त यातायात नियमों की उल्लघन पर सुनवाई नियमित चलती है।

नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर कैमरा से बचने की कोशिश

वाहन चालन के दौरान कई वाहन चालकों के द्वारा बहुत ही चालाकी, चतुराई एवं शातिर ढंग से नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ कर नंबर प्लेट में स्टीकर, मैग्नेट, कागज आदि चिपकाकर नंबर प्लेट को न सिर्फ छुपाया जाता है अपितु कई बार नंबर प्लेट को उल्टा करके या घुमाकर आई टी एम एस के कैमरा से बचने का भी प्रयास किया जाता है जो की घोर लापरवाही और उल्लंघन की श्रेणी में आता है ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध न सिर्फ यातायात नियमों की उल्लंघन के तहत कार्रवाई की जा रही है अपितु कई वाहनों में यह भी देखने में आया है कि वाहन चालक के नाम पर उक्त वाहन नहीं होता है और वाहन के नंबर पर आधारित नंबर पर उक्त वाहन का चेचिस नंबर मैच नहीं होता जो की अपराधिक प्रकरण की श्रेणी में भी आता है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध जिला बिलासपुर में कई बार अपराधिक प्रकरण भी पंजीबद्ध की गई है जिसमें ऐसे वाहन चालकों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजते हुए वहाँ से जेल दाखिल कराई गई है।

यातायात को सरल बनाने प्रयास

जिले में यातायात को सरल सुगम सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए जाने हेतु नियमित रूप से वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर लगातार बेहतर मैनेजमेंट करने का प्रयास किया जा रहा है इस हेतु यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा शहर के अंदर पांच पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है जो 24गुणा7 निरंतर शहर में भ्रमण करते हुए यातायात को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाए रखने में निरंतर कार्य करते रहती है।

न्यूज गैलरी

बिलासपुर पुलिस का छग सराफा एसो. ने जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय ठग/चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है और 140 ग्राम सोने के जेवर सहित तीन किलो चांदी के जेवर बरामद किया है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई पर छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने एसोसिएशन की ओर से आईजी डॉ. संजीव शुक्ला, एसएसपी रजनेश सिंह सहित पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है और आगे भी ऐसी ही त्वरित और कठोर कार्रवाई की उम्मीद की है। बीते बुधवार को पुलिस ने बिलासपुर-रायपुर और राजनांदगांव के ज्वेलरी दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह को महज 48 घंटे के भीतर कार्रवाई किया। जिस पर प्रदेश के सोने-चांदी के व्यापारी बहुत खुश हैं और पुलिस की इस तरह की त्वरित कार्रवाई भविष्य में भी किए जाने की उम्मीद रखे हैं।

एसईसीएल मुख्यालय में खनिक दिवस सोल्लासपूर्ण मनाया गया

श्रमिक साथियों की कर्तव्यनिष्ठा हमारी प्रगति के मूल में है: सीएमडी दुहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित आडिटोरियम में खनिक दिवस का आयोजन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (एसईकेएमसी), वी. एम. मनोहर (सीटू) एके पाण्डेय (सीएमओएआई) के विशिष्ट आतिथ्य, एसईसीएल सुरक्षा समिति के सर्वश्री आनंद मिश्रा (बीएमएस), बी. धर्माराव (एटक), (एचएमएस), संजय सिंह जीएस प्रसाद (सीएमओएआई), सिस्टा अध्यक्ष एआर सिदार, सिस्टा महासचिव आर.पी. खाण्डे, ओबीसी एसोसिएशन अध्यक्ष अनिरूद्ध कुमार चन्द्रा, ओबीसी एसोसिएशन महासचिव मंगला सिंह यादव, श्रद्धा महिला मण्डल उपाध्यक्षागण श्रीमती इप्सिता दास, हसीना कुमारी, विनीता जैन एवं अन्य सदस्याओं, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधकों/महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया । प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया उपरांत मुख्य अतिथि तथा मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके पश्चात कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया एवं शहीद श्रमवीरों के सम्मान में समस्त उपस्थितों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया ।

श्रमवीर पुरस्कृत हुए

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), सुजीत कुमार सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपालनारायण सिंह (एसईकेएमसी), वी. एम. मनोहर (सीटू), एके पाण्डेय (सीएमओएआई) के करकमलों से निम्न को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

■ जिले में 5वीं का परिणाम 88.97 प्रतिशत और 8वीं का 78.79 प्रतिशत रहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं के वार्षिक केंद्रीयकृत परीक्षा परिणाम वर्ष 2025 का ऐलान 1 मई को सुबह 11 बजे किया गया। कक्षा 5वीं में जिले के 26028 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 23157 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 20909, द्वितीय श्रेणी में 2125 और तृतीय श्रेणी में 123 छात्र रहे। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 88.97 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वीं में 30500 परीक्षार्थियों में से 23677 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इनमें प्रथम श्रेणी में 17825, द्वितीय श्रेणी में 5478 तथा तृतीय श्रेणी में 374 छात्र शामिल हैं। इस वर्ग का कुल परिणाम 78.79 प्रतिशत रहा। परिणाम की घोषणा कलेक्ट्रेट परिसर में की गई, जहां जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार, डीईओ आनंद जायसवाल समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। छात्र बिलासपुर जिले का परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं। कलेक्टर बिलासपुर ने कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग व मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे आगे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

सुशासन तिहार में दो किसानों को दिया गया सिंचाई पंप

■ फसल बचाने के साथ सब्जी भी उगा पाएंगे किसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में किसानों को पेट्रोल चलित सिंचाई पंप प्रदान किया गया,सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदन का कृषि विभाग द्वारा त्वरित निराकरण करते हुए किसानों को त्वरित रूप से सिंचाई पंप उपलब्ध कराया गया। पंप मिलने से गरीब किसानों में खुशी की लहर है, इससे उन्हें अब कृषि कार्य में आसानी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। ग्राम सुकुलकारी, विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत ग्राम पताईडीह के सीमांत किसान चंदाराम जांगड़े और टकेश्वर केंवट ने सुशासन तिहार में बीज निगम द्वारा संचालित चौंप्स योजना के तहत पेट्रोल चलित सिंचाई पंप की मांग की थी, गरीब किसानों की मांग को त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को पेट्रोल चलित सिंचाई पंप अनुदान में प्रदान किया गया। किसान चंदाराम जांगड़े ने बताया कि वे एक छोटे किसान है और डेढ़ एकड़ में खेती करते हैं लंबे समय से सिंचाई पंप की आवश्यकता थी,लेकिन आर्थिक तंगी के कारण खरीद पाना उनके लिए मुश्किल था। साथ ही योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण भी वे सिंचाई पंप के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे थे, सुशासन तिहार में उन्होंने अपने गांव की पेटी में इस संबंध में आवेदन किया ,और कृषि विभाग द्वारा त्वरित रूप से उनसे संपर्क कर अनुदान के तहत प्राप्त होने वाले सिंचाई पंप की आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई गई।

कम कीमत पर मिली पंप

ग्राम पताईडीह के किसान टकेश्वर केंवट ने बताया कि उनकी खेती एक एकड़ से भी कम है, सिंचाई पंप खरीदने की इच्छा लंबे समय से थी लेकिन गरीबी के कारण ये संभव नहीं हो पा रहा था सरकार की मदद से उन्हें बेहद कम दर पर सिंचाई पंप उपलब्ध कराया गया है। 25000 का पंप उन्हें आधे दाम दिया गया। अब सिंचाई पंप मिलने से वे अपना कृषि कार्य और बेहतर तरीके से कर पाएंगे, अपने छोटे से खेत में वे अब धान के साथ अन्य सीजन में सब्जियां भी उगा सकेंगे, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। पम्प मिलने से उन्हें सिंचाई में काफी सुविधा होगी साथ ही उपज भी बढ़ेगी। किसानों ने त्वरित रूप से मांग पूरी किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है।

जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सनातन दशनाम गोस्वामी समाज ज़िला बिलासपुर द्वारा जगतगुरु भगवान आध जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव 2 मई को बिलासपुर के राम मंदिर, भगवान गुरु दत्तात्रेय मंदिर तिलक नगर में ज़िला दशनाम गोस्वामी समाज के पदाधिकारियों नें भगवान जगत गुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, सचिव उमेश गिरी गोस्वामी, राजकुमार गोस्वामी शामिल होंगे।

बिजली वितरण कंपनी के 8180 कर्मियों को मिलेगा सामूहिक दुर्घटना बीमा का लाभ

■ 30 दिन में होगा दावा भुगतान

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की अवधि 1 वर्ष के लिए पुनरीक्षित की गई है। यह योजना कंपनी के नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों, लाइन परिचालक संविदा कर्मी सहित उन सभी पर लागू होगी जो राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत शासित नहीं है। वर्ष 2025-26 के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 8180 अधिकारियों-कर्मचारियों को यह सुविधा दी जा रही है। दावा राशि के भुगतान हेतु 30 दिन की समय सीमा तय की गई है। योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति व्यक्ति का प्रावधान किया गया है। कंपनी द्वारा दुर्घटना की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर दस्तावेजों की प्रतियां औद्योगिक संबंध ,मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) कार्यालयों से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को भेजने हेतु मंडल प्रबंधक, मंडल कार्यालय मैसर्स दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, एलआईसी व्यावसायिक परिसर पंडरी रायपुर छत्तीसगढ़, दूरभाष क्रमांक 95842-91088 में प्रेषित करना होगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है, यानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वार्षिक प्रीमियम राशि,बीमा कंपनी को देय होगी। प्रकरणों के त्वरित निदान हेतु वितरण कंपनी प्रबंधन ने परिपत्र जारी कर निर्देशित किया कि नियमों के परिपालन नहीं करने या विलंब की स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख कनिष्ठ यंत्री/सहायक यंत्री/कार्यपालन यंत्री एवं अनुभाग अधिकारी/संभागीय लेखापाल की जवाबदारी होगी। प्रबंधन ने समस्त कार्यालयों से अपील की है कि वे इस योजना के तहत उक्त दस्तावेज समय पर प्राप्त और भेजने सुनिश्चित करें।

पीएम के जातीय जनगणना का फैसला ऐतिहासिक: कौशिक

कहा - धार्मिक और सामाजिक न्याय के प्रति संकल्पित है मोदी सरकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार द्वारा लिये गये बड़े फैसले का स्वागत करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि आशा की नई किरण लेकर आया है, यह रिजोल्यूशन कंसल्टेंट। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे धार्मिक और सामाजिक न्याय के प्रति संकल्पित नेता हैं। इस ऐतिहासिक फैसले से नीति निर्माण को और अधिक विस्तार एवं लोकतंत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, छत्तीसगढ़ जैसा राज्य, जहां सामाजिक विविधता गहरी है, वहां यह संतुलित सामाजिक संतुलन और न्याय की दिशा में मीलों का पत्थर सिद्ध होगा। श्री कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जातीय जनगणना का फैसला ऐतिहासिक है। समूचा दलित आदिवासी पिछड़ा समाज उनके इस फ़ैसले का स्वागत करता है। दशकों से इसका इंतज़ार था. यह उन नेताओं के लिए भी एक सबक है जो जातीय जनगणना का राग तो बहुत अलापते थे, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने पर उनके दल इस मुद्दे पर कंबल ओढ़कर सो जाते थे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6त्न और एसटी 8.6त्न थी जातीय जनगणना के आधार अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के गणना की जा सकेगी । जाति भारतीय राजनीति की सच्चाई है और जातीय जनगणना इसका इसकी मजबूती, लोकतंत्र इससे और अधिक मज़बूत होगा। ज़मीनी राजनीति के धुरंधर नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ज़मीनी सच्चाई से वाक़िफ़ हैं. उन्होंने अपने इस फ़ैसले से देशवासियों का ह्रदय छू लिया है. उनको ह्रदय से आभार।

खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन, 4 ट्रैक्टर जब्त

बिलासपुर /नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिज अमला द्वारा सिरगिट्टी, सिलपहरी, चकरभाटा, रहँगी, दगोरी, उड़नताल मोहदा एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई तथा बिना वैध अभिवहन पास के खनिज रेत एवं पत्थर का उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर 4 ट्रैक्टर वाहनों को खनिज नियमों के तहत जप्त कर पुलिस थाना बिल्हा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही जारी है।

हाईकोर्ट

अवमानना की नोटिस जारी कर मांगा जवाब

प्राचार्यों के प्रमोशन पर हाईकोर्ट की रोक, स्टे के बाद भी जारी किया पदोन्नति आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने प्राचार्यों के प्रमोशन आदेश पर रोक लगा दी है। पूर्व में हाईकोर्ट ने स्थगन दिया था। लेकिन इसके बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश को दरकिनार करते हुए पदोन्नति दे दी, जिस पर नाराज हाईकोर्ट ने इसे न्यायालय की अवमानना मानते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, इस केस की पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को आश्वस्त किया था कि सुनवाई और कोर्ट के फैसले से पहले प्रमोशन लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। अब मामले की अगली सुनवाई सात मई को तय की गई है।

गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने हाईकोर्ट को बताया कि बीते सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अंडरटेकिंग दिया गया था। लेकिन, राज्य शासन ने अपने ही अंडरटेकिंग का उल्लंघन किया है। प्रमोशन से प्रभावित लेक्चरर व शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्राचार्य पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट में अपने वकीलों के माध्यम से अलग-अलग याचिकाएं दायर की है। सभी याचिकाओं की कोर्ट में अलग-अलग सुनवाई चल रही है। बीती सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सभी याचिकाओं को एक साथ क्लब कर सुनवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि इस तरह की अलग-अलग याचिका पर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस पर चीफ जस्टिस ने सभी याचिकाओं को क्लब करने का निर्देश रजिस्ट्रार जनरल को दिया था। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर सभी याचिकाओं की हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में अब एक साथ सुनवाई होगी। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर अखिलेश त्रिपाठी की याचिका में डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इसी याचिका में प्राचार्य पदोन्नति फोरम द्वारा हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाअधिवक्ता ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी कि भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के विरुद्ध हाईकोर्ट के अन्य बेंच में भी याचिका लंबित है। इस दौरान चीफ जस्टिस की बेंच में प्रमोशन आदेश के खिलाफ नई याचिका भी प्रस्तुत की गई।

एक दिन पहले ही जारी किया था आदेश

बुधवार को ही राज्य शासन ने प्राचार्यों की पदोन्नति सूची जारी की थी। इसमें ई संवर्ग के 1524 एवं टी संवर्ग के 1401 शिक्षकों कुल 2925 शिक्षकों की सूची जारी की गई थी।

सुविचार

जब कोई कील बनकर बार बार चुभने लगे तो हथौड़ा बनकर उसे ठोक देना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। - अज्ञात

जाति जनगणना को केन्द्र की हरी झंडी

केन्द्र में सत्तारूढ़ एनडीए की सरकार ने अचानक ही देश में जाति जनगणना कराने की घोषणा कर सबको चौका दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय केबिनेट की बैठक में जाति जनगणना को सरकार की हरि झंडी मिल गई है। देश की जनगणना कराने के साथ ही जाति जनगणना कराने का ऐलान किया गया है। सरकार की इस घोषणा का कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने स्वागत किया है और अब उनमें इसका श्रेय लेने की होड़ लग गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घोषणा के तत्काल बाद प्रेस कांफ्रेन्स कर मोदी सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने के फैसले की तारीफ की है और कहा है कि सरकार हमें यह भी बताए की जनगणना कब तक होगी। उन्होंने केन्द्र सरकार से यह भी आग्रह किया है कि जनगणना कराने में वह तेलंगाना के मॉडल को अपनाये। राहुल गांधी के मुताबिक जनगणना की रूप रेखा तय करने में कांग्रेस पार्टी सरकार की मदद करेगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से राहुल गांधी जाति जनगणना की मांग जोर शोर से उठाते रहे हैं। लोकसभा में भी उन्होंने सरकार से जाति जनगणना कराने की पुरजोर मांग की थी और कहा था कि यदि मोदी सरकार जाति जनगणना नहीं कराती है तो जब भी केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तब वे जाति जनगणना प्राथमिकता के आधार पर कराएंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष तेजस्वी यादव सहित अन्य विपक्षी नेता भी समय समय पर जाति जनगणना की मांग उठाते रहे हैं। अब चूंकि मोदी सरकार ने इसकी घोषण कर दी है तो विपक्षी दलों में इसका श्रेय लेने की होड़ लग गई है। लालू प्रसाद यादव ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश में सबसे पहले उन्होंने ही जाति जनगणना कराने की मांग की थी वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इस घोषणा को समाजवादियों की जीत करार दिया है। इधर भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है कि आजादी के बाद से सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस केन्द्र की सत्ता में रही है लेकिन उसने कभी भी जाति जनगणना कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। 2010 में विपक्ष की मांग पर तात्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में यह आश्वासन दिया था कि वे जाति जनगणना कराएंगे इसके लिए एक मंत्रिमंडलीय समूह का भी गठन किया गया था। जिसमें शामिल अधिकांश राजनीतिक पार्टियों ने जातीय आधारित जनगणना कराने पर अपनी सहमति दी थी लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जाति जनगणना कराने की जगह सर्वे करा दिया और उसकी भी रिपोर्ट पेश नहीं की गई। कांग्रेस अब तक जातीय जनगणना के नाम पर सिर्फ राजनीति करती रही है। कांग्रेस पार्टी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहरलाल नेहरू से लेकर स्वर्गीय राजीव गांधी की सरकार तक पिछड़ों और दलितों को उनके अधिकार से वंचित करती रही है। बहरहाल एनडीए और आईएनडीआईए के नेताओं के बीच अब जाति जनगणना का श्रेय लुटने की स्पर्धा शुरू हो गई है। दरसअल हमेशा ही चौकाने वाले निर्णय लेने वाली मोदी सरकार ने अचानक ही जातीय जनगणना कराने का फैसला लेकर विपक्ष के हाथों से एक बड़ा मुद्दा छीन लिया है। इस फैसले का तीन माह बाद होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि पहले पहल बिहार में ही नीतिश कुमार की सरकार ने जाति जनगणना कराई थी। नीतीश कुमार जाति जनगणना के प्रबल पक्षधर रहे हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार के इस फैसले का बिहार की राजनीति में निश्चित रूप से प्रभाव पड़ेगा और इसका एनडीए को फायदा मिल सकता है। दो साल बाद होने वाले उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव पर भी इसका असर पड़ना लाजमी है।

अब हाफिज सईद की गीदड़ भभकी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की संभावना बढ़ती जा रही है। यद्यपि अभी तक भारत की ओर से न तो सरकार ने और न ही भारतीय सेना ने पाकिस्तान से जंग की बात कही है। लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान लगातार भारत की ओर से हमला किये जाने की बात कर रहे हैं और भारत को गीदड़ भभकी दे रहे हैं। अब इसमें कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद का भी नाम जुड़ गया है। खुद हाफिज सईद डर के मारे पाकिस्तान में किसी अज्ञात जगह पर छुपा बैठा है और उसके समर्थकों ने पाकिस्तान में रैली निकाली है जिसमें हाफिज सईद की आवाज में टेप चलाया गया है। इसमें हाफिज सईद भारत को गीदड़ भभकी दे रहा है कि यदि भारत ने सिंधु नदी का पानी रोका तो खून की नदियां बहा दी जाएंगी। गौरतलब है कि इसके पहले भी हाफिज सईद भारत के खिलाफ जहर उगलता रहा है लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से वह खामोश बैठा था लेकिन अब उसने फिर से भारत को धमकी दी है। दरअसल पाकिस्तान की सेना के हौसले जंग शुरू होने से पहले ही पस्त हो चुके हैं। वहां बड़ी संख्या में फौजी अफसर और सैनिक अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। पाकिस्तानी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए ही अब पाकिस्तान में लशकर-ए-तैयबा और जैस-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठन पाकिस्तान में रैली करके भारत के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। और हाफिज सईद धमकी दे रहा है ताकि पाकिस्तानी सेना का मनोबल बना रहे।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

वंदे-भारत

विजय कुमार गुप्ता

राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।
मित्र धर्म की सत्य सौगातें, नव संचार कराती है।
सारा बुरा रिश्ता पड़ोस से, सहन करना सिखाती है।
व्यापारी व्यवसाय में भी, दांव-पेंच चलवाती है।
परिवार की तनिक ऊंच-नीच, हरदम न बच पाती है।
देखो फिर भी भारतवासी, स्वर जय हिंद गाते हैं।
राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।
सनातन धर्म तोड़कर साथ, राम विरोधी साजिश थी।
भारत पृष्ठ-भूमि इतिहास, वतन कुर्बानी साबित थी।
राजधर्म संरक्षण देश को, जन हित काज स्वीकार है।
पर सियासत भयंकर घुसती, बिगड़ा हुआ आकार है।

क्रमशः

संजीव ठाकुर

आतंकवादियों को जड़ से नेस्तनाबूद करना ही एकमात्र विकल्प

कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती और लक्ष्य में सफलता दिलाती है।

आज जब पहलगाम में आतंकवादियों ने और उनके आकाओं ने मिलकर भारतीय नागरिकों का एवं भारत सरकार का मनोबल एवं संयम तोड़ने की कोशिश की है एवं 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत की आर्थिक रेखा और जम्मू कश्मीर के निवासियों की रोजी-रोटी छीनने का बड़ा ही घृणित कृत्य किया है। बदला निश्चित तौर पर लिया जाना चाहिए और और ऐसा बदला लिया जाना चाहिए कि आने वाली सात पुस्तें भी आतंकवाद की तरफ ना मुड़ के देख सकें। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश के हर नागरिक के खून में उबाल आकर बदला लेने की इच्छा बलवती हो जाती है एवं देश का शीर्ष नेतृत्व भी आक्रोश में आकर बड़ा निर्णय लेकर आतंकवादियों के ठिकानों और उनके नेपथ्य में सहयोगियों को सबक सिखाने की सोचन रही हैं। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में हमें अपने आप पर नियंत्रण रखना होता है एवं दिमाग को एकदम शांत रख बड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। भारत सरकार को बड़े ही ठंडे दिमाग से पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नीति बनानी होगी और उसको समूल नष्ट कर आतंकवाद का स्थाई निराकरण किया जाना चाहिए तब ही जाकर भारत अपने नागरिकों की हत्या का बदला पूरा कर सकता है। हम सबको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा तब सोची गई सफलता हमारे सामने होगीद्य

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में हमें अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैद्य

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो देश आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी देश होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है।

जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

समाज को कभी भी किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। हर समाज को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है।

सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है।

कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती और लक्ष्य में सफलता दिलाती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1519 में आज ही के दिन महान चित्रकार लिओनार्दो दा विंची का निधन हुआ था। 1924 में आज ही के दिन नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से इंकार कर दिया था। 1929 में आज ही के दिन भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार विष्णु कांत शास्त्री का जन्म हुआ था। 1933 में आज ही के दिन जर्मनी में हिटलर ने मजदूर संघों पर प्रतिबंध लगा दिया था। 1945 में इटली में मौजूद जर्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था।1949 में महात्मा गांधी की हत्या के मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। 1952 में दुनिया के पहले जेट विमान डी हैविलैंड ने लंदन से जोहानिसबर्ग के बीच पहली उड़ान भरी थी। 1968 में 2 मई के दिन ही लोकसभा ने सार्वजनिक भविष्य निधि विधेयक पारित किया था। 1968 में 2 मई के दिन ही लोकसभा में पब्लिक प्रोविडेंड फंड एक्ट को मंजूरी मिली थी। 1986 में आज ही के दिन अमेरिका की एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाली प्रथम महिला बनी थीं। 1997 में ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था और 1812 के बाद वह देश के सबसे कम उम्र के प्राइम मिनिस्टर बने थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये मेरा नन्हा सा

ये मेरा नन्हा सा दिल देखो कितना बड़ा हो गया है, जिंदगी के धुप छाँव से गुजर गया है , बड़े बड़े तूफानों से निकल गया है,गम के शैलाबों से भी उभार गया है, ये मेरा नन्हा सा दिल देखो कितना बड़ा हो गया है। - **नमन कुमार मिश्रा**

आदमी मुसाफिर

आदमी मुसाफिर है आता है जाता है तुम उसका धर्म /पहचान पता कर खुद अपना चौखटा छिपाकर जब चाहे उसे ठोक दो जान की कोई कीमत नहीं रोज़ी रोटी जरूरी है । फिर गले में तख्ती टांग बाजू में पट्टी बांध आम आदमी से अलग बुद्धिजीवी बन निकल पड़ो सड़क पर क्योंकि जान की कोई कीमत नहीं पर रोज़ी रोटी जरूरी है ।

- **राजीव वर्मा**

.ख़ास.पाती.

मज़हबी उन्माद वो बांचता है

मज़हबी उन्माद वो बांचता है, वक्त में वो भागना जानता है। चौथी कक्षा का वो शिक्षक है लेकिन, ज्ञान वो कालेजों में बांटता है। जो मुखौटों में छिपाते हैं खुद को, झूठ उनकी आइना ताड़ता है। वो अदावत की नदी का है माझी, दीमकों सा तल को वो चांटता है। देश की आज़ादी जिसने दिलाई, क्यूं वो माज़ी आज से हारता है। गांव में बीमार उसकी माँ कहती, बेटा सेवा की जगह डांटता है। जिस तरफठहरी दिखें ग़म की नदियाँ, उस तरफही खुशियों का रास्ता है। - **संजय दानी**

अब हवायें ही करेगी, रोशनी का

अब हवायें ही करेगी, रोशनी का फैसला जिस दिये मे जान होगी ,वो दिया रह जायेगा! जब भारत मे भुखमरी, गरीबी थी तो पहली बार परमाणु परीक्षण किये थे! जब दुनिया खिलाफथी तब दूसरा परमाणु परीक्षण किये थे! आज तो दुनिया खेमो मे बटे होने के बावजूद अधिकतर भारत के साथ है हो जाने दो आजमाइश । - **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

हादसा तो यह टल भी सकता

हादसा तो यह टल भी सकता था यह मुकद्दर संवर भी सकता था हमको ही जिद नहीँ थी पाने की वरना यह दिल मचल भी सकता था आगाज़ पर ही इख्तियार न था वरना अंजाम बदल भी सकता था वहशते जनूं में जो कहा उसने उससे कल वो मुकर भी सकता था शहर शहर फिरता था वो आवारा इस गली से गुज़र भी सकता था वो बिगड़ने की इन्तहा पर था अब तो बस वो सुधर ही सकता था दो घड़ी वो जो मुझको मिल लेता उम्र भर वो ठहर भी सकता था। - **अनु मित्तल**

सुनो ! यह जो तुम कहते हो कि धरती

सुनो ! यह जो तुम कहते हो कि धरती घूमती रहती है दरअसल ,मैं ही धरती को अपने कांधे पर रख लगता हूँ रोज एक चक्कर ये जो तुम देखते हो रंग- बिरंगे खेत - खलिहान दरअसल मैं ही दिन - रात टाँकता हूँ धरती के आँचल में हरे ,लाल ,पीले पेड़ - पौधों के गोटे हाँ , यह भी सच है कि अपने पैरों के थाप से नदियों को मोड़ बहता हूँ खेतों के मेड़ो पर हाँ तो सुनो मैंने अपनी हथेलियों पर बना लिए हैं खेतों के मानचित्र अपने गमझे संग सर पर बांध लेता हूँ पूरे जगत की भूख हमारे रास्तों की ज़मीन पर बिछे होते हैं उम्मीदों के क़फ़न जिसके रंग बारिश तयकिया करती है हाँ तो जान लो जब तक मैं चलता रहूँगा धरती लगाती रहेगी ऐसे ही चक्कर मेरे पैरों के ताल संग। - **सत्या शर्मा कीर्ति**

हीनता मनुष्य की किसी मे चरित्र

हीनता मनुष्य की किसी मे चरित्र की किसी मे जुबान की किसी मे कर्म की किसी मे व्यवहार की किसी मे प्रेम की किसी मे भावों की किसी मे खुद कुछ न होने की हीनता..."बुरी है हीनता हर प्रकार की" "लेकिन सबसे बुरी है हीनता जुबान की".. जुबान का हीन इंसान अपने साथ अपने कुटुंब, कुल , समाज सबका दोषी होता है... - **मधुलिका शुक्ला**

मान लो युद्ध आमने सामने का

मान लो युद्ध आमने सामने का होता और दुश्मन सीधे शहर में घुसने की कोशिश करता तो यकीनन इस देश के अखिलेश जैसे नेता और सेकुलर वामपंथी जमात दुश्मनों को रास्ता देती और कहती आओ आओ उन्हें हटाने में हमारी मदद करो जिनकी विचारधारा से हमें नफरत है। पहले भी जब आक्रमण हुआ तब दुश्मन का साथ देने वाले जरूर ऐसी ही जमात के होंगे। - **दिव्या राकेश शर्मा**

QUIZ TIME

1) इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

2) लता मंगेशकर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया जाएगा?

3) कील नहर किस देश में स्थित है?

4) डीएलआर किस देश का अंतरिक्ष केंद्र है?

5) एड्रियन स्मिथ किस इमारत का निर्माण किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) हैदराबाद हवाई अड्डा (2) उत्तम सिंह और के एस चित्रा (3) जर्मनी (4) जर्मनी (5) बुर्ज खलीफा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:52, सूर्यास्तः 06:55, चन्द्रोदयः 23:18, चन्द्रास्तः 08:13, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः ग्रीष्म, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : विष्टि (11:23 तक), द्वितीय करण : बव (22:13 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मिथुन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:41, अमृत काल 06:16 से 07:44, रवियोग 05:34 से 14:21, विजय मुहूर्त 14:28 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त 18:53 से 19:14, सायाह्न सन्ध्या 18:54 से 19:58, निशिता मुहूर्त 23:52 से 24:35, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 05:34 से 07:14, दुर्मुहूर्त 10:01 से 10:54, होमाहुति बुध, दिशाशूल दक्षिण, अग्निवास पाताल (11:23 से पृथ्वी), भद्रावास स्वर्ग (11:23 तक), चन्द्र वास पश्चिम, शिववास क्रीड़ा में (11:23 से कैलाश पर)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये समृद्धिकारक रहेगा पारिवारिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर आज विरोध करने वाले भी कम रहेंगे ।

वृष : आज के दिन आप को अपने सभी कार्यो से संतोष रहेगा लेकिन अन्य लोगो की कार्य प्रणाली से असंतुष्ट रहेंगे।

मिथुन : आज के दिन आपका स्वभाव अटपटा रहेगा शुभ कर्मों को छोड़ वर्जित कार्यो में अधिक रुचि दिखाएंगे।

कर्क : आज परिस्थितियां एकदम उलट बन रही है कल तक जो आपकी हाँ में हाँ मिला रहे थे वही लोग आज आपका साथ देने से पीछे हटेंगे।

सिंह : आज के दिन आपके स्वभाव में दिखावा एवं ईर्ष्या अधिक रहेगी। जिस भी कार्य को करने की तैयारी करेंगे।

कन्या : आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अपने व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि कर लाभ उठाने का रहेगा।

तुला : आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ अन्य समय किसी ना किसी कारण से दौड़ धूप लगी ही रहेगी।

वृश्चिक : आज के दिन आपको आशा के विपरीत फल मिलेंगे। अपनी अथवा परिजन की सेहत को लेकर अस्पताल के चक्कर लग सकते है। मानसिक रूप से चिड़चिड़ापन रहेगा।

धनु : आज के दिन परिस्थितियां आपके पक्ष में ही रहेंगी ठाठ-बाट वाला जीवन व्यतीत करेंगे। काम-धंधे में आश्चर्यजनक वृद्धि होगी।

मकर : आज के दिन आपका स्वभाव शारीरिक दुर्बलता के कारण उदासीन बना रहेगा। अधिक मेहनत वाले कार्य करने में समर्थ नही रहेंगे।

कुंभ : आज दिन आपके पक्ष में तो नही फिर भी कल की अपेक्षा शांति से व्यतीत होगा। आज आप अपनी बुद्धिक्षमता प्रखर होने पर भी लाभ नही दिला सकेंगी।

मीन : आज के दिन आप स्वयं ही अपनी परेशानी का कारण बनेंगे छोटी छोटी बातों पर क्रोध कर आस पास का वातावरण अशांत बनाएंगे आज आपके संपर्क में जो भी आएगा मन दुखी करके ही जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

14 जून से शुरू होगा सेंट्रल इंडिया का पहला फिनिशिंग स्कूल

रायपुर/नवप्रदेश। आधुनिकता की दौड़ रफ्तार में पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन कौशलों से लोग दूर होते जा रहे हैं, जिससे सामाजिक और पारिवारिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। इसी जरूरत को देखते हुए सेंट्रल इंडिया का पहला फिनिशिंग स्कूल Vigor and Verve अब अपने नए सत्र की शुरुआत 14 जून से करने जा रहा है।इस 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को एक ही छत के नीचे वातानुकूलित आवास और भोजन की सुविधा के साथ होम मैनेजमेंट की विभिन्न कलाएं सिखाई जाएंगी. यह कार्यक्रम युवतियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाक कला, कार ड्राइविंग, डांस, विभिन्न प्रकार के आर्ट एंड क्राफ्ट, इंटरनेशनल आर्टिस्ट प्रमोद साहू द्वारा रंगोली, अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने की कला ,समाजिक एवं व्यावहारिक शिष्टाचार, समय ,अनुशासन, वित्त प्रबंध एवं स्वयं को संवारने की कला और भी बहुत कुछ सिखने को मिलेगा। फिनिशिंग स्कूल ने सभी पालकों से अपील की है कि बेटियों के उज्जवल वैवाहिक जीवन एवं उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूर ज्वाइन करवाए।

रायपुर जिले में पांचवीं में 24,230 और आठवीं में 22,774 विद्यार्थी पास

रायपुर/नवप्रदेश ।छत्तीसगढ़ सरकार ने कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीय कृत परीक्षाएं आयोजित की थी, जिसके परिणामों की घोषणा आज कर दी गई है. जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार खंडेलवाल ने बताया, रायपुर जिले में पांचवी का परिणाम 95.46 प्रतिशत रहा. वहीं कक्षा आठवी का रिजल्ट 86.93 प्रतिशत रहा. कक्षा पांचवी में 1922 विद्यार्थी पूरक आए. वहीं आठवीं में 7637 विद्यार्थी पूरक आए हैं।रायपुर डीईओ ने बताया, कक्षा पांचवी में 26,152 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, इसमें में 24,230 विद्यार्थी पास हुए. वहीं कक्षा आठवीं में 29,911 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, इसमें से 22,774 विद्यार्थी पास हुए. कक्षा पांचवी में 19,684 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 4287 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 259 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए. वहीं आठवी में प्रथम श्रेणी में 16189, द्वितीय श्रेणी में 5570 और तृतीय श्रेणी में 515 विद्यार्थी पास हुए हैं. उत्तीर्ण श्रेणी में कक्षा पांचवी में 619 तो वहीं कक्षा आठवी में 3230 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

महाराष्ट्र मंडल में सजी संगीत की सुमधुर शाम, मंत्रमुग्ध श्रोता

रायपुर/नवप्रदेश। पं. गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान व गुनरस पिया फाउंडेशन की ओर से महाराष्ट्र मंडल में समधुर संगीत सभा का आयोजन किया गया। सभा में डा. नूतन ने 'त्वमेव मात च पिता त्वमेव...' का गायन और संजीव बल्लाल ने 'ऐसा प्यार कहां से लाऊं....' की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. जावेद अली खान, मिलिंद शेष, निखिल मुकादम, जीवा तिवारी, विनोद संघानी, राहुल खानखोजे, मिलिंद कौड़ीसाव, शिरीष आठले, संदीप साठे, दीप बुंदेला, धनश्री पेंडसे, वैशाली जोशी, कावेरी व्यास, लता राव, गिरीश चिंचोलकर ने गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। संस्था प्रमुख दीपक व्यास ने हारमोनियम पर, सुनील गोलानी ने तबला पर दीप बुंदेला की- पेड पर प्रभावी संगत दी।

अंतराष्ट्रीय लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता की जज बनी सुगंधा जैन

रायपुर/नवप्रदेश। बोनवेरो इंस्टीट्यूट ऑफह्यूमन राइट्स की ओर से

21 अप्रैल से शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 के बीच ऑक्सफोर्ड में आयोजित हुए 18वें वार्षिक मोनरो ई. प्राइस मीडिया लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतर्राष्ट्रीय राउंड में छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की वकील सुगंधा जैन संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले शामिल हुई। यह पहला अवसर था जब विधि से जुड़ा छत्तीसगढ़ का कोई व्यक्ति अंतराष्ट्रीय लॉ से संबद्ध आयोजन में जज बनी है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के लगभग 150 देशों के लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लॉ से संबंधित बारीकियों विशेष तौर पर मानवाधिकार पर भी जज के रूप में सुगंधा ने दुनियाभर के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 वर्षीय सुगंधा जैन पिछले 8 सालों से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही है।

नक्सल पीड़ितों ने राज्यपाल डेका और सीएम साय से की मुलाकात

■ **करेंगुट्टा में एंटी-नक्सल ऑपरेशन जारी रखने का आग्रह**

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल के नक्सल पीड़ितों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात कर सुरक्षाबलों द्वारा छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सरहद पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी पर चलाए जा रहे एंटी-नक्सल ऑपरेशन को जारी रखने की मांग की। पीड़ितों ने आवेदन सौंपते हुए कहा कि नक्सलियों की हिंसा से उन्होंने अपनों को खोया है, कोई आंखों की रोशनी गंवा चुका है तो कोई विकलांग हो गया है, लेकिन वे चाहते हैं कि करेंगुट्टा जैसे दुर्गम इलाकों में भी मुठभेड़ अभियान रुकना नहीं चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, आज सुकमा, बीजापुर और कांकेर क्षेत्र के नक्सल पीड़ितों ने मुझसे मुलाकात कर एंटी-नक्सल ऑपरेशन को जारी रखने का अनुरोध किया। ये वही लोग हैं जो नक्सली हिंसा में घायल हुए, अपंग हुए, जिन्होंने अपनों को खोया। लेकिन दुख की बात यह है कि जो लोग दिल्ली तक इस अभियान को बंद कराने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी इन पीड़ितों से मिलने तक नहीं आए और न ही इनकी पीड़ा सुनी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों ने राज्यपाल से भी भेंट कर यही मांग दोहराई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन नागरिकों की सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और नक्सल विरोधी अभियान को और सशक्त रूप से जारी रखा जाएगा। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में बीजापुर के करेंगुट्टा की पहाड़ियों में सुरक्षाबलों का अब तक का सबसे बड़ा एंटी-नक्सल ऑपरेशन जारी है, जिसमें कई नक्सलियों के मारे गए है। 280 किमी के दायरे में करेंगुट्टा, दुर्गमगुट्टा, पुजारी कांकेर की पहाड़ियां और यह पूरा इलाका फैला हुआ है। जो नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, दामोदर, विकास, सुजाता, आजाद जैसे बड़े हार्डकोर नक्सलियों का ठिकाना माना जाता है।

यहां एलएमजी, एके -47, इंसास, एसएलआर जैसे आधुनिक हथियारों से लैस करीब 1500 से 2000 नक्सलियों की मौजूदगी है। जिन्हें ढूंढने, एनकाउंटर करने छत्तीसगढ़ से डीआरजी, सीआरपीएफ,एसटीएफ , कोबरा, बस्तर फाइटर्स के 10 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले हैं। हालांकि, तेलंगाना बैकफुट पर है। यहां स्थित सीआरपीएफ की बटालियन केंद्र के निर्देश पर ऑपरेशन में शामिल है।

पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने जातिगत जनगणना पर कांग्रेस को घेरा

■ **पार्षदों के इस्तीफे पर कसा तंज, बोरे बासी दिवस को बताया पॉलीटिकल स्टंट**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के हालिया बयानों और फैसलों को लेकर भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। आज उन्होंने अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कांग्रेस की जातिगत जनगणना की मांग को राजनीतिक बयानबाजी करार दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कई बार सत्ता में रही, तब जनगणना क्यों नहीं करवाई?

चंद्राकर ने रायपुर नगर निगम के पांच पार्षदों के इस्तीफे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस में हर रोज उठक-बैठक चल रही है, पर यह कोई नहीं जानता कि निर्णय कौन ले रहा है। पार्टी में नेतृत्व का अभाव है।

वक्फ संशोधन बिल पर भी बोले चंद्राकर-वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान पर उन्होंने कहा कि सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह की अगुवाई में बैठक और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि ÷लोगों के बीच जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, उन्हें दूर किया जा सके।÷ उन्होंने यह भी कहा कि इससे गरीब मुस्लिमों को लाभ होगा।

पहलगाम हमले पर राहुल गांधी के बयान पर हमला-पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने की राहुल गांधी की अपील पर चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा, ÷शहीद का दर्जा देने से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि जिम्मेदारों को सबक सिखाना जरूरी है। मोदी सरकार ने सेना को फ्री हैंड दिया है और पूरा देश उनके साथ है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास कोई ठोस समाधान नहीं है।

कांग्रेस में निष्कासित नेताओं की वापसी पर कटाक्ष

कांग्रेस के निष्कासित नेताओं की घर वापसी पर चंद्राकर ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में अब कांग्रेस पार्टी बची ही कहां है? कौन नेता है और कौन निर्णय ले रहा है ङ्क यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है।÷

बोरे बासी दिवस पर हमला

आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कांग्रेस द्वारा मनाए जा रहे बोरे बासी दिवस÷ को लेकर भी चंद्राकर ने तंज कसा। उन्होंने इसे राजनीतिक स्टंट÷करार देते हुए पूछा कि इस आयोजन पर कितना खर्च हुआ और यह किस मद से खर्च किया गया -इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को इतिहास की जानकारी नहीं है और उसने हमेशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

छग क्रिश्चन फोरम के प्रमुख अरुण पन्नालाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ क्रिश्चन फोरम के प्रमुख अरुण पन्नालाल के खिलाफ रायपुर के आजाद चौक थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है. उन पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों के नामों की गलत सूची सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। एफआईआर में धार्मिक भावनाएं आहत करने, अफवाह फैलाने और सोशल मीडिया पर गलत कंटेंट वायरल करने की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, हिंदुवादी संगठनों, विशेष रूप से बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने इस मामले को लेकर कड़ा रुख अपनाया. संगठनों ने अरुण पन्नालाल के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए आजाद चौक थाने और उनके घर का घेराव किया था. कार्यकर्ताओं ने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो वे जयस्तंभ चौक पर सार्वजनिक मुंडन कराएंगे।

दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए शिक्षा का सफर अब होगा आसान

■ **सीएम साय ने डे-स्कॉलर विशेष बच्चों के लिए नि:शुल्क बस सेवा का किया शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास परिसर से दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों को एक बड़ी सौगात देते हुए दो विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. ये बसें रायपुर और बिलासपुर स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालयों में अध्ययनरत डे-स्कॉलर बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क घर से स्कूल और स्कूल से घर तक पहुंचाएंगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह सुविधा विशेष बच्चों के लिए न केवल सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास, शिक्षा की निरंतरता और सामाजिक समावेश को भी मजबूती प्रदान करेगी.उन्होंने कहा कि यह पहल उन माता-पिता के लिए भी राहत लेकर आएगी, जो अपने बच्चों की दैनिक आवाजाही को लेकर चिंतित रहते हैं, विशेष रूप से जब दोनों अभिभावक कार्यरत हों।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर विशेष आवश्यकता वाले बच्चे तक पहुँचा जाए और उन्हें एक बेहतर जीवन देने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं. यह बस सेवा केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि विशेष बच्चों के जीवन में बदलाव लाने का माध्यम है।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा तक पहुंच सभी बच्चों का अधिकार है और सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी शारीरिक बाधा के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।उल्लेखनीय है कि इन विशेष बसों के संचालन से रायपुर और बिलासपुर के सैकड़ों दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों को प्रतिदिन सम्मानजनक और सुरक्षित यात्रा का अवसर मिलेगा।

कलेक्शन एजेंट से लाखों रुपये और मोबाइल लूट ले गए लुटेरे

■ **एक्टिवा सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पॉश इलाके समता कॉलोनी में बुधवार की शाम एक सनसनीखेज लूट हुई है. एक्टिवा सवार बदमाशों ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 4 लाख 40 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए> घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना शाम करीब 8÷30 बजे कृष्णा एडलैब्स के पास हुई. पीड़ित महावीर शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए नियमित रूप से कलेक्शन का कार्य करता है. बुधवार को वह टीवी टॉवर क्षेत्र से पैसे कलेक्ट कर समता कॉलोनी होते हुए लौट रहा था, तभी एक्टिवा सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसका पीछा किया. मौका देखते ही उन्होंने ओवरटेक कर उसे रोका और रुपयों से भरा बैग और मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आजाद चौक थाना और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।लूट की इस वारदात से शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है। बता दें कि समता कॉलोनी एक घनी आबादी वाला और प्रमुख इलाका है, जहां आमतौर पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है. इसके बावजूद बदमाशों का बेखौफ होकर लूट को अंजाम देना पुलिस की सक्रियता पर प्रश्न खड़े करता है।

सरकार के फैसले से हुए खुश, सीएम से मिलकर जताया आभार

समायोजित होंगे बीएड वाले शिक्षक

रायपुर/नवप्रदेश।बीएड सहायक शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए उन्हें लैब टेक्नीशियन के रूप में समायोजित करने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर शिक्षकों ने खुशी जाहिर की और सरकार के इस निर्णय की सराहना की। मुलाकात के बाद सीएम साय ने सोशल मीडिया मंच ङ्क पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि, शिक्षकों के चेहरे पर मुस्कान देखकर आत्मिक संतोष की प्राप्ति हुई है। समायोजन के निर्णय से सभी प्रसन्न हैं। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि, युवा शिक्षकों से आत्मीय संवाद हुआ और उनसे आग्रह किया गया कि, वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। सरकार के इस फैसले को शिक्षा जगत में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो न केवल शिक्षकों को सम्मान और स्थायित्व देगा, बल्कि राज्य के शिक्षा स्तर को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।

सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला बनेंगे

वहीं छत्तीसगढ़ में 30 अप्रैल को विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक में बर्खास्त बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के हित में सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने हरिभूमि डाट काम को बताया कि, सरकार ने बर्खास्त 2621 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के हित में बड़ा फैसला लिया है। उनका सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन किया जाएगा।

चोरी रोकने | **सिलसिला जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में जारी रहेगा**

नल खुलते ही 15 जून तक सुबह आधा घंटा बिजली गुल

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में नल खुलते ही रोज सुबह आधे घंटे तक बिजली गुल रहेगी। 1 मई से 15 जून तक यह सिलसिला जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में जारी रहेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने पावर कंपनी से सुबह-शाम रोज आधा-आधा घंटा बिजली बंद करने की सिफारिश की। इस संबंध में उन्होंने पावर कंपनी के अधीक्षण अभियंता को चिट्ठी लिखी। वहीं शहर के आफिसर्स कालोनी और वीआईपी एरिया को बिजली बंद से मुक्त रखा गया है।

पेयजल संकट से निबटने निगम आयुक्त विश्वदीप ने पावर कंपनी से सुबह-शाम रोज आधा-आधा घंटा बिजली बंद करने की सिफारिश की थी। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में पेयजल की आवश्यकता में वृद्धि होने के कारण नागरिकों द्वारा टुल्लू पंप का उपयोग कर पेयजल की जरूरत पूरी की जाती है, इस वजह से अंतिम छोर में बसे घरों तक पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच पा रहा। सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने जल प्रदाय की समय अवधि प्रातः 6.15 से 6.45 और शाम 6.15 से 6.45 तक विद्युत सप्लाई बंद रखना उचित होगा।

सुबह के समय रहेगी विद्युत कटौती -रायपुर सर्किल 1 के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा ने बताया कि, 1 मई से 15 जून तक जलप्रदाय के समय निगम आयुक्त की अनुशंसा पर जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में सुबह 6.15 से 6.45 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। शाम के समय जलप्रदाय के दौरान विद्युत आपूर्ति यथावत रहेगी।

इन इलाकों में रहेगा पावर सप्लाई बंद

मोचीपारा, सूर्या नगर, डबरापारा, बुनियाद नगर भनपुरी, विजयनगर, सतनामी पारा, बंधवा तालाब पार, केबिनपारा, रामेश्वरनगर, दीनदयाल नगर, आकाश गैस गोडाउन का क्षेत्र, संत कबीर दास वार्ड, यतियतन लाल वार्ड, बंजारी माता वार्ड, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड, नगर पट्टी शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, शंकरनगर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड, डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, आदर्श नगर, महेश कालोनी, पुराना श्रीनगर क्षेत्र, दीक्षा नगर, तुलसीनगर, पार्वती नगर, प्रेमनगर गुढ़ियारी, शिवानंद नगर सेक्टर 3 व 4, अशोक नगर, उपरवारा, हनुमान नगर, दुर्गा नगर, गंगा नगर, न्यू शांतिनगर, खम्हारडीह, श्याम नगर, सिविल लाइन जय काली चौक बलदाई गली, धोबीपारा सामुदायिक भवन, पंचपथ पारा चौक, सारथी चौक, मठपारा, कुम्हारपारा, आदर्श नगर के पास, मठपारा में बजरंग चौक, ढीमर पारा, गभरापारा, झुमुकलाल महोबिया स्कूल के पास, हनुमान नगर चंद्रशेखर नगर, करण नगर, पीएसटी सिटी नगर, जोन 5 भक्त कर्मा माता वार्ड, वामनराव लाखे वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, माधवराव सप्रे वार्ड, कुशाभाऊ वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, माधवराव सप्रे वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, श्रीराम नगर, शिवनगर का पूरा क्षेत्र, संतोषी नगर क्षेत्र, मठपुरैना क्षेत्र, संजय नगर, महंत तालाब इलाका, ज्योति नगर, आम बगीचा क्षेत्र, गोपाल नगर गली नंबर 1,2, गोकुल नगर गली नंबर 5, खपरा भट्ठी, भीमनगर, संकल्प वाटिका क्षेत्र, बगीचा क्षेत्र, छोटा अशोक नगर, बड़ा अशोक नगर, विकास नगर, साईनाथ कालोनी, छोटा भवानी नगर, सत्यम विहार कालोनी क्षेत्र में गली नंबर 1 से 5 तक, यादव शिवाजी नगर, द्वारिका विहार, दया नगर, दुबे कालोनी, कांपा बस्ती, ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर शामिल है।

अभिनेता आमिर खान के खिलाफ सिक्ख समाज में आक्रोश

रायपुर/नवप्रदेश।गुरु नानक फिल्म में आमिर खान द्वारा सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का रोल अदा करने और उनकी वेशभूषा, पहनावा की नकल करने के फोटो वायरल होने के बाद छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने इसका विरोध किया है।इस वायरल पोस्टर में आमिर खान सिक्खों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी के रूप में नजर आ रहा है, श्री गुरु नानक देव जी की वेशभूषा और उन्हीं की तरह हाथ उठाकर आशीर्वाद की मुद्रा में पोज दे रहा है, सिक्ख धर्म में हमारे किसी भी गुरु का भेष धारण करना, नकल करना या उनका रूप धारण करना पूरी तरह प्रतिबंधित है ।फिल्म अभिनेता आमिर खान द्वारा इस तरह श्री गुरु नानक देव जी का रूप धारण कर पोस्टर जारी करना सिक्खों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है जो कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह की अनुपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर को आक्रोश पत्र सौंप कर सिक्ख समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करने, सिक्खों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का रूप धारण करने के अपराध के लिए बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान, निर्माता - निर्देशक एवं पोस्टर बनाने वालों के खिलाफ संबंधित गंभीर धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा।छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने कहा कि सिक्खों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का रूप धारण करने का अक्षम्य अपराध करने वाले आमिर खान सहित फिल्म प्रोड्यूसर करण जौहर सहित सिक्खों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों एवं षड्यंत्र कारियो को समाज माफ नहीं करेगा, पूरे देश में सिक्ख समाज के स्त्री, पुरुष, बच्चे, बूढ़े आक्रोशित हैं, पुलिस प्रशासन इन पर जुर्म दर्ज कर तुरंत गिरफ्तार करें।गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के प्रधान मनमोहन सिंह सैलानी ने कहा कि इस तरह की हरकतें करने वाले, सिक्खों को भड़काने, आपस में लड़ाने का जो षड्यंत्र रच रहे हैं, शासन प्रशासन इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करें।

न्यूज गैलरी

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत किया जागरूक

कोंडागांव/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत् ग्राम पंचायत अमरावती विकासखण्ड माकड़ी में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूक किया गया। उक्त अभियान के तहत किशोरी बालिका एवं महिलाओं को बालिका एवं बालक को विवाह योग्य उम्र होने के पश्चात् ही विवाह करने हेतु प्रेरित किया गया तथा आत्म-रक्षा, भ्रूणहत्या, शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक कराया गया, शिक्षा को बढ़ावा देना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुददो के प्रति जागरूक करने के लिए महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने हेतु शपथ दिलाया गया।इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग (मिशन सशक्तिकरण) से श्रीमती रीना सिंह ठाकुर (जिला मिशन समन्वयक), श्रीमत श्रीमती माधुरी उसेण्डी (जेण्डर विशेषज्ञ), श्रीमती अनुसूईया भिमर्ट (सुपरवाईजर), स्थानीय किशोरी बालिका तथा महिलाएं भी उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के अंतर्गत मिल रहा तत्काल लर्निंग लायसेंस

कोंडागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्याओं और मांगों के लगातार निराकरण से आम नागरिकों को बहुत राहत मिल रही है। परिवहन विभाग द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त लायसेंस हेतु आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है एवं ऑनलाईन आवेदन कर आने वाले आवेदको को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से तत्काल लर्निंग लायसेंस प्रदाय किया जा रहा है। विदित हो कि सुशासन तिहार के अंतर्गत लायसेंस हेतु परिवहन विभाग को 460 आवदेन प्राप्त हुए थे, जिसमें से लगभग 120 लोगों का लर्निंग लायसेंस जारी किया जा चुका है एवं शेष आवेदकों का भी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पत्र के माध्यम से सुचित किया जा रहा है, जिससे कि उन्हें लर्निंग लायसेंस तत्काल प्रदान किया जा सके।

बैटरी चलित ट्रायसिकल मिलने से विकास की राह हुई आसान......

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर आम जनता की समस्याओं संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के माहुरबंदपारा कांकेर के श्री विकास सोनी, 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांगजन द्वारा बैटरीचलित ट्रायसिकल हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी द्वारा बुधवार को कांकेर निवासी 42 वर्षीय श्री विकास सोनी को बैटरीचलित ट्रायसिकल प्रदाय की गयी। ट्रायसिकल पाकर दिव्यांग श्री विकास के आंखों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं कृतज्ञता की चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने बताया कि वह एक शिक्षक हैं, उनके लिए प्रतिदिन अपने कार्यस्थल पर पहुंचना एवं घर के काम आदि बहुत चुनौतीपूर्ण रहता था। अब हाट-बाजार, सामाजिक मेलजोल बहुत आसान हो गया है।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी को शाल श्रीफल मोमेंटो देकर दी गई विदाई

कांकेर/ नवप्रदेश। बुधवार को कोतवाली पुलिस में पदस्थ सेवानिवृत्त कीर्तुराम दिवान को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी को शाल श्रीफल भेंट कर उनके कार्यो की प्रशंसा किया गया। सेवानिवृत्त पुलिस कीर्तु राम दिवान 30.04.2025 को थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में पदस्थ श्री कीर्तुराम दीवान उप निरीक्षक के सेवानिवृत्त* होने पर पुलिस कार्यालय कांकेर के सभाकक्ष में विदाई दी गई।जिला जगदलपुर में 14.01.1992 को आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर 29.04.2006 को प्र.आर.पद पर पदोन्नत 26.06.2011को सउनि पद पर पदोन्नत 28.08.2023 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि लालवानी पिता श्याम लालवानी जाति सिंधी निवासी आदर्श नगर कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांकेर, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 328/12 रकबा 0.0340 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15.05.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया। सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा इसे खत्म करना बेहद जरूरी : कलेक्टर

बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने जिलावासियों से की अपील

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलावासियों से अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर सम्पन्न होने वाले बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, इच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। वहीं गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है।

उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चे दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधू के माता-पिता, सगे संबंधी पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सम्मिलित होता है, उनको 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनां से दण्डित किया जा सकता है। अक्षय तृतीया सहित विभिन्न अवसरों पर होने वाले विवाहों के दौरान बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संबंधित पुलिस थाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

बालिका गृह सिंगारभाठ में विधिक साक्षरता शिविर

गुड टच बैंड टच सहित आपराधिक घटनाओं की दी गई जानकारी

कांकेर/ नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आमजन मानस के बीच कानूनी जानकारी का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर के द्वारा बालिका गृह सिंगारभाट कांकेर एवं शासकीय शिक्षा महाविद्यालय कांकेर में विधिक साक्षरता शिविर किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र द्वारा बालिका गृह में उपस्थित बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि जब वह बालिका गृह से बाहर कहीं पढ़ने या खेलने के लिये जाते हैं यदि कोई रास्ते में परेशान करता है तो उसकी जानकारी बालिका गृह के अधीक्षक को आवश्यक रुप से दें और संबंधित व्यक्ति की शिकायत पुलिस में करे। बालिका गृह के बालिकाओं को शिक्षा के अधिकार, स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं के बारे मे अवगत कराया गया और बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति अपने मुकदमे को लड़ने के लिये अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है तो उसे निःशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिन व्यक्तियों के पास कोई भी मोटर वाहन है उन्हें वाहन से संबंधित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिक्रेट बीमा सर्टिफिक्रेट वाहन चालक अनुज्ञप्ति साथ में रखना अत्यंत आवश्यक है साथ ही यह भी बताया गया यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अपने वाहन का बीमा नहीं कराया गया है और ऐसे वाहन से किसी व्यक्ति को कोई दुर्घटना हो जाती है तो ऐसे पीडित व्यक्ति द्वारा क्षतिपूर्ति हेतु दावा किये जाने पर क्षतिपूर्ति की राशि वाहन स्वामी को देना होता है यदि वाहन का बीमा रहता है तो क्षतिपूर्ति की राशि बीमा कंपनी द्वारा दी जाती है। उक्त शिविर में उपस्थित लोगों को साईबर अपराध एवं संपत्ति अंतरण संबंधी कानूनों की भी जानकारी दी गई।शिविर में बालिका गृह के अधीक्षक, बालिकाएं और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे साथ ही शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित शिविर में शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य सारे प्राध्यापक छात्र-छात्राएं और विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

विधायक लता उसेण्डी ने विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। विधायक कोंडागांव व बस्तर प्राधिकरण उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने अपने विधानसभा सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो के भ्रमण के दौरान ग्राम पल्ली में हाईस्कूल भवन,मरवाबेड़ा में रोड पुलिया, सितली में रोड नाली, सांस्कृतिक भवन, सामपुर में हाईस्कूल भवन तथा,सड़क पुलिया निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि विकास में कोई कमी नहीं आएगी विष्णु देव जी कि सरकार में कोंडागांव को करोड़ों रुपए कि सौगात मिला है ये ही विष्णु का सुशासन है।चाहे यक्तिगत हो या गांव का विकाश हो सभी के लिए प्रदेश कि भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है द्यमहतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, धान खरीदी, सामूहिक विवाह, श्रमिक कल्याण योजना, ऐसे कई व्यक्तिगत योजनाओं का लाभ भी मिलने के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रीता सोरी, दीपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, आकाश मेहता, नंदलाल राठौर, प्रेमसिंह नाग, धन्जू मरकाम संजू ग्वाल,कृष्ण पोयाम, संजू पोयाम, मेषलाल, जुगवती पोयाम, अंगदराम, भानु ठाकुर, देवेंद्र मरकाम मोहन ठाकुर, मनहर मरकाम, रेनू राम दशरथ मरकाम, भारत मरकाम, ममता नेताम, मैनीबाई, रमेश, बीरबल,लखन, तुलजू, तिलक, जुगधर, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

प्रथम पेज का शेष

राजधानी सहित प्रदेश के ...

ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। बस्तर संभाग के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारे पड़ सकती है।

सैनिकों का मनोबल ...

सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की। पहलगाम हमले की जांच की मांग को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई। अदालत ने जनहित याचिकाकर्ताओं से पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे में सवाल पूछे। क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल पूछा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि भविष्य में ऐसे मुद्दे अदालत में नहीं लाए जाने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इस याचिका को खारिज कर दिया।

भारतीय आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट

याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा ऐसी जनहित याचिका दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। आपका अपने देश के प्रति कुछ कर्तव्य है। यह ऐसा समय है जब हर भारतीय आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट हुआ है। इसलिए हमारी सेना का मनोबल न गिराएं। यह सही समय नहीं है और इस मामले की संवेदनशीलता देखिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायाधीशों का काम विवादों का निपटारा करना है, जांच करना नहीं।

याचिका वापस लेने की अनुमति

अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा हमारे पास जांच करने का कौशल कब से है? आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे केवल फैसला दे सकते हैं। हमें आदेश देने के लिए मत कहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा क्या आप जो अनुरोध कर रहे हैं, उसके बारे में आप निश्चित हैं? सबसे पहले आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से जांच करने के लिए कहते हैं। वे जांच नहीं कर सकते। फिर आप दिशा-निर्देश, मुआवजा और फिर प्रेस काउंसिल को निर्देश देने के लिए कहते हैं। आप हमें रात में ये सब पढ़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जम्मू-कश्मीर में छात्रों के सामने आ रही समस्याओं के संबंध में संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

पीएम मोदी ने किया ...

कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी जा रही है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये एक लहर है- संस्कृति की, रचनात्मकता की, यूनिवर्सल कनेक्ट की।

वेव्स एक ऐसा वैश्विक ...

कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

बस्तर को नक्सलवाद से ...

बताया कि बस्तर के हजारों परिवार पिछले चार दशकों से माओवादी आतंक का सामना कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक नींव कमजोर हुई है। उन्होंने हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास नीतियों के चलते बस्तर में शांति और विकास की उम्मीद जताई। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चल रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है और सरकार इसे हर कीमत पर पूरा करेगी, ताकि बस्तर के विकास को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि नक्सलवाद केवल एक हिंसक आंदोलन नहीं है, बल्कि यह हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति के लिए भी खतरा है।

श्री साय ने प्रत्येक नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार की एकजुटता व्यक्त की और कहा कि सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है, और यह तभी संभव है जब क्षेत्र हिंसा और भय से पूरी तरह मुक्त हो जाए।

आतंकवाद का खात्मा ...

पिछड़ी है। देश में सकारात्मक कार्रवाई और न्याय के लिए यह बहुत जरूरी है, क्योंकि आपने ओबीसी का आरक्षण सिर्फ 27प्रतिशत पर रोक दिया है, यह काफी नहीं है। हम भाजपा से जानना चाहेंगे कि आप इसे कब शुरू करेंगे और कब तक पूरा करेंगे। क्या इसकी रिपोर्ट 2029 के संसदीय चुनावों से पहले आएगी या नहीं?

ओवैसी ने कहा कि केरल में आरएसएस की मीटिंग हुई थी, उस मीटिंग में भी उन्होंने जाति जनगणना कराने की बात कही थी। हम जानना चाहते हैं कि सरकार जनगणना कब शुरू करेगी और कब पूरी होगी और इसका डेटा देश के सामने कब पेश किया जाएगा।

पहलगाम हमले ने सीधे ...

तेजी देखी गई, लेकिन आतंकी हमले के बाद कश्मीर के लिए कारोबार ठप हो गया है। हाल तक हम रोजाना कश्मीर के लिए चार से पांच पैकेज (पर्यटकों को) दे रहे थे, लेकिन अब कश्मीर और अमरनाथ यात्रा के लिए बुक किए गए ज्यादातर पैकेज रद्द हो गए हैं।'

अमरनाथ यात्रा पर भी पड़ा असर

पहलगाम हमले ने अमरनाथ यात्रा पर भी असर डाला है। शिमला में ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले अखिल चौहान ने कहा कि आतंकी हमले के बाद गुजरात और महाराष्ट्र से यात्रा के लिए जाने वाले समूहों को रद्द कर दिया गया है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोरिया, छ.ग.

विज्ञप्ति क्रमांक- पुअ/कोरिया/रनि/एमटी/877-B/ 2025 दिनांक 30.04.2025

कोरिया जिले विभिन्न थाना-चौकी द्वारा आबकारी एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट मामले में जप्त बाद राजसात किए दुपहियां 02 एवं चार पहिया 02 वाहनों की नीलामी किया जाना है, नीलामी रक्षित केन्द्र पुलिस लाईन बैकुण्ठपुर में निर्धारित तिथि व समय में बंद लिफाफा पद्धति से किया जाना है। इच्छुक क्रेता वाहन के लिए नियम एवं शर्तें के बिन्दु क्र. 01 में दर्शित राशि बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक जिला कोरिया के नाम से जमा करने के उपरांत ही बोली बोल सकेंगे। वाहनों की नीलामी तिथि के पूर्व से कार्यालीयन समय में पुलिस लाईन बैकुण्ठपुर में जाकर देख सकते हैं। नीलामी की अन्य शर्तें पुलिस लाईन बैकुण्ठपुर एमटी शाखा एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक कोरिया के नोटिस बोर्ड पर देखी व प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति से निम्नलिखित तिथि को कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के समक्ष पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है :

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07.05.2025 के 17.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 08.05.2025 के 17.30 बजे तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय :- 14.05.2025 के 13.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय :- 14.05.2025 के 16.30 बजे

क्र.	थाना चौकी का नाम	चार पहिया वाहन	दो पहिया वाहन-मोटर सायकिल/स्कूटी/स्कूटर	कुल योग
1	बैकुण्ठपुर	01	01	02
2	चरचा	01	-	01
3	पटना	-	01	01
	योग	02	02	04

निविदा संबंधी मुख्य शर्तें :-

1. प्रत्येक वाहन के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत करनी होगी। निविदा के साथ दो पहिया वाहन हेतु रूपये 1000/- एवं चार पहिया वाहन हेतु 2000/- की अमानत राशि पुलिस अधीक्षक कोरिया में जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। अमानत राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य 100/- निर्धारित है।
3. निविदा के लिफाफे के ऊपर क्रय की जाने वाली वाहन का क्रय एवं जमानत राशि की रसीद क्रमांक दर्शाना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा का लिफाफा नहीं खोला जायेगा।
4. उपरोक्त उल्लेखित जप्त लावारिस वाहनों का विभाग/कार्यालय प्रमुख से जानकारी प्राप्त कर उसकी स्थिति बाबत् अवलोकन किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन दिवस/समय वाहनों का अवलोकन कर सकते हैं।
5. इच्छुक व्यक्ति निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 14.05.2025 तक दिन के 03.00 बजे (दोपहर) तक रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र बैकुण्ठपुर जिला -कोरिया (छ.ग.) में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा उसी दिनांक को शाम 04.00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।
6. नीलामी राशि सर्वोच्च निविदाकार के द्वारा चालान से कोषालय में जमा करने के उपरांत चालान के व्हाउचर के प्रतिलिपि के आधार पर जप्त लावारिस वाहनों का सुपुर्दनामा किया जावेगा।
7. निविदा स्वीकृति होने के पश्चात यदि सुपुर्दगी नहीं ली जाती है, तो अमानत राशि वापस नहीं होगी तथा राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा स्वीकार करने या न करने की अंतिम निर्णय लेने का अधिकार गठित समिति की होगी जो सर्वमान्य होगा।
9. समिति द्वारा बंद लिफाफे का दर अत्यंत कम होने की स्थिति में तत्काल खुली नीलामी की जावेगी और यदि खुली नीलामी का दर भी अत्यन्त कम होने की स्थिति में बंद/खुली नीलामी दोनों में से अधिक राशि वाली निविदा मान्य होगी।

पुलिस अधीक्षक
कोरिया

जी-252600608/2

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO.-05/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)

ज्ञा.क्र. 1193/टेण्डर/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2025 बिलासपुर, दिनांक 29.04.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 14.05.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	कार्य का नाम/स्थान	वि.खं.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	अटल टिकरिंग लैब कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.क.उ.मा. वि. सरकण्डा	बिल्हा	7.11
2	आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.क.उ.मा. वि. सरकण्डा	बिल्हा	7.11
3	आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष निर्माण, पीएम श्री सेजेस शा.उ.मा.वि. चकरभाठा	बिल्हा	7.11

Note

01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

जी-252600586/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग रायगढ़

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2131/NIT-2/2025-2026/ वलेलि दिनांक 29/04/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 14/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 15.05.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ कार्य की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
2 T0003	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0004	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0005	रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0006	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.0 150000.00
2 T0007	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0008	धरमजयगढ़ उपसंभाग अंतर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0009	खरसिया उपसंभाग अंतर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0010	धरमजयगढ़ उपसंभाग अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0011	खरसिया उपसंभाग अंतर्गत आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
2 T0012	नवनिर्मित सिविल न्यायालय परिसर खरसिया में भूमि का समतलीकरण एवं उन्नयन व गार्डन विकसित करना (प्रथम आमंत्रण)	8.44 6330.00 126600.00
2 T0013	आई.टी.आई खरसिया में मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	9.24 6930.00 138600.00

निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) 750.00 प्रत्येक, निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक, T0003 से T0011 एवं T0013 तक हेतु 03 माह वर्षाऋतु सहित एवं T0012 हेतु 02 माह वर्षाऋतु सहित समय निर्धारित है।

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायगढ़ संभाग रायगढ़

जी-252600592/4

■ न्यूज गैलरी

संजय नगर में सुशासन तिहार में आई 15 समस्या पार्षद बोले जल्द होगा समस्या का निराकरण

कांकेर/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार को लेकर बुधवार को संजय नगर वार्ड में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जनता के प्रतिनिधि के रूप संजय नगर पार्षद श्री सलीम मेमन के नेतृत्व में सुशासन तिहार मनाया गया।इस दौरान वार्ड की जनता जनार्दन की कुल 15 शिकायत पाई गई। समस्या का निराकरण के लिए नगर पालिका परिषद के कर्मचारी प्रदीप यादव नीलकंठ चंद्रोल ने ली।इस दौरान भाजपा पार्षद सलीम मेमन ने कहा कि वार्ड की हर समस्या का निराकरण जल्द किया जाएगा। वार्ड के विकास के लिए हमारी सरकार तत्पर है। भाजपा सरकार सुशासन तिहार के जरिए जनता जनार्दन की हर समस्या को लेकर गंभीर है । हर किसी की समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

प्रेस विज्ञप्ति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शब्बीर रंगरेज ने दिया है।

जिप सीईओ ने चारामा के तूएगहन सचिव को किया निलंबित

कांकेर/ नवप्रदेश। चारामा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तुएगहन के सचिव युगल किशोर सोनकर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों द्वारा की गई है। ग्राम पंचायत में अनुपस्थित रहने के कारण 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस एवं जल संरक्षण संकल्प सभा का आयोजन नहीं होने, अनुपस्थिति के चलते सरपंच तुएगहन को आज पर्यन्त कार्यभार नहीं देने एवं अनुपस्थिति के संबंध में नोटिस दिए जाने के उपरांत सुधार नहीं लाने के फ्लस्वरूप सचिव श्री सोनकर को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत चारामा नियत किया गया है।

समाधान शिविरों में सुशासन तिहार के तहत् प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु निर्देश जारी

नारायणपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जन मांगों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने हेतु कलेक्टर प्रतिष्ठा मंमगाई द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतवार तथा विषयवार प्राप्त मांगों की संख्यात्मक जानकारी तैयार कर निराकरण करना सुनिश्चित करें। शासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मांगों की पूर्ति विभागीय बजट से संभव है, उन्हें तुरंत स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया जाए। वहीं, बड़े कार्यों के लिए संबंधित विभाग प्राकलन तैयार कर औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को भेजें। आँगनबाड़ी केंद्र, स्कूल भवन, शौचालय, हैंडपंप, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की दुकान जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित मांगों को डीएमएफ से स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया जाएगा। समाधान शिविरों के मुख्यालय ग्राम पंचायत के साथ-साथ उससे जुड़े ग्राम पंचायतों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों की शिकायतों का भी तत्काल समाधान अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त, समाधान शिविरों में हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत उपकरण, सामग्री, चेक, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, किसान किताब आदि का वितरण किया जाएगा। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और सभी जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना देने की भी जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है। शिविर में आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन द्वारा इन निर्देशों के पालन से आम नागरिकों को शीघ्र लाभ पहुंचने की अपेक्षा जताई गई है।

श्रमिक दिवस की प्रदेश वासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं : पप्पू अली

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आन्दोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने समस्त प्रदेश वासियों को 1 मई श्रमिक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समस्त प्रदेश वासियों से अपिल किया की बोरे बासी खाकर श्रमिकों का सम्मान किया जाए।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने छूईखदान मे संचालित हाथकरघा उद्योग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उद्योग में चल रही गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर सुधार के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने हथकरघा समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनके द्वारा विक्रय किए जा रहे वस्त्रों का मुआयना किया। उद्योग की स्थिति, यहां चल रही गतिविधियों और उत्पादों की बिक्री व्यवस्था से अवगत होते कलेक्टर ने निर्धाणाधीन हथकरघा भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन को जल्द पूरा कराने के अलावा परिसर को सुव्यवस्थित बनाने , सुविधाओं में वृद्धि करने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को हथकरघा उद्योग से जोडने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कटेकल्याण में निर्माणाधीन पीएचसी भवन ही मरीज़ बना हुआ है: तुलिका कर्मा

■ गुणवत्ताहीन है निर्माणाधीन स्वास्थ भवन, पूर्ण होने से पहले ही पड़ी दरारे

■ शासकीय पैसों का सिर्फ बंदरबाट कर रहे है इंजीनियर - ठेकेदार, मरीज़ों की कोई परवाह नहीं

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कटेकल्याण से जिला पंचायत सदस्य एक बार फिर से अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के निर्माणधीन भवन के निरीक्षण पर पहुँची और वहाँ का नज़ारा काफी भयावहः निकला । स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जब तुलिका कर्मा ने निरीक्षण किया तो पाया कि यह भवन तो निर्माण होने से पहले ही जजर्र नज़र आ रहा है और अभी से इसमें जगह जगह टूट फुट दिखना चालू हो गया है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस मामले में साफरोष नजर आ रहा है कि अगर निर्माण को पूरी गुणवत्ता के साथ नही किया गया तो इस टेंडर को निरस्त कर नए भवन के निर्माण की मांग रखी जायेगी । इस पूरे निरीक्षण के दौरान जब भवन को देखा गया तो एक ही बात समझ आया कि कैसे डीएमएफफंड और जनता के पैसों का निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के द्वारा बन्दरबांट किया जा रहा है । पूर्व में भी जब कटेकल्याण में संचालित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था तब भी यही स्थिति देखने को मिला था और अब जब नए निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण किया तो बची हुई उम्मीदों पर भी भ्रष्टाचार का पानी फेर दिया । तुलिका ने कहा कि जब हमें साफ नजर आ रहा है कि इस भवन की हालत जर्जर है तो विभागीय अधिकारियों ने क्यों आंखे बंद कर रखी है। निर्माण एजेंसी जनपद के एसडीओ और अभियंता ने क्या बिना निरीक्षण के ही बिल राशि स्वीकृत कर दी होगी या किसी लालच में आकर इन त्रुटियों को अनदेखा किया जा रहा है । तुलिका ने दो टूक कहा कि निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदारो को अब समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करने के तरीकों को छोड़ कर जनता की सेवा करने के तरीके खोजे अन्यथा वो दिन दूर नही जब हम सड़को में उतर कर प्रदर्शन करेंगे और तब तक शांत नही बैठेंगे जब तक सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर निष्काशन की कार्यवाही न हो जाये ।

तुलिका ने सीधा कहा कि हम जनता के स्वास्थ के साथ ये खिलवाड़ को कतई बर्दास्त नही करेंगे । जनता को सही स्वास्थ सेवा मिलना उनका मूलभत अधिकार है और अगर प्रशासन इसमें भी ढिलाई बरतेगी तो यह कतई बर्दाश्त नही होगा । इस पूरे मामले में तुलिका ने चिंता जाहिर करते हुए कहा सवाल किया है कि भविष्य में जब यहां अस्पताल का संचालन होगा और अगर यह गुणवत्ताहीन भवन मरीज़ों पर ही गिर गयी तो इसका जिम्मेदार कौन होगा...??

फर्जी आईडी बनाकर अश्लील वीडियो फोटो डालने वाला आरोपी मध्यप्रदेश से पकड़ाया

कांकेर/ नवप्रदेश। इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो व कमेन्ट लिखकर अपलोड करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरफ़्तार कर लिया है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी पर अपराध क्रमांक-66/2024 धारा 67 आईटी.एक्ट के तहत आरोपी शैलेंद्र सिंह गोयल पिता गजराज सिंह गोयल उम्र 35 वर्ष निवासी बमोरी तहसील पचोर थाना तले जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की प्रार्थीया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात इंस्टाग्राम धारा के द्वारा फर्जी आई. डी. बनाकर अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने संबंधी रिपोर्ट करने पर थाना भानुप्रताप पुर मे अपराध क्रमांक-66/2025 धारा 67 आई. टी. एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। विवेचना दौरान मामले की गंभीरता देखते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशानिर्देशन में अति पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित कर साईबर सेल शाखा कार्यालय कांकेर से आरोपी का मोबाइल नंम्बर लोकेशन कैफकॉल डिटेल एवं इंस्टाग्राम धारक की जानकारी प्राप्त होने के बाद दिगर राज्य मध्यप्रदेश के आरोपी शैलेंद्र सिंह गोयल पिता गजराज सिंह गोयल उम्र 35 वर्ष निवासी बमोरी तहसील पचोर थाना तले जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश को ग्राम पचलासी थाना खरौद जिला उज्जैन में मिलने पर हिरासत में लेकर पूछ ताछ करने पर अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी को 30अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक निर्माण पर भेजा गया

गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर रामेश्वर देशमुख व गठित टीम एसआई पटेल दमकसा हेड कांस्टेबल नरोत्तम लतिया

आर संतोष एवं सायबर सेल कांकेर से प्र.आर.मनी राम भोई आर.आशीष कुंजाम के द्वारा दीगर राज्य से आरोपियों को पतासाजी व गिरफ्तार करने में विशेष योगदान रहा हैं।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

■ संगीतमय मानस पाठ सहित भंडारा आयोजित कर प्रसाद का किया वितरण

बीजापुर/ नव प्रदेश । प्रगतिशील ब्राह्मण समाज बीजापुर द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।समाज के संगठन मंत्री रमन झा ने इस अवसर पर बताया कि अक्षय तृतीया के पावन दिन भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था, जिसके चलते इसी शुभ बेला में जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तिथि एक अबूझ मुहूर्त है, जिसमें किसी भी शुभ और मांगलिक कार्य को बिना किसी मुहूर्त विचार के संपन्न किया जा सकता है।उत्सव के मुख्य कार्यक्रम के तहत जिला बीजापुर में ब्राह्मण समाज हेतु आरक्षित भूमि पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात, स्थानीय हनुमान मंदिर में रामचरित मानस का संगीतमय पाठ आयोजित किया गया, जिसमें भक्तजन भक्ति रस में डूबे नजर आए।कार्यक्रम का समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, प्रभाकर शर्मा, महेश शर्मा, गोपाल कृष्ण पाण्डेय, योगेश शर्मा, अमितेश तिवारी, अतुलेश तिवारी, नितेश पांडेय, आशीष पांडेय, दिनेश पांडेय, सीताराम शर्मा, धनराज शर्मा, रामेश्वर शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, बृहस्पति आचार्य, अरुण शर्मा, सुमन शर्मा, गणेश मिश्रा, महेंद्र पाठक, महेंद्र द्विवेदी, सुशील मिश्रा, चंदन शर्मा, रिंकू द्विवेदी, गौकरण दुबे, आकाश दुबे, यशवर्धन शर्मा, आदित्य मिश्रा और राजेश मिश्रा सहित कई प्रमुख सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।इस सफल आयोजन ने समुदाय के सदस्यों को एक साथ आने और अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के मामले में 11 ग्राम पंचायतों को नोटिस

■ अनुविभागीय अधिकारी पैंकरा ने दिया नोटिस

महासमुंद/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम अधिकारी हरिशंकर पैंकरा ने महासमुंद अनुविभाग अंतर्गत शामिल 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच और समस्त पंचों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा है कि ग्राम पंचायत के सीमा क्षेत्र के नदी नाले में अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत बरबसपुर, कनेकेरा, गढ़सिवनी, अछोला, लहंगर, पीढ़ी, अमलोर, चूहरी, सिरपुर, चिंगरौद और पासिद के सरपंच को नोटिस जारी कर कहा है कि यह संज्ञान में आ रहा है आपके ग्राम पंचायत अंतर्गत नदी, नाले में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम, 1996 के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्थित शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। आपके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढता पूर्वक नहीं किया जा रहा है, लापरवाही बरती जा रही है, जिससे की शासकीय राशि की हानि हो रही है। अतः अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के धारा 39/40 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश में 8 मई को सुबह 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर दस्तावेजमय सहित अपना पक्ष रखने कहा गया है, नहीं तो एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की प्रेस वार्ता

■ 31 प्रतिशत मुसलमान गरीबी रेखा के नीचे,वक्फ की 80 प्रतिशत जमीन पर विवाद :केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह

रायपुर/ नवप्रदेश। आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की गरिमामई उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वक्फ संशोधन जन जागरण अभियान के तहत प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा यह संशोधन उन लोगों हक दिलाने के लिए जिनका हक छीना गया। इसका नतीजा यह है कि आज भी 31त्न मुस्लिम आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। 80त्न वक्फकी प्रॉपर्टी पर कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार का आरोप है,जबरन कब्जा करने का आरोप है।कुछ लोगों ने इसे अपनी संपत्ति बनाने का जरिया बना लिया बड़े-बड़े माल खड़े कर लिए गए।

डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार शपथ ली थी तब उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है और जो लोग पिछली सरकारों में अपने अधिकारों से वंचित हुए हम उन्हें उनके अधिकार फिर दिलाने का काम करेंगे।मोदी जी ने कहा भारत माता की हर भुजा बलवान होनी चाहिए। यूपीए की सरकार ने वक्फ बोर्ड में अजीबो गरीब संशोधन किए जिसके तहत वक्फ जिसे चाहे अपनी जमीन घोषित कर देता था कोई भी धर्म हमे नहीं सिखाता कि शोषित व्यक्ति की प्रापर्टी हड़प ली जाए,किसी के अधिकार छीन लिए जाए।वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता बढ़ाई गई है संवैधानिक चिंताओं को भी दूर करने का काम किया गया है।

डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा लगभग 70त्न वक्फकी जमीन पर अवैध कब्जा के आरोप है ऐसे आंकड़े सामने आ रहे हैं कई केस भी चल रहे हैं कांग्रेस सरकार द्वारा 2013 में लाया गया बदलाव लूट करने वालों को संरक्षण दे रहा था कोई ऐसा प्रदेश नहीं बचा जहां इस प्रकार के घोटाले नहीं हुए। छत्तीसगढ़ में भी फर्जी रजिस्ट्री की गई। बड़ी बात है इन सब घोटालो के होने के बावजूद गरीब को कोई फायदा नहीं उसकी पहुंच कहीं तक नहीं इसीलिए अभी का संशोधन उन गरीबों के हक की बात करता है।वक्फ की प्रॉपर्टी पर बड़े-बड़े मॉल फाइव स्टार होटल बने हुए हैं जो वक्फबोर्ड को बनाने का उद्देश्य था वही पूरा नहीं होता नजर आ रहा था। मोदी जी की प्रेरणा से लाया गया यह अधिनियम न केवल वंचितों की मदद करने वाला है, बल्कि इस्लाम के सर्वोच्च मूल्यों को भी सम्मान देने वाला है।प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ,प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ,रामू रोहरा,वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम रा,ज भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।

जिले के ग्राम पंचायतों में 05 से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा समाधान शिविर

■ शिविर के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

नारायणपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 05 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा आयोजित समाधान शिविर हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। 09 मई को ग्राम पंचायत एड़का, ईरको, बोरपाल, दुग्गाबेंगाल, देवगांव, ताड़ोपाल, तेरदुल, आमासरा गढ़बेंगाल, गरांजी हेतु एड़का में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके प्रभारी अधिकारी कार्यपालन अभियंता आरईएस रामेश्वर नेताम हैं। इसी प्रकार 14 मई को ग्राम पंचायत मालिंगनार, टिमनार, रेमावण्ड, चांदागांव, बागबेड़ा, कुढ़ारगांव, नयानार, नेलवाड़ हेतु रेमावण्ड में, 07 मई को ग्राम पंचायत महिमागवाड़ी कन्हारगांव, पल्ली, सुलेंगा धौड़ाई, धौड़ाई, कोंगेरा, कोशलनार, तारागांव, तोयनार, टेमरूगांव और आतरगांव हेतु धौड़ाई में, 24 मई को ग्राम पंचायत नेतानार, बोरारवण्ड, खरगांव, बेनूर, कोलियारी, कोरण्डा, मातला, छिनारी, भाटपाल, उड़िदगांव, दण्डवन, तुरठा हेतु बेनूर में, 05 मई को ग्राम पंचायत करलखा, खोड़गांव, खड़कागांव, बम्हनी, ब्रेहबेड़ा, केरलापाल, माहका, बिंजली, भरण्डा, पालकी, सोनपुर, सुलेंगा गुरिया हेतु पालकी में, 23 मई को ग्राम पंचायत गोटाजम्हरी, कुकड़ाझोर, खड़कागांव, बोरण्ड, बाकुलवाही, बागडोंगरी, बड़ेजम्हरी, बेलगांव हेतु बड़ेजम्हरी में, 19 मई को ग्राम पंचायत बावड़ी, करमरी, कापसी, हलामीमुंजमेटा, फरसगांव, आमगांव, नाउमुंजमेटा हेतु हलामीमुंजमेटा में, 16 मई को ग्राम पंचायत धनोरा, बड़गांव, मढ़ोनार, रायनार, राजपुर, छोटेडोंगर, चमेली, गौरदण्ड हेतु छोटेडोंगर में, 30 मई को ग्राम पंचायत पांगुड़, आदनार, मुरनार, गारपा, घमण्डी, झारावाही, कंदाड़ी, कोंगे, कोहकामेटा, कच्चापाल, कुंदला, मेटानार, गोमे हेतु, कोहकामेटा में, 28 मई को ग्राम पंचायत धुरबेड़ा, कोडोली उर्फ कस्तुरमेटा, कुतुल, कलमानार, पदमकोट, नेड़नार हेतु कोडोली उर्फ कस्तुरमेटा में तथा 21 मई को ग्राम पंचायत ढ़ोडरबेड़ा, कोडोली, मण्डाली, मुरूमवाड़ा, हिकुल, पिड़ियोकोट, थुलथुली, पोचावाड़ा, रेकावाया, डुंगा, जाटलूर, आदेर, ओरछा, गोमागाल, गुदाड़ी और लंका हेतु ओरछा में समाधान शिविर लगाया जाएगा, जिस हेतु श्रम पदाधिकारी अमरसिंह खांडे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अशोक चौधरी, सहायक आयुकत आदिवासी विकास राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, उप संचालक कृषि लोकनाथ भोयर, उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरड़वार, सहायक संचालक उद्यान तोषण चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता पीएचई एस के वर्मा, कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई विनय कुमार वर्मा और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेंद्र महिलांग को शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।भानुप्रतापपुर रामेश्वर देशमुख व गठित टीम एसआई पटेल दमकसा हेड कांस्टेबल नरोत्तम लतिया

आर संतोष एवं सायबर सेल कांकेर से प्र.आर.मनी राम भोई आर.आशीष कुंजाम के द्वारा दीगर राज्य से आरोपियों को पतासाजी व गिरफ्तार करने में विशेष योगदान रहा हैं।

राइट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

निम्नलिखित पद(दों)/विषय के लिए राइट्स कार्यालयों में लिखित परीक्षा/वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से अनुबंध के आधार पर पेशेवरों की आवश्यकता है

वीसी सं.	पद	पदों की संख्या	स्थान एवं तिथि
सीएल/32/25	इंजीनियर (अल्ट्रासोनिक परीक्षण)	02	वॉक–इन–इंटरव्यू 26 से 28 मई 2025 तक राइट्स कोलकाता और गुड़गांव में निर्धारित है।
सीएल/04-R1/25	फील्ड इंजीनियर	06	लिखित परीक्षा 24 मई को विज्ञापन के अनुसार विभिन्न स्थानों पर निर्धारित है।
सीएल/05-R1/25	साइट मूल्यांकनकर्ता	06	
सीएल/10-R1/25	तकनीशियन	02	

आवेदन कैसे करें, पद, पारिश्रमिक, योग्यता, आयु, तिथि एवं स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी राइट्स की वेबसाइट www.rites.com पर करियर अनुभाग के अंतर्गत पोस्ट किया गया विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्र.135/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 01/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 21/05/2025 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।–

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	अशोक पिंगले भवन एवं विकास भवन में विद्युत मरम्मत कार्य।	1.70
2	विकास भवन के भूतल में महापौर कक्ष, एमआईसी सदस्यों के कक्ष तथा तृतीय तल का पोताई, मरम्मत व नवीनीकरण कार्य।	9.64

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी Website: www.bilaspurnagarnigam.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

देवांगन समाज जिला गरियाबंद का पांचवा वार्षिक सम्मेलन संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवांगन समाज जिला गरियाबंद का पांचवा वार्षिक सम्मेलन बिन्द्रानवागढ़ राज के भवन मजरकट्टा में हुआ इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि मा . डॉ ओमप्रकाश देवांगन प्रदेश अध्यक्ष देवांगन समाज छत्तीसगढ़,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चिरंजीव देवांगन व विशिष्ठ अतिथि मा.महेश देवांगन उपाध्यक्ष अखिल भारतीय देवांगन समाज, मा. धनेश देवांगन प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ देवांगन समाज छत्तीसगढ़, मा.शरद देवांगन प्रदेश उपाध्यक्ष देवांगन समाज छत्तीसगढ़ व नरेंद्र देवांगन अधिवक्ता गरियाबंद के सानिध्य में मा परमेश्वरी देवी की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ अपने मुख्य अतिथि में डॉ ओमप्रकाश देवांगन ने समाज के समग्र विकास व उत्थान के लिए नारी शशक्तिकरण पर विशेष बात कही वही उन्होंने आज हमारा समाज सिर्फ बुनकर बनकर न रह कर हर क्षेत्र में चाहे राजनीति क्षेत्र प्रशासनिक क्षेत्र हो या अन्याय क्षेत्र में कम कर रहा है हमारा समाज कैसे एक जुट होकर नए भारत व नए छत्तीसगढ़ के साथ काम करे व सामाजिक बुराइयों से कैसे दूर रहे इस पर समाज को अपने उद्बोधन पर मार्गदर्शन दिया वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारा समाज एक समृद्धशाली समाज के रूप में प्राचीन काल से जाना जाता आ रहा है हमारा समाज भी ग्यारहवीं श्दाब्दी में लगभग ग्यारह सौ साल तक इस देश में हमारा समाज का राज रहा है नेपाल से लेकर उत्तर भारत तक बरार राज व कुशवाहा राज के नाम से जाना जाता रहा है आज हम इस परिवेश में कहा है ओर हमारी गौरवशाली परंपरा कहा हैं इसे पुनः स्थापित करने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा व बुराइयों दूर होकर पुनः अपनी गौरव शाली परंपरा को प्राप्त करना होगा

समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को व स्थानीय निकायों में जो जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आए हैं उन सभी को साल श्रीफल के साथ साथ नगर राशि प्रदान कर सम्मानित किया जिसमे पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विषय में पूरे प्रदेश पर द्वितीय स्थान प्राप्त की हुई कुमारी हिना देवांगन गरियाबंद को प्रतीक चिन्ह साल व प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान किया एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में 80/प्रतिशत अधिक प्राप्त छात्र छात्राओं का भी नगद राशि साल व प्रतीक चिन्ह देकर देवांगन रत्न से सम्मानित किया जिसमे कुमारी पूर्णिमा देवांगन, कुमारी जाह्नवी देवांगन, कुमारी पूर्वी देवांगन ,कुमारी राधिका देवांगन कुमारी तामेश्वरी देवांगन, चि.नितेश देवांगन को देवांगन रत्न से सम्मानित किया वही नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में श्रीमति कंचन देवांगन पाण्डुका जनपद सदस्य छुरा ,श्रीमति प्रगति देवांगन जनपद सदस्य गरियाबंद,श्रीमति सुनीता देवांगन उपसरपंच काटीदादर, श्रीमति मधु देवांगन पार्षद नगरपालिका परिषद गरियाबंद,श्री शांतनु देवांगन पार्षद नगरपंचायत छुरा को भी देवांगन रत्न से सम्मानित किया साथ ही

अजय रोहरा ने जगदीश रामू रोहरा को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी नगर निगम अध्यक्ष जगदीश रामू रोहरा के जन्मदिवस के अवसर पर भाजयुमो नेता अजय रोहरा ने धमतरी विश्राम गृह में सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं भाजपा आईटी सेल संयोजक सागर मयाणी भी उपस्थित रहे। सभी ने रोहरा को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान अजय रोहरा ने कहा कि जगदीश रामू रोहरा न केवल एक कुशल संगठनकर्ता हैं, बल्कि समाज सेवा में भी उनका योगदान सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। इसके साथ ही धमतरी नगर विकास ही तरक्की के दिशा में आगे बढ़ रहा है।

न्यूज गैलरी

माध्यमिक विद्यालय गोरेगांव का परीक्षा परिणाम घोषित

नगरी/नव प्रदेश। समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024- 25 का कक्षा छठवीं व सातवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीवनलाल यादव उप सरपंच गोरेगांव व अध्यक्षता नारद राम साहू अध्यक्ष वि प्र समिति, विशिष्ट तिथि लेख राम गंगबेर ग्राम सभा अध्यक्ष, देवकी बंजारे, तुलसी बाई साहू थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्रों पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने कक्षा छठवीं व सातवीं के परीक्षा फल का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा छठवीं में लवीना प्रथम,कु दीपिका साहू द्वितीय व हर्ष कुमार साहू तृतीय रहे ।कक्षा सातवीं में कु उर्वशी साहू व कु लावण्या निषाद 89 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप में प्रथम, कु जिज्ञासा द्वितीय व पेमेश्वरी यादव तृतीय स्थान पर रहे। प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए आशीर्वचन दिए। उक्त अवसर पर शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, ऋषिकेश साहू, गंगा यादव सहित समस्त पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन के पी साहू व आभार प्रदर्शन आर के कोसरिया के द्वारा किया गया।

सास की हत्या करने वाली बहू को आजीवन कारावास की सजा

भाटापारा/नव प्रदेश। ग्राम अमेरी थाना सुहेला में अपनी सास प्यारी बाई को लोहे के रपली से मारकर हत्या कारित करने वाली बहु अभियुक्ता चंद्रप्रभा वर्मा को धारा 302 भा. द. संहिता के आरोप में भाटापारा के अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की घटना थाना सुहेला अंतर्गत ग्राम अमेरी की है, जहाँ प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08-09-2022 की सुबह 11.00 बजे घर से भटभेरा जाने निकला था। उस समय घर मे उसकी पत्नी प्यारी बाई और बहु चंद्रप्रभा थी। दोपहर करीब 2.30 बजे उसका बड़ा भाई ने बताया कि बहु चंद्रप्रभा गिर गई है, पैर में मोच आ गया, तो वह तत्काल घर आया और दरवाजा खटखटा कर आवाज दिया, किंतु कोई दरवाजा खोलने नही आया तो वह अपने बड़े भाई के नाती को छत के ऊपर से जाकर देखने बोला तो वह देख कर बताया कि नानी खून से लथपथ स्टोर रूम मे पड़ी है, तो वह भी छत के ऊपर से जाकर देखा तो उसकी पत्नी खून से लथपथ स्टोर रूम मे पड़ी थी। उसके सिर मे गहरा चोट था। हिला - डुलाकर देखा फौत हो गई थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी और छत से वापस आते समय दिवाल से नीचे गिर गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर शव पंचनामा कर साक्षियों के कथन लेखबद्ध किया गया, जिसके आधार पर अभियुक्ता की उक्त अपराध मे संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर घटना स्थल से लोहे की रपली जप्त कर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष उक्त प्रकरण में अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने कठोर सजा देने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए अभियुक्ता चंद्रप्रभा वर्मा को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 201 भा. द. संहिता में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये से दंडित किया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव द्वारा एवं विवेचना थाना सुहेला के सहायक उपनिरीक्षक माधो प्रसाद साहू व उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे द्वारा किया गया है।

ठाकुरटोला के पास घटना को दिया अंजाम

पुलिस ने राहगीर से मारपीट व लूटपाट करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ ट्रक ड्राईवर को चाकू मारने व पैदल यात्री से मारपीट कर लूट करने वाले 01 आरोपी सहित 02 अपचारी बालको को लिया गया हिरासत में

राजनांदगांव/नव प्रदेश। रात्रि में ठाकुरटोला नाला के पास तीन लड़के एक सफेद रंग की स्कूटी से आकर पैदल दुर्ग जा रहे व्यक्ति को रोककर मारपीट कर मोबाईल फोन व बैग को लूटने तथा पारीनाला के पास ट्रक को रूकवाकर ड्रायवर के साथ गाली गलौच कर चाकू मारने वाले अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 82/2025 धारा 309(4), 309(6), 3(5) बीएनएस तथा थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 199/2025 धारा 109(1), 296,351(2),3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना सोमनी पुलिस, थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल की टीम गठित कर आरोपी पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना पर से संदेही धनेन्द्र साहू एवं 02 अपचारी बालको को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी धनेन्द्र साहू अपने दोस्तों के साथ घटना दिनांक 28.04.2025 को उर्स देखने राजनांदगांव आते समय रात्रि करीबन 01:20 बजे ठाकुरटोला टोलप्लाजा के आगे ठाकुरटोलानाला के पास पैदल दुर्ग की ओर जा रहे एक व्यक्ति को रोककर मारपीट कर चाकू मारना तथा उस व्यक्ति के बैग व मोबाईल फोन छीनकर कर उर्स देखने राजनांदगांव जाना, बैग में रखे 2000/- रूपये मे से 1050/- रूपये को खाने पीने में खर्च करना तथा बचत पैसे को आपस में बाटना व उर्स देखकर वापस रायपुर जाते समय पारीनाला के पास ट्रक वाले को रूकवाकर गाली गलौच करना व अपने दोस्त द्वारा ट्रक ड्राईवर को चाकू मारना तथा भीड को देखकर वहॉ से भागना बताया। आरोपी धनेन्द्र साहू के निशानदेही घटना में प्रयुक्त एक्टीवा, चाकू लूट के 350/- रूपये तथा विधि से संघर्षरत बालको से मोबाईल व नगदी रकम 600/- रूपये को जप्त किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन,थाना सोमनी के निरीक्षक सत्यानारायण देवांगन, प्र0आर0 डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आर0 सहबाज सिद्धिकी, थाना कोतवाली से निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उनि रतन सिंह नेताम एवं सायबर सेल टीम राजनांदगांव का सराहनीय योगदान रहा है।

माता-पिता परिवार के जीवित देवी-देवता, जब वो निराश हों समझो, देवता आपसे रूठ गए

राजनांदगांव/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की महत्वपूर्ण नवीन सत्र के द्वितीय कार्यकारिणी की बैठक अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार के आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल ने की। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों से आए लगभग 250 प्रतिनिधि जिसमें पुरुष महिला एवं युवा शामिल है द्वारा अनेक विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। स्वागत उद्बोधन में डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज हम यहां लगभग 25 साल पुराने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने और अब तक सफलतापूर्वक संचालित योजनाओं की समीक्षा करने के लिए एकत्रित हुए हैं, उन्होंने कहा कि, माता-पिता परिवार के जीवित देवी देवता हैं, जब जीने से वे निराश हों जाए, समझो कि, देवता आपसे रूठ गए, अब घर से खुशियों के जाने का समय आ गया है। इसलिए सेवा को अपना परम धर्म समझने वाले समाज के युवा साथियों से आवाहन करता हूं कि वह समाज सेवा के साथ-साथ माता-पिता की सेवा को अपना परम धर्म समझे। प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने कार्यकारिणी सभा का संचालन करते हुए, पिछली बैठक की कार्यवाही की सभासदों से पुष्टि कराई, महामंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया एवं प्रांतीय प्रचार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रांतीय सदस्यों को रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के अनेक अस्पतालों में छूट का लाभ प्राप्त हो रहा है। मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया ने आयोग के संदर्भ में हुई गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 716 सामान्य बच्चों एवं 150 विधवा-विधुर व्यक्तियों के विवाह संबंध इस ग्रुप के माध्यम से संपन्न हुए हैं।

सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से कवर्धा में डाकघर भवन निर्माण की मंजूरी

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय का प्रयास रंग लाया है। सांसद पांडेय के प्रयास व मांग से कवर्धा में डाकघर के भवन निर्माण हेतु केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। सांसद संतोष पांडेय ने कवर्धा में डाकघर हेतु भवन नहीं होने को लेकर 1 अप्रैल 2025 को लोकसभा में प्रमुखता से मुद्दा उठाया था और शीघ्र राशि स्वीकृत करने की मांग सदन में की थी। सांसद पांडेय ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा था कि कवर्धा का मुख्य डाकघर पिछले लगभग 60 वर्षों से किराए के भवन में संचालित हो रहा है। वर्तमान में डाकघर का कार्यालय छीरपानी कॉलोनी में स्थित आरटीओ कार्यालय के ऊपर स्थित है, जहां हर महीने 8,130 किराया चुकाना पड़ता है। कबीरधाम जिले में 98 शाखा डाकघर संचालित हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में स्थित मुख्य डाकघर खुद अस्थायी ठिकाने पर है। जानकारी अनुसार डाकघर के भवन निर्माण के लिए आदर्श नगर में 26 डिसमिल जमीन आवंटित भी की गई है। लेकिन यहां अब तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है। इससे कार्यालय के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया था कि 1 अक्टूबर 1854 को भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई, जिसे भारतीय डाक सेवा की शुरुआत माना जाता है। अष्टराज अंभोज(1925)में उल्लेख है कि कवर्धा राज्य के कवर्धा और दशरंगपुर में डाक घर का उल्लेख है। साथ ही बजट में सन 1888 में डाक तार की व्यवस्था के लिए राशि रखी गई थी।

अर्थात कवर्धा में 137 सालों से डाक व्यवस्था चल रही है। लेकिन आज तक इसके लिए भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। इससे जिलेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद पांडेय की मांग पर केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कवर्धा में डाकघर के भवन निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान कर राशि भी आवंटित कर दी है। अब कवर्धा में डाकघर का शानदार भवन निर्माण होगा। लोगों को इसका लाभ मिलेगा और डाकघर का व्यवस्थित संचालन होगा। सांसद पांडेय ने जिले को उक्त कार्य की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया है।

हाई सिक्योरिटी नंबर की अनिवार्यता, सरकार ने बनाया लूट का अवसर

सिमगा/नवप्रदेश। पुराने वाहनों मे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने मे प्रतियागत त्रुटि,असुविधा और अनिवार्यता को लेकर की जा रही सख्ती का कड़ा परिवाद करते हुए बहुजन आंदोलन पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा है कि छत्तीसगढ़ मे हजारों कंपनियां है जो नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का काम किफायती दर पर कर सकती है।

नालों की हो रही सफाई का अश्वनी ने किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित नालों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने त्वरित सफाई का निर्देश दिए। बारिश के दिनों में नालों में अत्यधिक गंदगी आने और आसपास की गलियों में जलभराव होने तथा बीमारियों की स्थिति से नागरिकों को राहत मिल सके। नगर पालिका परिषद द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी वार्डों में स्थित नालों की समयबद्ध सफाई हो और बरसात के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा के मार्गदर्शन में तथा स्वास्थ्य निरीक्षक आनंद राठौर की निगरानी में संपन्न किया जा रहा है । निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छता के लिए कोई कोताही न बरती जाए। नालों की सफाई के साथ-साथ कचरा निष्पादन की प्रक्रिया भी सुचारु रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभापति मनीष मिश्रा, संतीश तलरेजा, पार्षद संतीश साहू, नंदू वैष्णव, कुंजराम कोशले, बंटी टंडन, सब इंजीनियर कमलेश साहू तथा स्वास्थ्य निरीक्षक आनंद राठौर भी साथ थे।

जन दर्शन में समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण

■ धीरे-धीरे तहसील कार्यालय नगरी जन दर्शन में लोगों का रुझान धीरे-धीरे दिखाई दे रहा है

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत गोरेगांव के आश्रित ग्राम टेंगना के महिला पुरुष बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे।ग्रामीणों का कहना है कि गांव विगत वर्ष वर्षों से मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है पिछले समय कलेक्टर में ग्रामीणों द्वारा आवेदन किया गया था परंतु आज तक किसी प्रकार की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। वहीं महिलाओं ने कहा कि मुख्य मार्ग पर थोड़ी सी पानी गिरने के गली में पानी भर जाता पानी निकासी की कोई सुविधा नहीं है। साथ वही लोगों का कहना है शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेय जल हेतु पाइप लाइन का विस्तार किया गया जिसमें ठेकेदार के द्वारा पाइप का बिछाई कार्य करने के बाद खाली छोड़ दिया गया जो पूरी तरह से गड्ढे हो गए हैं पानी जाम होने के कारण पानी बदबू कर रही है साथ ही आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथी वही लोगों को पानी नहीं मिल रहा है पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरपंच कन्हैया लाल नाग से बात करने पर बताया गया कि गांव वालों की लंबी मांग है। और यह कार्य को वर्ष कार्य योजना में जोड़ा गया जिसमे चैनी भाई सरस्वती भाई रीना बाई सुमन भाई अमित भाई सरस्वती पुजारी ललेश्वरी सैल भाई आरती निषाद टिकेश्वरी वेदमाती त्रिलोचना बाई सुरेखा बाई आस बाई चंपा बाई देवनाथ कश्यप रामसुंदर ध्रुव प्रेमचंद कश्यप जागेश्वर साहू छबिलाल रामकरण ध्रुव समस्त बड़ी संख्या में गांव वासी आए थे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी से जानकारी पर बताया गया कि तहसील कार्यालय नगरी मे कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को कार्यालय में 10:00 बजे से 1:00 तक आवेदन लेना है प्रत्येक ग्राम पंचायत की गांव के लोगों के द्वारा आवेदन दिया जा रहा है।

पहलगाम हत्याकांड | पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष भारतीयों पर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर निर्मम हत्या

पाकिस्तान को सबक सिखाने सिंधु जल रोकने के निर्णय को किसान नेता टिकैत ने बताया, पुतला फूंका, ज्ञापन सौंपा

■ पाकिस्तान आतंकवादियों की क्रूरता निंदनीय

कवर्धा/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष भारतीयों पर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर निर्मम हत्या की गई जिससे पूरे देशभर की जनता में आक्रोश है । इसी कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र की केन्द्र सरकार ने कई कड़े एवं बड़े फैसले लिए है, पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जिसमें से सिंधु जल समझौता भी है जिसका पानी पाकिस्तान जाने से रोक दिया है । इस फैसले को राष्ट्रीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने गलत ठहराया है जो बेहद ही निंदनीय और शर्मसार करने वाला है नरेश टिकैत के द्वारा यह कहना राष्ट्रद्रोह के श्रेणी में आता है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में आज किसान नेता नरेश टिकैत का पुतला दहन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा देश के 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई, जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय एवं देश की एकता और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशहित में सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की, जिसकी सराहना न केवल देशवासियों ने, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी की जा रही है। किन्तु, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता ऐसे राष्ट्रहितकारी निर्णयों का विरोध कर रहे हैं। कथित किसान नेता नरेश टिकैत का यह बयान कि ÷भारत और पाकिस्तान के किसान एक हैं, अतः सिंधु जल समझौता रद्द नहीं होना चाहिए÷, न केवल देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खाकर, देश के विरोध में बयान देते हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। पूर्व में भी इन्होने किसान आंदोलन के नाम पर लाल किले की प्राचीर पर हुड़दंग मचाकर राष्ट्र को अपमानित करने का कृत्य किया गया था।

हम निम्नलिखित मांग करते हैं

1. नरेश टिकैत पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए।
2. उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।
3. उन्हें देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने हेतु बाध्य किया जाए।

यह हम सबका कर्तव्य है कि जब बात देश की अखंडता और संप्रभुता की हो, तो हम एकजुट होकर राष्ट्र के साथ खड़े रहें और राष्ट्रविरोधी विचारों का डटकर विरोध करेंगे और आगे भी करते रहेंगे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र मानिकपुरी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री कमलेश द्विवेदी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री सचिन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अनसूचित जाति मोर्चा पंचराम कोशले, जनपद सदस्य दिनेश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अनिल साहू, मंडल महामंत्री रामफल यादव, अनिल सिंह ठाकुर, मंडल मंत्री खेमराज साहू, देवा चौबे, मनोज पांडेय, रामचंद्र साहू, कान्हा गुप्ता, वंताराम साहू, मुनिराम चंद्रवंशी, कोमल सिंह चंद्रवंशी, कंचराम चंद्रवंशी, सहित भारतीय जानता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार तीन चरणों में होगा आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन-प्रशासन स्तर के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने प्रभावी पहल की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण अंतर्गत आमलोगों से आवेदन प्राप्त किया जा चुका है और द्वितीय चरण अंतर्गत निराकरण किया जा रहा है। तीसरे चरण अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत 05 मई को ग्राम दौना के शासकीय माध्यमिक स्कूल, 06 मई को मंदिर परिसर सेतगंगा, 07 मई को स्कूल मैदान राम्हेपुर एन, 08 मई को खेल मैदान अमोरा, 09 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर भालापुर, 10 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान डिंडौरी, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान बदरा ब, 13 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान खपरीकला, 14 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, 15 मई को सिद्ध मुनिबाबा मेला मैदान सेमरसल, 16 मई को मेला स्थल पथरगढ़ी, 17 मई को हाइस्कूल परिसर पण्डरभट्ठा, 19 मई को शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान बिजराकछार, 20 मई को खेल मैदान हथनीकला, 21 मई को धान खरीदी केन्द्र के पास कंतेली और शासकीय हाइस्कूल मैदान कोयलारी, 22 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान गोड़खाम्ही, 23 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान पड़ियाईन, 24 मई को चारभाठा और शासकीय हाइस्कूल मैदान बैगाकापा, 26 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान मनोहरपुर, 27 मई को क्रिकेट खेल मैदान सल्फा, 28 मई को कृषि कॉलेज के समाने चातरखार, 29 मई को शासकीय हाइस्कूल मैदान चेचानडीह, 30 मई को स्कूल परिसर के पास थाना के पास छतौना और 31 मई को ग्राम लालाकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शा. कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन 15 से

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शा. कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 23 जून को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन हेतु छात्राओं का ग्रेड होना अनिवार्य है।

ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में गुड्डे-गुड़िया का हुआ विवाह

पुतरा-पुतरी का विवाह रचाकर अक्ती पर्व मनाया, दी एक-दूसरे को बधाई

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में अक्ती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से लोग मटका, सत्तू, तिली आदि का दान करते रहे। बच्चों ने शाम को घर-घर में पुतरा-पुतरी का विवाह रचा कर एक दूसरे को बधाई देते रहे। ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में विवाह होने के चलते देर रात्रि तक बारातियों का आना-जाना लगा रहा।

अक्षय तृतीया को शुभ मुहुर्त मानकर ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में विवाह का आयोजन किया जाता है। नगर में आज पर्व को लेकर बाजार में भीड़ देखी गई। अक्ती पर्व के लिए गोल बाजार में भी रौनक रही। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग गुड्डे-गुडिया एवं मटके खरीदने पहुंचे थे। 40 से 100 रुपए जोड़े के बावजूद खरीदारों के उत्साह में कमी नहीं रही। शहर व आसपास के लोग अक्षय तृतीय या एक दिन पहले ही खरीदारी करते है। मटका बेच रहे कुम्हारों का कहना है कि दो दिनों से देवताओं को अर्पित किए जाने वाले मटके की बिकवाली हो रही है। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है। सुबह से लोग मटका सत्तू अनाज रूपए आदि का दान करते रहे। कई सालों बाद शुभ नक्षत्र में पड़े अक्ती के इस त्यौहार पर लोगों को मंदिरों एवं पंडितों को दान-दक्षिणा करते रहे। अक्ती पर पुतरा-पुतरी का विवाह रचाने के लिए बच्चे उत्साहित रहे। बच्चों द्वारा छोटा मण्डप बनाकर गुड्डे गुड़ियों को सजाकर विवाह कराया गया। इस अवसर पर आस पड़ोस में शादी का न्योता देकर विधि-विधान से शादी की रस्म पूर्ण की गई। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में शुभ मुहुर्त मानकर बड़ी संख्या में विवाह होते रहे। क्षेत्र में आज सैकड़ो शादियां हुई। शादियों के चलते बस एवं मोटर गाड़ियों की कमी रही। जिससे यात्री भटकते रहे। वहीं गाड़ियों में रात्रि तक बारात आने-जाने वालों की भीड़ देखी गई।

कृषि महाविद्यालय में मना अक्षय तृतीया पर्व

मुंगेली/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली में पारंपरिक कृषि पर्व अक्षय तृतीया का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धरती माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भूमि में बीज बोया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आरएल शर्मा ने बताया कि अक्ति तिहार कृषि संस्कृति में आस्था, परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो कृषि नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस दिन किसान बीजों की पूजा कर अच्छी फसल के लिए कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को बीज संरक्षण एवं फसल उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान कृषि महाविद्यालय मुंगेली के अधिकारी-कर्मचारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ इंजी. पल्लवी पोर्ते, सहायक प्राध्यापक डॉ. देवाशीष पाड़ी, ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकुमार साहू, छात्र-छात्राएं एवं आसपास के कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नवप्रदेश में प्रकाशित खबर का असर, हरकत में आया प्रशासन

बंद वाटर एटीएम शुरू, शुद्ध पेयजल की हो रही आपूर्ति

मुंगेली/नवप्रदेश। वाटर एटीएम बंद शीर्षक से 27 अप्रैल को नवप्रदेश में प्रकाशित खबर को नगर पालिका प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए बंद पड़े वाटर एटीएम को पुनः चालू कराया। जिससे अब आम जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

शहरी क्षेत्र 19 लाख रुपए की भारी भरकम लागत से नगर में लगाए गए 2 नग वाटर एटीएम लगाये गये है। वाटर एटीएम बंद रहने से आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा था। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के मद्देनजर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा लोगों को नाम मात्र के दर में फिल्टर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नग वाटर एटीएम लगाया गया था। पहला नया बस स्टैंड एवं दूसरा थोक सब्जी बाजार बुधवारी में स्थापित किया गया है। इन व्यस्ततम क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके, जो पिछले 3 वर्षो से बंद पड़े थे। नवप्रदेश में 27 अप्रैल को वाटर एटीएम बंद खबर प्रकाशित होने के साथ ही नगर पालिका परिषद मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत बंद पड़े दो वाटर एटीएम को पुनः चालू कर दिया गया है। इस संबंध में सुशासन तिहार के अंतर्गत भी प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेकर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर वाटर एटीएम चालू करने के निर्देश दिए थे। जिस पर ठेकेदार ने तत्परता दिखाते हुए मरम्मत कार्य कर दोनों एटीएम शुरू कर दिए, जिससे अब आम जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इस दौरान सहायक अभियंता प्रवीण कुमार साहू, पेयजल प्रभारी कोमल भास्कर तथा नवीन दुबे मौजूद रहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का निधन

क्षेत्र में शोक की लहर

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति और रियासती परंपरा से जुड़ी एक बड़ी हस्ती, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सक्ती रियासत के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का आज निधन हो गया। उन्होंने हरी गुजर पैलेस में दोपहर 2.45 बजे अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह न केवल रियासती इतिहास के गौरवशाली प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कई कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने सक्ति विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक के रूप में जनप्रतिनिधित्व किया। वे अखंड मध्यप्रदेश में जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे, तब कैबिनेट मंत्री रहे। राजनीति में उनकी छवि दृढ़, नीतिवान और शालीन नेतृत्वकर्ता की रही। वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह जी के अत्यंत निकट और विश्वस्त रहे। उनके निधन की खबर फैलते ही सक्ती सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। आज रियासत और राजनीति दोनों ने अपना एक आदर्श स्तंभ खो दिया। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियाँ सदैव याद रखेंगी। अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को हरी गुजर पैलेस में रखा गया था, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने लोगों का तांता लगा हुआ था।

लिलवाकापा में विधायक मोहले ने पेट्रोल पंप का किया शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा मुंगेली विकासखंड के ग्राम लिलवाकापा में राज्य का पहला मिनीमाता पेट्रोल पंप प्रारंभ किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रिबन काटकर किया। उद्घाटन समारोह में निगम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसराए प्रबंध संचालक जगदीश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधिए मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

विधायक श्री मोहले ने कहा कि शासन द्वारा संचालित यह पेट्रोल पंप न केवल ईंधन की उपलब्धता के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध होगाए बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने इस सुविधा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। निगम अध्यक्ष श्री बेसरा ने कहा कि अंत्यावसायी निगम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक आर्थिक सहायता पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। पेट्रोल पंप जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। वहींए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पांडेय ने विभागीय योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। प्रबंध संचालक श्री सोनकर ने बताया कि यह पेट्रोल पम्प इंडियन ऑयल के सहयोग से स्थापित किया गया है। इससे निगम की आर्थिक सुदृढ़ता में सहायता मिलेगी और भविष्य में अन्य जिलों में भी ऐसे लाभकारी प्रकल्पों की स्थापना की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र जांगड़े ने पेट्रोल पंप की योजनाए संरचना एवं संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन निगम की सचिव गायत्री नेताम द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों को राजकीय गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आनंदाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला ने जिला मुख्यालय के रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने उक्त शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुये उनके समस्याओं को सुना और उनका सुख-दुख साझा किया।

पीएमश्री के विद्यार्थियों को सौरमंडल के ग्रहों, नक्षत्रों की मिली जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक दोनों माध्यम के विद्यार्थियों का समूह ने 29 अप्रैल को शैक्षणिक भ्रमण पर सर्वप्रथम वंडर वर्ल्ड पहुँच कर विश्व के 7 अजूबों सहित राम मंदिर अयोध्या के मॉडल के अवलोकन किए। इसके उपरांत बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डा बिलासपुर में विमान आवागमन से संबंधित जानकारी प्राप्त किए। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ग्रंथालय, राजप्रत्र, आर्काइव एवं आडिटोरियम का अवलोकन कर न्यायालयीन अधोसंरचना से अवगत हुए। तत्पश्चात डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम तारामंडल में सौरमंडल के ग्रहों, नक्षत्रों उपग्रहों एवं आकाशगंगा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन होने से उनमें वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक जानकारी का विकास हुआ एवं उनमें नई नई बातें जानने की जिज्ञासा जागृत हुई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शाला के दोनों माध्यम के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव एवं कार्यक्रम प्रभारी पंकज मिश्रा द्वारा दी गई ।

जेईई, नीट, बीएससी नर्सिंग व सीयूईटी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रास मास्टर की एकेडमी द्वारा जेईई, नीट, बी.एस.सी. नर्सिंग एवं सीयूईटी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 एवं 75 दिवसीय निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग 25 मार्च से दी जा रही है। जिसमें आसपास से लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्रा सम्मिलित हो रहे हैं। प्रतिभागियों को एक दिवसीय आऊटडोर क्लास के रूप में शैक्षणिक भ्रमण में जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉ. एम.के. राय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के निर्देशन में कौंसलर दिलीप बसंत द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के विभिन्न विभागों जैसे पंजीयन, पूछताछ, आयुष्मान कार्ड, पुलिस सहायता कक्ष, औषधि वितरण, मातृत्व, शिशुरोग विभाग, फिजियोथेरेपी, नेत्र रोग, स्त्रीरोग, इंजेक्शन कक्ष, नाक-कान-गला रोग विभाग, दंत चिकित्सा, क्रिटिकल मेडिसिन विभाग, मनोरोग, आयुष विभाग एवं स्पर्श क्लीनिक, ऑपरेशन थियेटर, बी.पी.शुगर जाँच, ईसीजी, पैथोलेब, एक्सरे, सोनोग्राफी, भण्डार कक्ष, गहन चिकित्सा कक्ष, ड्रेसिंग रूम, आपातकालीन सेवा, महिला वार्ड, जनरल वार्ड, शिशु वार्ड, नर्सिंग स्टॉफ, टीकाकरण केन्द्र, ब्लड बैंक, सिकलसेल, कोविड सेंटर आदि एवं उनके गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इससे पूर्व डॉ. एम.के.राय ने कहा कि सफलता का शार्टकट नहीं होता अतएव रटना नहीं केवल समझकर पढ़ें। जीवन में कई काम हैं यदि किसी एक काम में सफलता नहीं मिलती है तो कार्यक्षेत्र बदल दें पर जीवन में कभी हार न मानें, चिकित्सा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें जीवनभर परीक्षाएं होती है अतः रूचिकर विषय के साथ आगे बढ़ सकते हैं। चिकित्सालय परिसर भ्रमण करने एवं विभिन्न विभागों की जानकारी होने से भविष्य में परिवार एवं समाज के लिए सहयोगी बन सकेंगे। जुनुनी छात्रों को नींद, भूख, प्यास एवं अन्य गतिविधियां छोड़ केवल लक्ष्य दिखाई देता है। यदि छात्रों में जुनुन हो तो सफलता निश्चित है। संस्था प्रमुख द्वारा जिला प्रशासन एवं चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग का सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया। डॉ. संदीप पाटिल, डॉ. प्रगति कौशिक, डॉ. हरेन्द्र भारद्वाज, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. साहू, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डे, दंत चिकित्सक डॉ. रश्मि बंजारे पाटले द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मजदूर दिवस पर विशेष | कुछ परिवार ऐसे जो अभी भी सरकार की योजनाओं की लाभ से हैं वंचित

हजारों गरीब परिवार ऐसे हैं जिनकी रोजी-रोटी हाड़ तोड़ मजदूरी पर ही निर्भर

मुंगेली/नवप्रदेश। सरकार भले ही गरीब व मजदूर वर्ग के लिए रोजगार गारंटी और सस्ता चावल देने की योजना चला रही है लेकिन अभी भी हजारों गरीब परिवार ऐसे हैं, जिनकी रोजी-रोटी हाड़ तोड़ मजदूरी पर ही चलती है। कुछ परिवारों को तो योजना का लाभ ही नहीं मिल पा रहा है।

रोज काम कर पेट की आग बूझाने वाले इन मजदूरों के आगे सूरज की आग भी कोई मायने नहीं रखती। हर सुबह उनको उस दिन परिवार का पेट भरने की चिंता सताती है। मजदूर दिवस क्या है यह भी वे नहीं जानते। वे जानते हैं तो बस इतना कि पेट की आग को बुझाने के लिए हाड़तोड़ मेहनत करना जरूरी है। मजदूरों का कहना है कि धूप किसे नहीं लगती, लेकिन पेट पालने के लिए काम तो करना पड़ेगा। उनका कहना है कि तपती धूप में काम करे वही मजदूर कहलाता है। मनरेगा का काम गांवों में चलता है फिर भी विभिन्न कारणों से ग्रामीण मजदूर शहर आकर दो जून की रोटी के लिए संघर्ष करने मजबूर हैं। भीषण गर्मी में तापमान जहां एक ओर 45 डिग्री की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। सामान्य वर्ग के लोग गर्मी से बचने दोपहर में आराम कर रहें हैं। दूसरी ओर मजदूरों को तो बस पेट की आग बूझाने के लिए चंद रुपए की मजदूरी की आवश्यकता होती है। इसके लिए भोर की पहली किरण के साथ संघर्ष शुरू हो जाता है। शहर में गोल बाजार चौक में रोज सैकड़ों मजदूर गांव से आकर मजदूरी की तलाश करते काम में जुट जाते है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को भी रोजगार गारंटी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। काम अगर मिल भी रहा है तो मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है। ऐसे में वे शहर की ओर काम की तलाश में भाग रहे हैं और ठेकेदारों के अंडर में 250-300 रुपए रोजी में काम करने को मजबूर हैं। नगर के मजदूरों ने बताया कि महंगाई के जमाने में एक-दो सदस्य के काम करने पर परिवार का गुजारा नहीं हो पाता, इसलिए महिलाएं भी रेजा का काम करती है। इस काम से उसे 250 रुपए मिल जाते हैं। राजकुमार ने बताया कि रोजगार गारंटी में नियमित काम नहीं मिलता और भुगतान में भी विलंब होता है। इसलिए वह शहर में आकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

पेंडाराकापा में वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा में वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। उपस्थित अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सहोरिक यादव नायब तहसीलदार, सकरी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. दीनानाथ उपाध्याय, ज्योतिषाचार्य एवं उपाध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति के द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं श्रीफल से किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया। भैया/बहनों को आर्शिवचन देते हुए मुख्य अतिथि सहोरिक यादव ने कहा कि अपने भतीजे और भतीजी को मै कहीं और भी पढ़ा सकता था लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार केवल सरस्वती शिशु मंदिर में ही प्राप्त हो सकता है इसी लिए मैनें उन्हें इसी विद्यालय में प्रवेश दिलाया निश्चित ही कोई भी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए परिश्रम की आवश्यक्ता होती है ।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, धर्म सभा के साथ हुआ समापन

दयालबंद स्थित शीतला माता मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। समग्र ब्राम्हण समाज व परशु सेना द्वारा चार दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आज शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। आयोजन समिति ने बताया कि पिछले 33 सालों से निरंतर समिति द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। आने वाले समय में इसकी भव्यता और भी बढ़ेगी।

दयालबंद स्थित शीतला माता मंदिर से शाम पांच बजे शोभायात्रा विधिवत पूजा के बाद निकाली गई। यह शोभायात्रा गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार से होते हुए पंडित देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रागंण में समाप्त हुई। स्कूल परिसर में चिन्मयानंद बाबू द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। चिन्मयानंद बाबू ने सभा को संबोधित करते हुए वर्तमान में हो रहे धर्मांतरण और हिन्दू धर्म की महत्ता को उपस्थित लोगों को बताया। सभा के पश्चात उपस्थित लोगों को समिति द्वारा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा का स्वागत शहर के विभिन्न जगहों में किया गया। मुस्लिम समाज, सिंधी समाज, पंजाबी समाज सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। देवकीनंदन स्कूल प्रांगण में सभा समापन के बाद लोक कलाकारों द्वारा संध्या भजन का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति सहित सभी परशु सेना निरंतर सेवा में रही। समिति ने कहा कि यह आयोजन शहर में आपसी भाईचारा और सौहार्द्र का संदेश देता है। इसमें सभी समाजिक लोगों का सहयोग बना रहता है।

गौरवशाली विभूतियों का हुआ सम्मान

शोभायात्रा के दौरान निकाली गई झांकी आकर्षक का केंद्र रही। मां काली, शिव तांडव नृत्य, अघोरी सहित विभिन्न तरह की झांकिया इस शोभायात्रा में शामिल रहीं। पंजाब से 51 सदस्यों के बैंड को विशेष रुप से आयोजन के लिए शहर बुलाया गया था। इनकी बैंड की धुन और सुमधुर भजन से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। स्थानीय कलाकारों द्वारा पंथी, सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस पूरे आयोजन में युवा पीढ़ी बतौर परशु सेना कार्यकर्ता के रुप में सक्रिय रही। वरिष्ठों के मार्गदर्शन में परशु सेना आयोजन के विभिन्न दायित्वों को पूरा करती है। आयोजन के समापन पर समाज के वरिष्ठों, प्रतिभाशाली युवाओं एवं समाज के गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया गया।

सामूहिक विवाह का आयोजन

आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया गया। समिति ने बताया कि यह पहला वर्ष था जब समिति ने सामूहिक विवाह की पहल की। यह आयोजन आने वाले सालों में निरंतर किया जाएगा। इस बार दो जोड़ों का विवाह समिति द्वारा किया गया। नवदंपतियों को समिति ने आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस की न्याय यात्रा आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शहर कांग्रेस कमेटी 2 मई को स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाल रही है। प्रदेश में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं और अपोलो में फर्जी डॉक्टर के इलाज से हुई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मृत्यु को और निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों की डिग्री की जांच की मांग करते हुए लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी रैली निकाल केंद्र और राज्य सरकार का विरोध करेगी। शहर हो या गाँव परे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बदतर हो गया है। शहरी क्षेत्रों में योग्य चिकित्सकों की कमी के साथ ही उन्नत चिकित्सा सविधाओं की नितांत आवश्यकता है। इसके बाद भी राज्य सरकार न तो चिकित्सकों की पर्याप्त संख्या में भर्ती कर पा रही हैं और ना ही खस्ताहाल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ला पा रही हैं। अपोलो हॉस्पिटल समेत अन्य सभी निजी अस्पतालों में फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों का गोरखधंधा धडल्ले से चल रहा हैं और सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही हैं। क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट और नर्सिंग होम अधिनियम सरकार की फ़ाइलों में धूल फांक रही हैं। कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़?वासियों के साथ ही जिले वासियों के साथ खड़ी हैं। 2 मई को जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के बैनर तले स्वास्थ्य न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है।

अनुकंपा नियुक्ति पर हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में है तो नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर दायर याचिका की सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में लिखा है कि यदि परिवार के सदस्यों में से एक सरकारी सेवा में है, तो अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इस टिप्पणी के साथ सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। प्रमुख पक्षकार बिलासपुर नगर निगम की ओर से अधिवक्ता संदीप दुबे ने पैरवी की।

बहतराई अटल निवास बिलासपुर निवासी मुरारीलाल रक्सेल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मां की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी मां नगर निगम बिलासपुर में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत थीं। 21 अक्टूबर 2020 को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई। याचिका के अनुसार वह अपनी मां के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसने 22 फरवरी 2021 को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ नगर निगम में आवेदन किया। नगर निगम ने 13 सितंबर 2023 को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता के पिता पहले से ही नगर निगम में सरकारी कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं, इसलिए वह अनुकंपा नियुक्ति के हकदार नहीं हैं। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि पिता लंबे समय से उससे अलग रह रहे हैं और वह अपनी मां पर आश्रित था, जिनकी 21.10.2020 को सेवा के दौरान मृत्यु हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु ने अपने फैसले में लिखा है कि रिट याचिका की दलीलों से यह स्पष्ट है कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए याचिकाकर्ता के आवेदन को 13 सितंबर 2021 के आदेश द्वारा इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि परिवार के सदस्यों में से एक यानी उनके पिता पहले से ही सरकारी सेवा में हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला

प्रमुख पक्षकार नगर निगम बिलासपुर की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे ने कहा कि वर्तमान में प्रचलित नीति के अनुसार, यदि मृतक कर्मचारी के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में है, तो परिवार के अन्य सदस्य के दावे पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता संदीप दुबे ने छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य बनाम उमेश ठाकुर, रिट अपील संख्या 236/2022 में बिलासपुर हाई कोर्ट द्वारा 21.06.2023 को पारित किए गए निर्णय का हवाला भी दिया।

एनएसएस प्रभारी गिरफ्तार, 8 अन्य पर भी एफआईआर

विश्वविद्यालय में नमाज प्रकरण मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित एनएसएस कैंप के दौरान जबरन नमाज पढ़वाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस विवाद में नामजद तत्कालीन एनएसएस प्रभारी प्रो. दिलीप झा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके साथ 8 अन्य कार्यक्रम अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई थी। यह कार्रवाई बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर की गई। कोटा पुलिस ने दिलीप झा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य आरोपी कार्यक्रम अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई तेज हो सकती है।

गौरतलब है कि यह मामला 26 मार्च से 1 अप्रैल तक कोटा क्षेत्र के ग्राम शिवतराई में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर से जुड़ा है। शिविर में कुल 159 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से केवल 4 छात्र मुस्लिम समुदाय से थे। आरोप है कि 31 मार्च को ईद के दिन सुबह हिंदू छात्रों को जबरन नमाज पढ़ाई गई थी। इस घटना के बाद एबीवीपी और अन्य हिंदू संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। दबाव बढ़ने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्कालीन समन्वयक दिलीप झा को पद से हटाकर प्रो. राजेंद्र कुमार मेहता को नया एनएसएस प्रभारी नियुक्त किया था।

हम जिम्मेदार चिकित्सक व संवेदनशील शोधकर्ता करते हैं तैयार: डॉ. मूर्ति

सिम्स में ओरिएंटेशन व अनुसंधान पर कार्यशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बिलासपुर के बायोकैमिस्ट्री व्याख्यान कक्ष में 29 और 30 अप्रैल को प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित पीजी विद्यार्थियों को संस्थान की कार्यप्रणाली, नैदानिक व्यवस्थाओं, चिकित्सा अनुसंधान की मूलभूत समझ और अनुसंधान कौशल से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे रजिस्ट्रेशन और प्री-टेस्ट असेसमेंट के साथ हुई, जिसके पश्चात संस्थान के डीन डॉ. रामानेश मूर्ति ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि सिम्स में स्नातकोत्तर शिक्षा केवल चिकित्सकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अपने छात्रों को एक ज़िम्मेदार चिकित्सक और संवेदनशील शोधकर्ता के रूप में तैयार करने का प्रयास करते हैं। यह कार्यशाला इसी दिशा में एक छोटा लेकिन प्रभावी कदम है।

विधायक अमर ने किया सिम्स में कैंटीन का उद्घाटन

आज सिम्स में पूर्वा डेरी फ्रॉम के अंतर्गत कैंटीन का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर रमनेश मूर्ति डीन सिम्स, महापौर पूजा विधानी तथा सभापति विनोद सोनी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का राकेश मिश्रा एवं सुनीता मिश्रा के द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा अन्य अतिथियों का डॉक्टर मालविका मिश्रा, सौम्या मिश्रा ऋषिका मिश्रा के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। समस्त अतिथियों को डेयरी के शुद्ध घी प्रतीक चिन्ह के रूप में पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा के द्वारा दिया गया।

रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा बिलासपुर से 1 से 31 मई तक एवं रीवा से 2 मई से 1 जून तक उपलब्ध रहेगी।

आंध्र स्कूल के दो शिक्षकों को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

बिलासपुर /नवप्रदेश। आंध्र समाज द्वारा संचालित आंध्र समाज कन्या ऊ मां विद्यालय रेलवे परिक्षेत्र बिलासपुर में 30 अप्रैल को दो शिक्षक एम वी एम सत्यनारायण, शिक्षक वर्ग एक उच्च श्रेणी जिन्होंने 34 वर्ष स्कूल में सेवा प्रधान किया वाई वीरास्वामी शिक्षक वर्ग तीन 40 वर्ष की सेवा देने के उपरांत दोनों शिक्षक 62 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट हो गए। सत्यनारायण सर सर जिनको लोग मुरली सर के नाम से जानते हैं वह अपनी व्यवहार कुशलता बच्चों को प्यार से खेल खेल में शिक्षा

अध्ययन कराने की पद्धति को बच्चे अभिभावक एवं अन्य शिक्षक उन्हें बहुत पसंद करते थे वे अकाउंट्स एवं इकोनॉमिक्स के टीचर थे। शिक्षक वीर स्वामी बहुत ही मिलनसार सरल स्वभाव से बच्चों को पढ़ाते थे। वे सामाजिक विज्ञान के शिक्षक थे। दोनो शिक्षकों की विदाई समारोह आंध्रा समाज स्कूल के अड़ीटोरियम में रखा गया जिस में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक वर्ग अध्यक्ष एन रमना मूर्ति, सचिव पी श्रीनिवास राव, स्कूल प्रबंधन वर्ग में कोषाध्यक्ष टी रमेश बाबू, सह सचिव ए सत्यनारायण, आर मनोरथ बाबू, शिवाजी, के अप्पा राव, प्रिंसीपल आर रामाम ने उनकी शिक्षा में योगदान की बहुत प्रशंसा की है उनसे शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे आज कई महत्वपूर्ण संस्थानों में बड़े अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वे रिटायरमेंट तो हुए हैं लेकिन हमें हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे। विदाई समारोह में स्कूल शिक्षक, स्कूली बच्चे, अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे एवं उनके सेवानिवृत्ति पर अफसोस के साथ नम आंखों से विदाई दी है।

कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा: पारवानी

कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक भुवनेश्वर में आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, बिलासपुर सचिव हीरानंद जयसिंह ने बताया कि कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक भूवनेश्वर में सम्पन्न हुई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाया जायेगा है। कैट ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान, और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल ने कहा कि व्यापारी को होनें वाली छोटी बड़ी समस्या के निदान के लिए हमेशा व्यापारी के साथ कैट मजबूती खडा रहा है। इसलिए हम आगे भी छोटे व्यापारियों के लिए और भी अधिक मजबूती के साथ खडे रहेगें। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने शुरू मे बडी रकम वाले उत्पादो के कारोबार में अधिक दिलचस्पी ले रहे थे। लेकिन अब छोटी-छोटी वस्तुओं की बिक्री भी करने लगे है, जिससे छोटे व्यापारी का व्यापार छीना जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप देश के अन्दर लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। लगातार बढ रहे ई-कॉमर्स का विरोध करे और व्यापारी से सीधे जुड के खरीददारी करें।

राष्ट्रीय यूथ गेम्स 19 से, प्रदेश के खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली व स्टेयरस फाउंडेशन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संगठन खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूल और यूथ गेम्स 2024-25 का आयोजन 19 से 22 मई तक दिल्ली में 15 खेलों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है छत्तीसगढ़ के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि 15 खेलों की स्पर्धा में ताइक्वांडो, कराते, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, टेनिस क्रिकेट, स्पीड स्केटिंग, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, योगासन, खो खो की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ टीम सभी खेलों में भाग लेगी, प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से 10000 से अधिक खिलाड़ी 15 खेलों में खेलों में भाग लेकर अपने उच्चस्तरीय खेल कौशल का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ के लिए पदक अर्जित करेंगे, राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 22 व 23 मार्च को रायपुर में आयोजित हुई जिसमें 7 खेलों के खिलाड़ियों का चयन किया जा चुका है।

पूजा-अर्चना मां दुर्गा स्वरूप में सोलापुरी माता की पूजा-अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु

'मां दुर्गा सनातन में शक्ति, साहस और विजय की प्रतीक'

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री सोलापुरी माता पूजा समिति द्वारा बारह खोली चौक, स्टेशन रोड में आयोजित सोलापुरी माता पूजा उत्सव के छठवें दिन मां दुर्गा के रूप में माता की पूजा अर्चना की गई है। मां दुर्गा सनातन में शक्ति, साहस और विजय की प्रतीक है, जिसे दैवीय ऊर्जा का प्रमुख स्रोत माना जाता है। देवी ने असुरों का संहार कर धर्म की स्थापना की। मां दुर्गा को नौ रूपों में पूजा जाता है। देवी दुर्गा के इसी महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई। प्रतिदिन की भांति गीली हल्दी से

उनकी प्रतिमा निर्मित की गई। पुजारी पार्थ सारथी ने सहयोगी पुरोहितो और बाल पुजारियो के साथ देवी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्हें खीर का प्रसाद अर्पित किया गया, जिसे नीरज ललपुरे द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर देवी को अन्य विविध प्रकार के व्यंजन भी अर्पित किए जा रहे हैं , जिसमें चीला, इडली बड़ा , चंद्रकांतलू, बुरलू आदि सम्मिलित है। पूजा और आरती के पश्चात सफेद गणवेश में सम्मिलित महिला और पुरुष वालंटियर एक-एक श्रद्धालु तक आरती पहुंचाते हैं। वहीं सभी की बैठक व्यवस्था से लेकर उन्हें पेयजल प्रदान करना, उनकी सुरक्षा आदि की भी व्यवस्था इन्हीं वॉलिंटियर्स द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव ने बताया कि खड़कपुर और दक्षिण भारत में मां सोलापुरी की पूजा अर्चना ग्रीष्मकल में होने वाली बीमारियों और गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए की जाती है। बिलासपुर में भी जिस दिन से देवी की स्थापना की गई तब से यहां का मौसम भी खुशनुमा हो गया है और हवा में शीतलता घुल गई है।

लकी ड्रा के ये रहे विजेता

प्रतिदिन पूजा पंडाल पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को निशुल्क नि :शुल्क कूपन प्रदान किया जा रहा है। मंगलवार को अतिथि के रूप में डॉ विनोद तिवारी, डॉक्टर ओम मखीजा और एल एन मोनू परमानिक सम्मिलित हुए। बच्चों के समूह में वेदांत और हिमार्तिक के नाम की चिट निकली, जिन्हें स्टेशनरी सामग्री उपहार में दी गई , तो वहीं महिलाओं की श्रेणी में राधिका, पार्वती, पदमा रानी को साड़ी उपहार में दिया गया। इसके अलावा ममता दास, रजनी और टी मांगा को फोटो फ्रेम प्रदान किया गया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

■ न्यूज गैलरी

राजपूत समाज ने मनाया महापौर रामू रोहरा का जन्मदिन

धमतरी/नवप्रदेश। नगर के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा के जन्मदिन को वैदिक रीति से राजपूत समाज की महिलाओं व राजपूत क्षत्रिय समाज धमतरी द्वारा किले वाले श्री राम जानकी मंदिर में मनाया गया। इनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजपूत समाज की महिला अध्यक्ष पुष्पा देवी ठाकुर द्वार विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। महापौर द्वारा मन्दिर में महाआरती भी की गई, राजपूत समाज द्वारा श्री श्याम भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें गीतों के साथ सैकड़ों लोगों ने महापौर जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उपरोक्त कार्यक्रम में हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर जी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि महापौर जी से नगर की जनता को बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं अतः ईश्वर उन्हें उत्कृष्ट से उत्कृष्ट कार्य करने की क्षमता प्रदान करे। कार्यक्रम में श्री अमित सोना, आशीष शर्मा, सुधीर ठाकुर, राजेश ठाकुर, रेखा ठाकुर, रागिनी ठाकुर, गोपाल साहू, लक्ष्मी सोनी, नगेंद्र ठाकुर, महेंद्र खंडेलवाल और भी सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

नरेश टिकैत के विवादित बयान के विरोध में भाजपाइयों ने फूंका पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने बरोंड़ा चौक में नरेश टिकैत का पुतला दहन किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नरेश टिकैत ने देशद्रोह बयान दिया है, इससे देश के नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता क्षुब्ध व आक्रोशित हैं। टिकैत के बयान की घोर निंदा करते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाला चंद्राकर, संदीप घोष, मुन्ना साहू, सिरपुर मंडल अध्यक्ष दुर्गेश्वरी चंद्राकर, हाफिज, सुनील पटेल, शम्मी सलूजा, अरविंद प्रहरे, हनीस बग्गा, शरद राव, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री आदि मौजूद रहे।

अक्षय तृतीया एंव भगवान परशुराम जयंती पर महापौर ने दी शुभकामनाएं

राजनांदगांव /नवप्रदेश। अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी की जयंती पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान श्री परशुराम जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान शंकर के परम भक्त थे। भगवान शंकर जी ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र. परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई। यह ईश्वरीय चमत्कार था और उनकी परीक्षा जिसमें उन्होंने अपने पिता के आदेश पर तत्क्षण भी नहीं सोचा और अंततः ईश्वरीय चमत्कार से माता जी पुनः यथास्थिती में हो गई। भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था. इस वजह से हर वर्ष परशुराम जयंती इस तिथि को मनाई जाती है।महापौर श्री यादव ने अक्षय तृतीया की बधाई देते हुये कहा कि यह पर्व दान पून्य का पर्व है, इस दिन शुभकार्य करना अच्छा माना जाता है। इसलिये इस दिन बिना मुहुर्त के शादी ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्य किया जाता है। छत्तीसगढ़ में इस दिन पितरों का तर्पण अक्ती पानी देकर किया जाता है। उन्होंने सभी नगरवासियों को अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती की बधाई देते हुये सभी के लिये मंगलमय जीवन की कामना की है।महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय, एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू, ने भी नागरिकों को परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े 85 जोड़ों की सामूहिक विवाह में शामिल होकर आशीर्वाद प्रदान किया

■ **जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नगर के गणमान्य और प्रबुद्ध नागरिकगण वर और वधु दोनों पक्ष में शामिल होकर कन्या विवाह का मान बढ़ाया**

कवर्धा/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रिती-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 85 जोड़े एक साथ फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गांधी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले नव दाम्पत्य को बधाई और शुभकामनाएं दी। वर एवं वधु को पंडित ने सात वचनों का संकल्प भी दिलाया। नव दंपत्य जोड़ों को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और कैबिनेट मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने मंच पर आशीर्वाद प्रदान कर 35-35 हजार रूपए का चेकर प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू,, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवदाम्पत वर एवं वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आज पूरे सम्मान के साथ कबीरधाम जिले के 85 बेटियों की विवाह पूरे रिती-रिवाज और सामाजिक परंपरा के साथ एक आर्दश विवाह के रूप में संपन्न कराया गया। आज हम सब इस सामुहिक विवाह के साक्षी बने और नवदाम्पत्य जोड़ों को एक साथ, एक स्थान और एक मंच पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करने का अवसर भी हम सबकों मिला। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया का बहुत शुभ मुहूर्त है और आप सभी जोड़ा को बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने प्रदेश की बेटियों के जीवन में नई रौशनी और खुशहाली लाई है। यह केवल एक वित्तीय सहायता योजना नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए सम्मानजनक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में एक अनूठी धूम देखने को मिली

अक्षय तृतीया पर नवागढ़ में शादियों का माहौल, बाजार में रही रौनक

नवागढ़/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के अवसर पर नवागढ़ में एक ओर जहां शादियों का माहौल था, वहीं बाजारों में भी जमकर रौनक देखने को मिली। इस दिन को लेकर घर-घर पूजा और विवाह की तैयारियां जोरों पर थीं, और बाजार में खास तरह की हलचल थी। अक्षय तृतीया को लेकर धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में एक अनूठी धूम देखने को मिली, जिससे नवागढ़ में खुशी और उमंग का वातावरण बना।

गुड्डे-गुड़ियों की पूजा और शादियों की धूम

अक्षय तृतीया के दिन नवागढ़ में घर-घर गुड्डे-गुड़ियों की पूजा का आयोजन किया गया, जिसे परिवार में सुख-शांति और संतान सुख की कामना का प्रतीक माना जाता है। यह रिवाज कई पीढ़ियों से चला आ रहा है, और इस दिन घरों में रौनक और उल्लास का माहौल था। बच्चे और बड़े सभी श्रद्धा पूर्वक इस पूजा में शामिल हुए, जिससे परिवारों में खुशहाली का वातावरण बना।

इस खास दिन को लेकर विवाहों का आयोजन भी किया गया, क्योंकि अक्षय तृतीया को विवाह के लिए शुभ और लाभकारी माना जाता है। नवागढ़ के प्रमुख विवाह मंडपों में भव्य विवाह समारोह आयोजित किए गए, जहां दूल्हा-दुल्हन ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ शादी के बंधन में बंधे। विवाह समारोहों में पारंपरिक संगीत और नृत्य ने वातावरण को और भी रोमांचक बना दिया।

बाजार में उमड़ी खरीदारी की भीड़

अक्षय तृतीया के अवसर पर नवागढ़ के बाजारों में खासा उत्साह था। इस दिन को लेकर बाजारों में भारी खरीदारी देखने को मिली, खासकर सोने-चांदी के गहनों, वस्त्रों और पूजा सामग्रियों की। गहनों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थीं। महिलाएं और युवा खासतौर पर नए गहने खरीदने के लिए आकर्षित हो रहे थे। सोने और चांदी के गहनों पर विशेष छूट और ऑफ़र दिए जा रहे थे, जिससे खरीदारी का उत्साह और बढ़ गया।

पूजा सामग्रियों की दुकानों पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा था। लोग विशेष रूप से भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा के लिए सामग्री खरीदने पहुंचे। दीपक, अगरबत्ती, फूलों की माला, और अन्य धार्मिक सामग्री की खूब बिक्री हुई।

सुशासन तिहार में महेश को मिला किसान किताब

महासमुंद/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷सुशासन तिहार अंतर्गत बसना विकासखंड के ग्राम डूमरपाली निवासी महेश राम वर्ष से वे अपनी भूमि से जुड़ी सुविधाओं से वंचित थे, क्योंकि उनके पास ऋृण पुस्तिका नहीं थी। ऋृण पुस्तिका के अभाव में उन्हें न तो किसी बैंक से कृषि ऋृण मिल पाता था, न ही सरकारी योजनाओं का लाभ। कई बार उन्होंने प्रयास किया, लेकिन उनकी आवाज कहीं ना कहीं दबकर रह जाती थी। उन्होंने ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में अपनी समस्या दर्ज करवाई। उनकी यह छोटी सी पहल, शासन-प्रशासन की सक्रियता के चलते एक बड़ी राहत में बदल गई। तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर ने महेश राम की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की। समुचित सत्यापन के उपरांत महेश राम को उनकी ऋृण पुस्तिका प्रदान की गई।ऋृण पुस्तिका हाथ में लेते समय महेश राम की आँखों में चमक थी—यह चमक सिर्फकागज की नहीं, बल्कि विश्वास और अधिकार की थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा,÷अब मैं भी अपने खेत की उन्नति के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकूंगा। ये सुशासन तिहार मेरे लिए किसी पर्व से कम नहीं है।÷यह कहानी सिर्फएक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सुशासन की उस अवधारणा की है जहाँ हर नागरिक की समस्या को शासन स्वयं सुनता है, समझता है और उसका समाधान करता है।

संत कबीर कृषि महाविद्यालय में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया अक्ति तिहार

कवर्धा/नवप्रदेश। संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कबीरधाम में बुधवार को पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ अक्ति तिहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न अनुसंधान इकाइयों का अवलोकन कर की गई। उन्होंने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और अनुसंधान कार्यों की सराहना करते हुए इसे किसानों के हित में उपयोगी बताया। इसके पश्चात विधिवत पूजन-अर्चन की परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान बलराम, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा निवेदित की गई।

मुख्य अतिथि द्वारा कृषि तकनीकी उपकरण 'सीड डिबलर' के माध्यम से मक्के के बीज की बोआई कर अक्ति तिहार की परंपरा को आधुनिक कृषि पद्धतियों के साथ जोड़ा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्री रविशंकर नाग ने प्रभावशाली ढंग से किया, वहीं डॉ. श्याम सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से तथा जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता थीम पर आधारित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठजनों के लिए उनके अधिकारों तथा माता-पिता भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट गीताजंलि कश्यप ने बताया कि जिनकी आयु (60) वर्ष अथवा उससे ज्यादा है, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ हैं अथवा स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम अंतर्गत भरण

पोषण करने के लिए आवेदन करने के हकदार हैं। वे भरण पोषण का आवेदन वरिष्ठ नागरिक, माता पिता अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष भी पेश कर सकते हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय द्वारा अधिकतम 10 हजार रूपए तक प्रतिमाह का भरण पोषण खर्च वरिष्ठ नागरिक, माता-पिता को दिलाया जा सकता है। वरिष्ठ नागरिक या माता-पिता उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण पोषण का आवेदन पेश कर सकते हैं अथवा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के प्रावधान के अंतर्गत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में भी आवेदन पेश करने के लिए सक्षम हैं। अधिनियम में इस बात का भी प्रावधान है कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सहायता के लिए यथासंभव प्रयास करेगी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा प्रदत्त कराई जाएगी। आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साधन, स्वास्थय सुविधा पर भी चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान करूणा के बारे में बताया।

भीषण गर्मी में पशुओं से भारवाहन एवं सवारी परिवहन 30 जून तक प्रतिबंधित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए पशुओं की सहायता से चलने वाली गाडियों पर वजन ढोने एवं सवारी ले जाने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है।पशु क्रूरता निवारण परिवहन तथा कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के 6 (3) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कृषि पशुओं दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तांगे, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंटगाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर भारी वजन ढोने पर 30 जून 2025 तक प्रतिबंध लगाया गया है।

श्री योग वेदांत सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

■ **भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा मोटेरा अहमदाबाद स्थित आशारामजी आश्रम को हटाकर ओलंपिक खेल मैदान व कॉम्प्लेक्स बनाने के आदेश के खिलाफ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गुजरात के राज्यपाल एवं गुजरात के मुख्यमंत्री के नाम से सांसद, विधायक एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया । यह केवल आश्रम को बचाने की बात नहीं, हमारे सनातन मूल्यों, संस्कृति, और राष्ट्र की आत्मा को बचाने की पुकार है । जहां समाजोत्थान के अनेकों सेवाकार्य संचालित हो रहे है ।

ज्ञापन में मोटेरा-अहमदाबाद स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम, जो पिछले 53 वर्षों से सनातन संस्कृति, आत्मिक शांति और राष्ट्र सेवा का अद्वितीय केन्द्र रहा है, उस आश्रम को बचाने की माँग करते हुए हेतु ज्ञापन सौंपा गया । इस ज्ञापन सेवा में डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को, मोहला व गंडई-खैरागढ़-छुईखदान समिति द्वारा जिला कलेक्टर को तथा छुरिया समिति द्वारा तहसीलदार को एक साथ ज्ञापन सौंपा गया ।

इस संबंध में श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं संजय साहू ने बताया कि मोटेरा-अहमदाबाद स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम, यह आश्रम कोई मात्र इमारत नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, और मानव मूल्यों का जीवंत विश्वविद्यालय है । यह भूमि सनातनियों की श्रद्धा का केंद्र है – जहाँ व्यासपीठ, शिवजी का मंदिर, समाधि स्थल और संतों एवं भगवान की दिव्य मूर्तियाँ स्थित हैं । यह सेवा और मानवता का मंदिर है जहाँ रोज़ गरीबो में भंडारा, निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श, जल प्याऊ, कंबल वितरण, बाल संस्कार, और राशन कार्ड जैसी सेवाएँ निःस्वार्थ भाव से दी जाती हैं । यह आश्रम नैतिकता की प्रयोगशाला है, जहाँ महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए संस्कार शिविर, व्यसन मुक्ति अभियान, तुलसी पूजन और मातृ-पितृ पूजन जैसे आयोजन होते हैं । जहाँ वृक्षारोपण, औषधीय पौधों का संवर्धन और ÷बड़बादशाह÷ जैसे पर्यावरण प्रतीकों की परिक्रमा होती है । हमारा यह आश्रम गौसंवर्धन का केंद्र है, जहाँ गौशालाओं में गोरक्षा और गोपाष्टमी जैसे उत्सव मनाए जाते हैं एवं वैदिक परंपराओं का जीवित केंद्र है, जहाँ हवन, यज्ञ, त्रिकाल संध्या और वैदिक उत्सवों के माध्यम से ऋषियों की वाणी गूंजती है ।

अनुभव साझा किया | **मैं भगवान से उनके दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं: आयुक्त**

कामना सिंह यादव को सेवानिवृत्त होने पर निगम में दी बिदाई

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। नगर निगम के सहायक अभियंता कामना सिंह यादव सेवकाल के दौरान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। जिन्हें आज वी.सी हॉल में आयोजित बिदाई समारोह में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं तकनीकि अधिकारियों की उपस्थिति में भावभिनी बिदाई दी गयी। बिदाई समारोह में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के.राटेके व दीपक खाण्डे ने यादव को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा भविष्य निधि की राशि का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देकर यादव साहब आज सेवानिवृत्त हो रहे है। लम्बे समय तक कार्य करने से परिवार की तरह जुड़ाव हो जाता है, जिसके कारण सेवानिवृत्त होने पर तकलीफतो होती है पर शासन नियमों के तहत सेवा मुक्त होना पडता है। लेकिन आप इस निगम परिवार के सदस्य है, इसलिये आप हमसे अलग नहीं है और भावनात्मक रूप से जुडे है। उन्होने कहा कि यादव साहब ने इंजीनियर के रूप में लगन से कार्य किया मेरे समय में उन्होंने वार्ड परिसीमन के कार्यो का बखूबी निर्वाहन किया, जिससे उनकी कार्य दक्षता परिलक्षित हुई। दिन रात अपनी टीम के साथ उन्होंने परिसीमन के कार्यो को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यगत कारणों से उन्हे अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में परेशानी आई, लेकिन आज वे स्वस्थ होकर सेवानिवृत्त हो रहे है, मैं भगवान से उनके दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ।

कार्यपालन अभियंता रामटेके ने कहा कि यादव के साथ काफी लंबा समय कार्य करने का मौका मिला, कुछ माह के अंतर में हम लोगों ने निगम में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि पहले के समय में नगरीय निकायों में संसाधनों की कमी थी पर कम संसाधन में भी यादव ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया, जो हमे सीख देती है, आज शासन के सेवानिवृत्त नियम के तहत अपने कार्यो से मुक्त हो रहे है। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ।

सहायक अभियंता यादव ने कहा कि मेरे सर्विस काल में छोटे से बड़े सभी अधिकारी कर्मचारी का पूरा सहयोग मिला और पारिवारिक वातावरण में कार्य करने का अवसर मिला जिसे मं कभी भुला नहीं पाउंगा।

पीड़ित प्रतिकार निधि से परिवार को मिल सकती है राहत

कवर्धा/नवप्रदेश। किसी अपराध की घटना से पीड़ित व्यक्ति व परिवार को हुई क्षति की भरपाई के उद्देष्य से पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 लागू की गई है। विषेशकर उन घटनाओं में जहां अपराध की घटना से पीड़ित परिवार के समक्ष उत्पन्न मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक समस्याओं में राशि की आवष्यकता होती है, पीड़ित के पुनर्वास की आवश्यकता होती है। अपराध की घटना में जीवन रक्षण हेतु पीड़ित को आर्थिक भार पड़ता है, उसे उपचार कराना पड़ता है जिसमें परिवार पर आर्थिक व्ययभार पड़ता है। परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य के साथ अगर कोई अपराधिक घटना होती है तो पीड़ित परिवार के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाती है पीड़ित परिवार के मुखिया की मृत्यु हो या अपंगता से परिवार की आय में कमी होती है या आय गम्भीर रूप से प्रभावित होती है, जिसका परिवार के प्रत्येक सदस्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसी स्थिति में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के लाभ से पीड़ित परिवार को काफी राहत मिलती है। जीवन की क्षति की पूर्ति किसी भी रूप में संभव नहीं है परन्तु आर्थिक क्षतिपूर्ति से परिवार को बिखरने से रोका जा सकता है।

प्रायः देखा जाता था कि अपराध की घटना से अपराधी या हानि पहुंचाने वाले को सजा मिल जाये या वह छूट जाये किन्तु पीड़ित को हुई क्षति के लिए कोई ठोस योजना नहीं थी। समय-समय पर यह मांग उठती भी थी की पीड़ित की वेदना को समझ कर उसे न्यायोचित प्रतिकर दिलायी जा सके। द.प्र.सं. 1973 के अंतर्गत घारा 357क में इसके लिए प्रावधान किये गये हैं। इसके लिए राज्यों को पृथक से पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना तैयार कर उसे कार्यान्वित करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देषित किया गया। प्रत्येक राज्य इसके लिए ''पीड़ित प्रतिकर निधि'' बनाकर उस निधि से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित पक्ष को भुगतान किया जावेगा।

संक्षिप्त खबरें

34 हजार मूल्य का हाथभट्ठी महुआ शराब व लाहन जब्त

कसडोल/ नवप्रदेश। आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी व उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 34 हजार मूल्य का हाथभट्ठी कच्ची शराब तथा महुआ लाहन जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह वृत्त कसडोल के हसुआ बलौदा सबरिया डेरा में अवैध मदिरा विनिर्माण की सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर विशेश्वर साव,सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं वृत्त प्रभारी कसडोल के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही गई जिसमें नदी किनारे में अज्ञात व्यक्ति द्वारा डाली गई दो चढ़ी भठ्ठी नष्ट कर 120 ली अवैध कच्ची मदिरा तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।बरामद मदिरा का परिक्षण कर तथा महुआ लाहन का सेंपल कब्जे में लिया गया। बरामद मदिरा तथा महुआ लाहन का बाजार मूल्य रूपये 34,000 होना पाया। अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) तथा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।आरोपी की पतासाजी की जा रही है। आबकारी आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है।

बोर खनन से बेलसोंड़ा में पेयजल संकट से मिलेगी राहत

महासमुंद/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलसोंडा में बोर खनन होने के बाद ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या न हो, इसके लिए विधायक से मुलाकात कर गांव में बोर खनन कराने की मांग की थी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक सिन्हा ने अनुशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा। स्वीकृति के बाद साहू समाज भवन के पास बोर खनन कराया गया है। अब भीषण गर्मी में उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर ,पंचों व ग्रामवासियों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। कुछ दिनों पहले विधायक ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कोडार बांध से गांवों में निस्तारी के लिए पानी देने निर्देशित किया था। जिसके बाद गांव के चारों तालाबों को नहर के माध्यम से भरा गया है, इससे निस्तारी की समस्या भी नहीं होगी।

शराब पिलाने वाले पर कार्रवाई

महासमुंद/ नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे लुकुपाली निवासी धनेश धीवर (47) के खिलाफधारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मां बेटी से की मारपीट

महासमुंद/ नवप्रदेश। मां बेटी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। बेलसोंडा निवासी उषा देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह रोज की तरह घरेलू कार्य कर रही थी। सुबह करीब 8.30 बजे दरवाजा खटखटाने की आवाज आई। दरवाजा खोलने पर सामने खड़े सुरेंद्र धीवर ने गुस्से में कहा कि मेरी बेटी रूपा धीवर मर्डर केस की सीसीटीवी फुटेज मुझे दो, तब उन्होने कहा कि उनके पास नहीं है। उनकी बेटी रानी देवांगन भी बोली कि हमारे पास कोई सबूत नही है। इतने में सुरेंद्र धीवर गालियां देने लगा। इसी दौरान सुरेंद्र धीवर का पुत्र गोलू उर्फकौशल धीवर, रामेश्वर धीवर व गोपी धीवर ने एक राय होकर दोनों से मारपीट करने लगा। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

कसडोल विकासखण्ड में बेखौफ चल रहा अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार

■ **पर्यावरण और राजस्व को भारी नुकसान हो रही**

कसडोल/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत कसडोल, सोनाखान और टुण्ड्रा तहसीलों में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों की बाढ़ सी आ गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में ईंट की मांग बढ़ी है, जिसका फायदा उठाते हुए कई लोगों ने अवैध रूप से व्यावसायिक ईंट निर्माण का काम शुरू कर दिया है। इन ईंट भट्ठों से लाखों की संख्या में ईंटें बनाई और बेची जा रही हैं, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

कसडोल तहसील के चांटीपाली, दर्रा, चकरबाय, खर्वे, असनीद, खर्री, बिलारी तथा आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। वहीं सोनाखान तहसील के सोनाखान, महकम, कसौदी, नावागांव और टुण्ड्रा तहसील के नवापारा, परसडीह, कुम्हारी आदि गांवों में भी यही स्थिति बनी हुई है। खनिज विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए मामुली कारवाई कर दी जा रही है, जिससे अवैध ईंट भट्ठा संचालकों की हौसले बुलंद होती जा रही है, नियम कहता है कि घर उपयोग के लिए 40 हजार ईंट बना सकते हो लेकीन यहां तो लाखो का ईट बनाकर बेचा जा रहा और खनिज विभाग मुखदर्शक बने बैठ है।

खनिज उप निरीक्षक भूपेंद्र भक्त से जब इस विषय पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि चांटीपाली, दर्रा, खर्वे और असनीद के कुछ अवैध भट्ठों पर कार्रवाई की गई है। इन पर जुर्माना भी लगाया गया है और अब रॉयल्टी पर्ची जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। खनिज विभाग जब रॉयलटी पर्ची जारी करेगी उतने दिन में अवैध ईट भट् भट्ठा संचालक बनाए गए सभी ईट को बेचाकर दूसरे कार्यों में लग जाय रहेगें। इस साल रॉयाल्टी पर्ची की याद आ रही क्या? यह कारोबार कई वर्षो से चलते आ रही फिर खनिज विभाग मौन क्यो बैठे हुए थे।

सबसे चिंताजनक स्थिति वन क्षेत्रों की है, जहां अवैध ईट भट्ठों के पर्यावरण विभाग से कोइ अनुमति नही ली है जंगलों से लकड़ी काटकर ईंट पकाने का कार्य कर रहे हैं। इससे एक ओर पर्यावरण को गहरा नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर वनों का भीषण दोहन हो रहा है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत वन विभाग से की है, लेकिन वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत आने वाले सोनाखान, देवपुर, अर्जुनी और लवन परिक्षेत्रों में ईंट भट्ठा संचालक लगातार जंगलों से लकड़ियां चुरा रहे हैं, परंतु इन क्षेत्रों के वन अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि या तो वन विभाग इस मामले में उदासीन है या फिर मिलीभगत की स्थिति बन गई है।

ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध ईंट भट्ठों पर शीघ्र और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि राजस्व की हानि को रोका जा सके और वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

लू का तांडवः सीएचसी की ओपीडी में मरीजों की भीड़

हर दिन 250 से ज्यादा मरीज, 10 प्रतिशत हिट स्ट्रोक के शिकार

■ **जलस्त्रोतों में क्लोरीनेशन की सख्त जरूरत**

नवागढ़/ नवप्रदेश। गर्म हवाओं ने नवागढ़ की फिज़ा को आग में बदल दिया है। लू की चपेट में आकर बीमार हो रहे लोगों की भीड़ सरकारी अस्पताल में उमड़ रही है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि ओपीडी में हर दिन 250 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब 25 से 30 मरीज केवल लू और गर्मी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित हैं।

सीएचसी में मरीजों को तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी और बेहोशी की हालत में लाया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि ये हिट स्ट्रोक के स्पष्ट लक्षण हैं और समय पर इलाज न मिलने पर ये जानलेवा भी साबित हो सकते हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एमएम रज़ा ने जनपद और पीएचई विभाग को पत्र लिखकर नवागढ़ क्षेत्र के सभी सार्वजनिक जलस्त्रोतों - जैसे हैंडपंप, टंकियां और कुएं - में तत्काल क्लोरीनेशन करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि गर्मी में दूषित जल सेवन से डायरिया, उल्टी, बुखार और पीलिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं।

सीएचसी में इंतजामों को किया गया मजबूत

बीएमओ ने बताया कि सीएचसी में ओआरएस, ग्लूकोज, जीवन रक्षक दवाइयों और ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी दोपहर के समय बढ़ा दी गई है ताकि आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

गांवों तक पहुंची चेतावनी की आवाज : स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकर्ताओं को अलर्ट पर रखा है। वे गांव-गांव जाकर लू से बचाव की जानकारी दे रही हैं। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर न निकलें, पानी भरपूर पिएं और हल्के, सूती कपड़े पहनें।

डॉ. रज़ा की अपील

गर्मी को हल्के में न लें। अगर शरीर में असामान्य गर्मी, चक्कर, बुखार या थकान महसूस हो, तो बिना देर किए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है।÷

पारा 44 के पार, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

नवागढ़ में पारा 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है और मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिन और भी गर्म हो सकते हैं। प्रशासन और नागरिकों, दोनों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट्स अलर्ट पर : दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में किसी भी इमरजेंसी के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को तैयार रखा गया है। डॉक्टरों की टीम जरूरत पड़ने पर मौके पर पहुंचकर प्राथमिक इलाज दे रही है।

नक्सलियों के गढ़ में संचार क्रांति देश दुनिया से होगी कनेक्टिविटी

बीजापुर/ नवप्रदेश। कभी नक्सलियों के आधार इलाके के तौर पर कुख्यात रहे बीजापुर जिले के थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोण्डापल्ली में संचार क्रांति का उदय हुआ है। अब यहाँ के निवासियों को बेहतर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। जियो कंपनी द्वारा स्थापित एक नए मोबाइल टावर का 29 अप्रैल 2025 को शुभारंभ किया गया।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना ÷नियद नेल्ला नार÷ और केंद्र सरकार की ÷यू एस ओ एफ÷ योजना के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इस टावर के शुरू होने से कोण्डापल्ली के साथ-साथ कोमटपल्ली, भट्टीगुड़ा, रेखापल्ली और तुमिलगुड़ा जैसे दूरस्थ गांवों के लोगों को भी संचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जहाँ पहले कनेक्टिविटी एक बड़ी चुनौती थी।

इस विकास से ग्रामीण छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा, क्योंकि अब वे ऑनलाइन शिक्षा और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री तक आसानी से पहुँच सकेंगे।

क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर परिवहन के बीच पुलिस और प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संचार व्यवस्था को बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे अपनों से जुड़े रहने में सहायक बताया है।

वर्तमान में मोबाइल और इंटरनेट की महत्ता को देखते हुए, क्षेत्र में संचार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का यह प्रयास न केवल बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अब इस क्षेत्र के लोग देश और दुनिया से अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ सकेंगे।

शिक्षक की अभद्रता पर कार्रवाई

■ **धमकी देने वाले शिक्षक कमलेश निलंबित**

■ **पंचायत निर्वाचन के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर को रात में भेजे गाली**

कवर्धा/ नवप्रदेश। पँचायत चुनावी ड्यूटी के दौरान रिटर्निंग अधिकरी को गाली-गलौच और धमकी देना शिक्षक को भारी पड़ गया है। शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सहसपुर लोहारा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गगरिया खम्हरिया में पदस्थ शिक्षक कमलेश देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अब देवांगन का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोडला नियत किया गया है।

यह कार्रवाई संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग आर.एल. ठीकर के हस्ताक्षर से आदेशित की गई है। विभाग ने शिक्षक के कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत सख्त कदम उठाया है। मामला त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के दौरान का है, जब जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के रिटर्निंग ऑफिसर श्री विवेक गोहिया को उनके मोबाइल पर रात करीब आठ बजे दो अलग-अलग नंबरों से गाली-गलौच और धमकी भरे मैसेज और कॉल आए। जांच में यह नंबर शिक्षक कमलेश देवांगन का पाया गया। विभागीय रिपोर्ट में कहा गया कि देवांगन ने न केवल अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, बल्कि अधिकारी को 'देख लेने' की धमकी तक दी।

शिक्षा विभाग ने तत्काल हरकत में आते हुए देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन उनका जवाब असंतोषजनक और गैर-जिम्मेदाराना पाया गया। जांच में पुष्टि हुई कि शिक्षक का यह आचरण न केवल विभाग की छवि को धूमिल करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का भी खुला उल्लंघन है। जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम की रिपोर्ट के आधार पर देवांगन को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, लेकिन मुख्यालय बोडला में रहना होगा।

पानी टंकी निर्माण में ठेकेदारों की मनमानी

■ **विभागीय अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल**

■ **जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने जताई गहरी नाराजगी**

बागबाहरा/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'नल जल योजना' के तहत प्रत्येक गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। परंतु बागबाहरा ब्लॉक के अधिकांश ग्रामों में यह योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

हाल ही में जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने गांवों में स्थल निरीक्षण कर टंकी निर्माण की हकीकत जाननी चाही, जिसमें सामने आया कि अधिकांश स्थानों पर टंकी निर्माण अधूरा है, कहीं टंकी में दरारें हैं, तो कहीं बोरिंग और पाइपलाइन की व्यवस्था ही नहीं है। जबकि विभागीय रिकॉर्ड में कार्य पूर्ण दर्शाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़कर चले गए हैं, और जब उनसे बात की जाती है तो वे जवाब तक नहीं देते। ग्राम हाथीगढ़, बिहाझर, बिराजपाली, भलेसर और बोईरगांव सहित कई गांवों में निर्माण वर्षों से अधूरा है। ग्राम बिहाझर में तो टंकी शुभारंभ से पहले ही दरारें आ गईं और पानी फुहारों की तरह बहने लगा।

इस गंभीर लापरवाही को लेकर सरपंचों और ग्रामीणों ने जनपद कार्यालय पहुंचकर जनपद उपाध्यक्ष श्री तरुण व्यवहार को ज्ञापन सौंपा। श्री व्यवहार ने बताया कि विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट में 238 गांवों में से 127 ग्रामों में कार्य पूर्ण और 113 में कार्य प्रगतिरत बताया गया है, परंतु धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। फोन करने पर उनके नंबर बंद मिलते हैं और वे किसी भी प्रकार की जानकारी देने से कतराते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से ठेकेदारों को मिल रहे विभागीय संरक्षण की ओर संकेत करती है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री बलराम ध्रुव, श्रीमती काजल गजेंद्र साहू, सरपंच (बिहाझर), सहित बिराजपाली, भलेसर, बोईरगांव के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने सभी को भरोसा दिलाया कि वे इस विषय को पीएचई मंत्री और जिला कलेक्टर के समक्ष रखकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे।

बेमौसम बारिश ... | किसानों ने मुआवजा के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसल हो गई चौपट

महासमुंद/ नवप्रदेश। पिछले तीन दिनों से जिले में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की रबी फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिसके चलते सैंकड़ों किसान कलेक्टोरेट पहुंच कर कलेक्टर से मुआवजे की गुहार लगाई है।

ग्राम जलकी, छपोरा, अचानकपुर, बंदोरा, पटेवा, झलप, फुसेराडीह, बांसकुड़ा, बिरबिरा, नवागांव, खट्टा, घुघली के किसान हीरालाल निषाद, माखन लाल सेन, डालेश्वर पटेल, नरेश्वर पटेल, महेश पटेल, रोहित कुमार, मनोहर पटेल, योगेश साहू ने बताया कि एक एक गांव में सौ से भी ज्यादा किसान है और प्रत्येक गांव के 90 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गया है। किसानों का कहना है रबी फसल में जितना लागत लगाया है वो निकल पाना मुश्किल है। ऐसे में हम सब किसान को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने सिरपुर क्षेत्र, पटेवा क्षेत्र, झलप क्षेत्र के दर्जन भर से ज्यादा गांवों में ओलावृष्टि से रबी सीजन की धान की फसल बर्बाद हो गई है। धान की फसल खेतो में गिर गए हैं जिससे धान की बालियां झड़ गई है। सैकड़ों एकड़ की फसल चौपट हो गई है। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि 20 मिनट ही हुई, लेकिन ओलों की साइज 80 से 100 ग्राम थी। एक एकड़ में लगभग 20-25 हजार रुपये खर्च आता है। इसलिए शासन, प्रशासन से मुआवजे की मांग करने आए हैं। किसानों ने बताया कि कलेक्टर ने हमारी बात सुनी और जल्द ही अपर कलेक्टर के नेतृत्व में तहसीलदार, आर आई, पटवारी से नुकसान हुए फसलों का आंकलन कराने कहा।

इधर, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम यूं ही बने रहने की संभावना जताई है जिसे लेकर किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com